page 1 page 1 11/29/2020 9:04 PM Page 1

अधिकतम तापमान 23.00* » न्यूनतम तापमान 13.00* » सूर्योदय 6:56 » सूर्यास्त 17:17 » डॉलर 73.96 » यूरो 88.49 »

**छोटीबड़ीबात**


आज ही के दिन 1999 में विश्व के बडे मीटरवेव रेडियो टेलीस्कोप का पुणे के समीप नारायणगांव में उद्घाटन हुआ था।


# दैनिक भास्कर

देश का विश्वसनीय अखबार

देहरादून | वर्ष-4, अंक-104 | सोमवार 30 नवंबर 2020 | कुल पृष्ठ 12 | मूल्य 5.00 रुपये

dainikbhaskaruk.com

सिडनी में भारत ने लगाई हार की हैट्रिक पेज 10›

'बच्चन पांडे' में गैंगस्टर बनेंगे अक्षय कुमार पेज 11›

## सारसुर्खियां

### तमिलनाडु में निवार से छह की जान गई

**तिरुपति।** तमिलनाडु के तट पर पिछले सप्ताह टकराने वाले चक्रवाती तूफान निवार ने अब तक चित्तूर जिले के 21 मंडलों को 245 गांवों को प्रभावित किया है। इसमें छह लोगों की मौत हो गई। वहीं, मूसलाधार वर्षा से 245 मकान क्षतिग्रस्त हो गए। जबकि 658 हेक्टेयर कृषि भूमि और 1729.52 हेक्टेयर रोपण भूमि बर्बाद हो गई। बारिश के कारण 543.8 किलोमीटर लंबी सड़कें और 10.82 करोड़ रुपये की शहरी संपत्तियां क्षतिग्रस्त हो गई। 8012 भेड़, बकरियां और मुर्गें मारे गए हैं।

### आज भारत में नहीं दिखेगा चंद्र ग्रहण

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के उज्जैन की शासकीय वेधशाला के अधीक्षक डॉ रामप्रकाश गुप्त ने बताया है कि 30 नवंबर को होने वाला चंद्रग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। चंद्रग्रहण दोपहर में 12:00 बज कर 59 मिनट 9 सेकंड पर शुरू होगा और इसके मध्यकाल की स्थिति दोपहर 3 बजकर 12 मिनट 9 सेकंड रहेगा, जबकि इसका समापन शाम को 5 बजकर 25 मिनट 9 सेकंड पर होगा। प्रतिच्छाया ग्रहण चंद्रमा का कोई भाग पृथ्वी की वास्तविक छाया से नहीं लगता है। यह पृथ्वी के उप छाया वाले हिस्से से गुजरता है।

### अभिनेता राहुल रॉय को ब्रेन स्ट्रोक, भर्ती

**मुंबई।** सुपरहिट म्यूजिकल ड्रामा फिल्म 'आशिकी' से मशहूर हुए अभिनेता राहुल रॉय को ब्रेन स्ट्रोक आया है। रविवार को उन्हें मुंबई के नानावटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राहुल रॉय श्रीनगर में फिल्म 'कारगिल' की शूटिंग कर रहे थे। शूटिंग काफी ऊंचाई में हो रही थी। जिससे टीम के अन्य सदस्यों को भी सांस लेने में दिक्त हो रही थी। डॉक्टरों का कहना है कि राहुल के दिमाग के बाएं हिस्से में खून के थक्के जम गए हैं। उन्हें ठीक होने में अभी समय लगेगा।

### धर्मगुरु दलाई लामा का दीदार अभी नहीं

**शिमला।** तिब्बती धर्मगुरू दलाई लामा 31 दिसंबर तक अपने धर्मशाला स्थित मैक्लोडगंज निवास पर ही रहेंगे। इस दौरान उनसे मिलने-जुलने की किसी को इजाजत नहीं होगी। तिब्बती धर्मगुरू मार्च से ही मैक्लोडगंज स्थित अपने अस्थायी निवास स्थान पर हैं। कोविड-19 के प्रकोप के बीच फरवरी माह में ही दलाई लामा से मिलने पर पाबंदी लगनी शुरू हो गई थी। उनकी सेवा में 18 लोग तैनात हैं जो वहीं रहते हैं। अन्य किसी को वहां जाने की अनुमति नहीं है।

# हैदराबाद को निजाम संस्कृति से दिलाएंगे मुक्तिः शाह



हैदराबाद में रोड शो के दौरान उमड़े समर्थकों का हाथ हिलाकर अभिवादन करते शाह।

- **भ्रष्टाचार से पारदर्शिता की ओर ले जाने का किया वादा**

**हैदराबाद।** ग्रेटर हैदराबाद में निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। रविवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने यहां रोड शो कर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास किया। शाह ने कहा कि हैदराबाद को निजाम संस्कृति से मुक्ति दिलाएंगे। साथ ही हैदराबाद को भ्रष्टाचार से पारदर्शिता की ओर ले जाने का वादा भी किया।

रोड शो से पहले अमित शाह ने चारमीनार के पास भाग्यलक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना भी कर शाह ने कहा कि मां भाग्यलक्ष्मी का आशीर्वाद लिया और तेलंगाना के लोगों की सुख समृद्धि की कामना की। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अमित शाह को सीताफलमंडी तक रोड शो करना था, लेकिन समय की कमी के कारण इस रोड शो को छोटा करना पड़ा। जय श्री राम के जयकारों के बीच हुए रोड शो के बाद भाजपा कार्यालय में उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस करते हुए केसीआर और ओवैसी पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि इस बार हैदराबाद का मेयर भाजपा का ही होगा और पार्टी बहुमत हासिल करेगी। रोड शो में अपार स्नेह के लिए सिकंदराबाद का शुक्रिया। यह जबरदस्त समर्थन दर्शाता है कि तेलंगाना के लोगों का प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर पूरा विश्वास है। उन्होंने कहा कि हम हैदराबाद को नवाब, निजाम संस्कृति से मुक्त करने और यहां एक नया मिनी-इंडिया बनाने जा रहे हैं। हम हैदराबाद को एक आधुनिक शहर बनाना चाहते हैं, जो निजाम की संस्कृति से मुक्त होगा। आज यहां कोई भी गरीब बीमार होता है तो उसे मुफ्त इलाज का लाभ नहीं मिलता। प्रधानमंत्री हैदराबाद के लोगों ने लिए आयुष्मान भारत योजना लाए, ताकि गरीबों को साल में पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज का लाभ मिल सके, लेकिन राजनीतिक लाभ की वजह से इस योजना को हैदराबाद में लागू नहीं होने दिया गया। हम देश के राजनीतिक विमर्श को वंशवाद से लोकतांत्रिक की ओर ले जाना चाहते हैं। हम राज्य को भ्रष्टाचार से पारदर्शिता की ओर ले जाना चाहते हैं।

### टीआरएस व मजलिस आईटी हब बनने में रोड़ा

शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने युवाओं के लिए बहुत सारे अवसर पैदा किए हैं और यह विदेशी निवेशकों द्वारा भारत में दिखाए गए विश्वास को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने 'कहीं से भी काम करें' का रास्ता खोल दिया है। हैदराबाद में काम करने वाले आईटी पेशेवरों को इस कदम से सबसे अधिक फायदा होने वाला है। हैदराबाद में जिस प्रकार का कॉरपोरेशन टीआरएस और मजलिस के नेतृत्व में चला है, वो हैदराबाद को विश्व का आईटी हब बनाने में सबसे बड़ा रोड़ा है।

### मजलिस के इशारों पर होते हैं अवैध निर्माण

शाह ने कहा कि बारिश में हैदराबाद में पानी भरने से करीब 60 लाख लोग परेशान हुए। मजलिस के इशारों पर अवैध निर्माण होता है, इससे पानी की निकासी रुकती है। केसीआर और मजलिस ने 100 दिन की योजना का वादा किया था, इसका हिसाब हैदराबाद की जनता मांगती है।

# दूर हो रहीं 'अन्नदाता' की परेशानी

## नए कृषि सुधार कानूनों से किसानों को मिले नए अधिकार, नई संभावनाओं के द्वार खुले

- **पीएम मोदी ने गिनाए नए कृषि कानून के फायदे**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि सुधार कानूनों का रविवार को बचाव करते हुए कहा कि इन कानूनों से किसानों के लिए न केवल नए अधिकार मिले और नई संभावनाओं के द्वार खुले हैं, बल्कि बहुत कम समय में किसानों की परेशानियां भी दूर होने लगी हैं।

मोदी ने 'मन की बात' में कहा कि काफ़ी विचार विमर्श के बाद संसद ने कृषि सुधारों को कानूनी स्वरुप दिया। इन सुधारों से किसानों के अनेक बंधनों से मुक्त कर दिया है। बरसों से किसानों की जो मांग थी, वे पूरी हुई हैं। महाराष्ट्र के धुले जिले के किसान जितेन्द्र भोइजी को मिले लाभ का जिक्र करते हुए कहा कि इन अधिकारों ने बहुत ही कम समय में किसानों की परेशानियों को कम करना शुरू कर दिया है।

किसान से फसल खरीद लो, महीनों भुगतान न करो, संभवतः मक्का खरीदने वाले बरसों से चली आ रही परंपरा को निभा रहे थे। इसी तरह चार महीने तक जितेन्द्र भोइजी का भुगतान नहीं हुआ। इस स्थिति में नया कृषि कानून जितेंद्र के काम आया और उनको इसका फायदा भी हुआ। जब ऐसे कानून की ताकत हमारे किसान भाई के पास थी, तो, उनकी समस्या का समाधान तो होना ही था, उन्होंने शिकायत की और चंद ही दिनों में उनका बकाया चुका दिया गया।

**तीन दिन के भीतर फसल का भुगतानः** प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि कानूनों में यह तय किया गया है कि फसल खरीदने के तीन दिन के भीतर किसान को पूरा भुगतान करना होगा। यदि भुगतान नहीं होता है, तो, किसान शिकायत दर्ज कर सकता है। यह प्रावधान भी है कि एसडीएम को एक माह में ही किसान की शिकायत का निपटारा करना होगा।



### कोरोना पर लापरवाही अब भी घातक

मोदी ने कहा कि कोरोना से बीता साल खुशी से याद नहीं किया जाएगा और जब तक टीका नहीं आ जाता, तब तक किसी भी तरह की लापरवाही बहुत घातक हो सकती है। हम अलग-अलग, भांति-भांति के अनेक विषयों पर बात करते हैं, लेकिन एक ऐसी बात को भी एक साल हो रहा है, जिसको हम कभी खुशी से याद नहीं करना चाहेंगे। तब से लेकर अब तक पूरे विश्व ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं। कोरोना को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही अब भी बहुत घातक है। हमें कोरोना के खिलाफ लड़ाई को मज़बूती से जारी रखना है।

मन की बात सबके साथ

### संस्कृति प्रदान कर रही है भावनात्मक ऊर्जा

प्रधानमंत्री ने कोविड-19 जैसे वैश्विक संकट काल से निपटने में संस्कृति की भूमिका को अहम बताते हुए कहा कि लोगों तक तकनीक के माध्यम से भावनात्मक ऊर्जा पहुंचाने के लिए भारत की सांस्कृतिक धरोहरों को डिजीटल प्लेटफॉर्म पर लाया जा रहा है। वाराणसी के एक मंदिर से सौ साल पहले चोरी हुई देवी अन्नपूर्णा की प्राचीन प्रतिमा कनाडा से वापस आने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आपदा में संस्कृति बड़े काम आती है, इससे निपटने में अहम भूमिका निभाती है। तकनीक के माध्यम से भी संस्कृति, एक, भावनात्मक ऊर्जा की तरह काम करती है।

### गुरु नानक के संदेश से विश्व प्रभावित

मोदी ने गुरु नानक देव के 551वें प्रकाश पर्व के मौके पर उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए कहा कि कनाडा से न्यूजीलैंड तथा सिंगापुर से दक्षिण अफ्रीका तक गुरु नानक देव के संदेश मानव समाज को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित कर रहे हैं। बीते कुछ वर्षों में कई अहम पड़ाव आये और एक सेवक के तौर पर हमें बहुत कुछ करने का अवसर मिला। गुरु साहिब ने हमसे सेवा ली। मुझे महसूस होता है, कि, गुरु साहब की मुझ पर विशेष कृपा रही जो उन्होंने मुझे हमेशा अपने कार्यों में बहुत करीब से जोड़ा है।

# किसानों ने ठुकरा दी गृह मंत्री अमित शाह की अपील

- **एक दिसंबर से राज्यों में किया जाएगा प्रदर्शन**



**नई दिल्ली।** नए कृषि कानूनों को लेकर दिल्ली की सीमा पर डटे किसान संगठनों ने सरकार की बातचीत की अपील ठुकरा दी है और एक दिसंबर से सभी राज्यों में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

विरोध कर रहे किसान संगठनों के संयुक्त मंच अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति ने रविवार को कहा कि सरकार को उच्च स्तर पर किसानों से बातचीत करनी चाहिए। किसानों ने एक दिसंबर से सभी राज्यों में भी विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है। शनिवार देर शाम केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने किसानों से बातचीत करने की अपील करते हुए कहा था कि तीन दिसंबर को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर किसान संगठनों के साथ बैठक करेंगे। बयान में कहा गया है कि किसान एकजुट हैं और एक सुर में केंद्र सरकार से तीन किसान विरोधी, जनविरोधी कानूनों और तथा बिजली विधेयक 2020 की वापसी की मांग कर रहे हैं। किसान शांतिपूर्वक व संकल्पबद्ध रूप से दिल्ली पहुंचे हैं और अपनी मांग हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पंजाब और हरियाणा से भारी संख्या कुसान में सिंघु और टिकरी बार्डर पर पहुंच रहे हैं। उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के किसानों की गोलबंदी भी सिंघु बार्डर पर हो रही है।

किसानों का आरोप है कि सरकार ने उनकी मांगों और सवालों पर कोई ध्यान नहीं दिया है। सरकार की कार्यप्रणाली ने अविश्वास और भरोसे की कमी पैदा की है।

# नहीं होगा रेलवे का निजीकरणः गोयल

- **विकास के लिये निजी भागीदारी का विकल्प**



**अलवर।** केंद्रीय रेल मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि रेलवे का निजीकरण नहीं किया जाएगा। भारतीय रेल जनता की है और जनता की ही रहेगी।

पीयूष गोयल ने रविवार को अलवर जिले के डिगावडा में बांदीकुई तक 34 किलोमीटर के रेल ट्रैक का विद्युतीकरण का उद्घाटन करने के बाद कहा कि भारतीय रेल का निजीकरण नहीं किया जाएगा। इतने सालों से जो रेल का विकास होना चाहिए वह अभी तक नहीं हुआ है। इसलिए भारतीय रेल पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत भागीदारी की जा रही है। जिस स्थिति में रेल का विकास होना चाहिए था, वह अभी तक नहीं हुआ है। अगर भारतीय रेलवे इसको 50 लाख करोड रुपए खर्च करें तब जाकर रेल का विकास हो, इसलिए प्राइवेट भागीदारी का विकल्प चुना गया है। अगर कोई निजी ट्रेन चलाता है तो रेलवे का विकास ही होगा और जनता को सुविधाएं मिलेंगी। कोरोना काल में ट्रेनों की संख्या को लेकर कहा कि ट्रेनों की संख्या डिमांड के आधार पर तय की जा रही है। कोरोना महामारी को लेकर रेलवे जल्दी में नहीं है। हालात को देखते हुए ट्रेनों को चलाने का निर्णय लिया जा रहा है।

### डीएमआईसी प्रोजेक्ट में काफी तेजी

डीएमआईसी प्रोजेक्ट को लेकर गोयल ने कहा कि यह प्रोजेक्ट काफी तेज गति से चल रहा है और डेडीकेटेड फ्रंट कॉरिडोर प्रोजेक्ट की खुद हर सोमवार को मॉनिटरिंग करते हैं। यह कॉरिडोर जून 2022 में से पहले तैयार हो जाएगा। वर्ष 2022 में 15 अगस्त को जब भारत आजादी की 75 की वर्षगांठ मनाएगा उससे पहले यह कॉरिडोर शुरू हो जाएगा।

### भारत में 88 लाख मरीज कोरोनामुक्त

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के नए मामलों की रफ्तार दूसरे दिन भी धीमी रही और स्वस्थ होने वालों मरीजों की संख्या बढ़ने से सक्रिय मामले कम हुए और इसकी दर 4.83 पर आ गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 41,810 नए मरीज मिले और कुल संक्रमित 93.92 लाख हो गए। 42,298 मरीज स्वस्थ हुए, जिससे इनकी तादाद 88 लाख हो गई। सक्रिय मामलों में 984 की गिरावट के साथ यह संख्या 4.53 लाख पर आ गई। इसी अवधि में 984 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 1,36,696 हो गया है।



नई दिल्ली के बुराड़ी मैदान में रविवार को प्रदर्शन करते पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसान। एजेंसी

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह ने किया 64.12 करोड़ की लागत के ड्रीम प्रोजेक्ट का लोकार्पण, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

# सूर्याधार बांध से पैदा होंगे रोजगार के अवसरः त्रिवेंद्र

- **18 गांवों को होगा लाभ बढ़ेगा सिंचाई का रकबा**

भास्कर समाचार सेवा

**डोईवाला।** थानों न्याय पंचायत के सिल्ला चौकी मे जाखन नदी पर 64.12 करोड़ की लागत से बने सूर्याधार बांध परियोजना का रविवार को मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने जनता को समर्पित करते हुए उसका लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से दीर्घ काल तक पेयजल की समस्या का समाधान हो गया है। भविष्य में इसके माध्यम से रोजगार के तमाम अवसर पैदा होंगे।

रविवार को स्व. गजेंद्र दत नैथानी सूर्यधार बांध परियोजना का मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ लोकार्पण किया। पंडित सत्य प्रकाश तिवारी ने पूजा अर्चना संपन्न कराई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बांध के बनने से 18 गांवों की बहुसंख्यक आबादी को 75 साल तक ग्रेवीटी पानी मिलेगा। साथ ही सिंचाई का रकबा चार गुना तक बढ़ जाएगा। बांध परियोजना से रोजगार के तमाम अवसर पैदा होंगे, जिसका लाभ स्थानीय लोगों के साथ ही प्रदेश के युवाओं को भी मिलेगा। उन्होंने प्रत्येक वर्ष यहां पर महोत्सव आयोजित करने की बात भी कही। सीएम ने मार्च 2021 में सौंग नदी पर भी पुल के निर्माण का कार्य शुरू करने की बात कही।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। लोकार्पण के अवसर पर वन पंचायत सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष करन बोरा दर्जाधारी खेम सिंह पाल, ओएसडी धीरेंद्र सिंह पंवार, सिंचाई विभाग के एचओडी मुकेश मोहन, अधिशासी अभियंता वीके सिंह, ग्राम प्रधान धर्मपाल, नरदेव सिंह पुंडीर, विक्रम सिंह तोपवाल, सरिता जोशी, हिमांशु राणा, राजन गोयल, संपूरण सिंह रावत, ईश्वर रौंथाण, भारत गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।



बांध के लोकापर्ण के बाद सूर्यधार झील में बोटिंग का लुत्फ उठाते मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत।

### कुमाऊं विवि को क्यूएस एशिया रैंकिंग में स्थान

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि को एशिया विश्वविद्यालय रैंकिंग में 551-600 से बीच का स्थान मिला है, जबकि भारतीय विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में 81-85 के बीच स्थान प्राप्त हुआ है। विवि की इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय के कुलपति एवं अन्य अधिकारी गौरवान्वित हैं।

एशिया-विशिष्ट संस्करण के लिए विगत 23 नवंबर को 11 प्रमुख मापदंडों के आधार पर एशिया के विश्वविद्यालयों के प्रदर्शन की तुलना की गई, जिसमें शैक्षिक स्थिति, स्नातक रोजगार, अनुसंधान गुणवत्ता, वेब उपस्थिति, परिसर के अंतर्राष्ट्रीयकरण, अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क और प्रत्येक संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की विविधता को शामिल किया गया। किसी संस्थान की समग्र रैंकिंग तय करने के लिए इन प्रमुख मापदंडों के प्रदर्शन को आधार बनाया गया।

# बरेली में 'लव जिहाद' की पहली एफआईआर दर्ज

- **आरोपी की तलाश में बनाई गईं चार टीमें**

**बरेली।** राज्यपाल के हस्ताक्षर के बाद रविवार से लव जिहाद का नया कानून लागू होने के बाद उत्तर प्रदेश में सबसे पहले बरेली जिले के देवरनियां थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि दूसरे धर्म का युवक धर्म परिवर्तन का दबाव बनाकर निकाह करना चाहता था।

एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने बताया देवरनियां थाने में दी गई तहरीर में कहा गया है कि गांव में रहने वाला उवैश अहमद द्वारा टीका राम की बेटी को फुसलाकर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया जा रहा है। इसी आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

युवती के परिजनों के मुताबिक उवैश और उनकी बेटी एक ही कॉलेज में पढ़ते हैं। उवैश एक साल से लगातार बेटी पर दबाव डाल रहा था कि वह धर्म परिवर्तन कर उसके साथ निकाह कर ले। बदनामी के डर से शुरू में वह इस मामले को टालती रही, लेकिन बाद में विरोध किया तो उवैश अपहरण की धमकी देने लगा। फिर बेटी ने यह बात परिजनों को बताई। इसके बाद उवैश आए दिन बेटी के साथ अभद्रता करता रहा। परेशान होकर बेटी की शादी कर दी गई।

युवती के पिता का कहना है कि बीते शनिवार को उवैश घर आया और बेटी को ससुराल से घर बुलाने और धर्म परिवर्तन करा उससे निकाह की कराने का दबाव डालने लगा। पुलिस ने आरोपी की तलाश के लिये चार टीमें बनाई हैं और गिरफ्तारी के लिये दबिश शुरू कर दी गई हैं।

# देहरादून

आज ही के दिन 2012 में पूर्व प्रधानमंत्री इन्द्र कुमार गुजराल का निधन हुआ था।

# विधानसभा अध्यक्ष ने 61 जरूरतमंदों को वितरित की राशन किट

- 551वीं जयंती पर गुरु नानक देव जी को किया याद

भास्कर समाचार सेवा

**ऋषिकेश।** गुरु नानक जी की 551वीं जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार को विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल ने श्री गुरु सिंह सभा, ऋषिकेश के पदाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय पर 61 जरूरतमंदों को राशन किट का वितरण किया। इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा है कि मानव कल्याण एवं सभी जातियों के सम्मान व महिला सशक्तिकरण को लेकर गुरु नानक देव जी ने जीवन पर्यंत संघर्ष किया। उन्होंने कहा है कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए श्री गुरु नानक देव ने पारिवारिक जीवन व सुख का त्याग करते हुए दूर-दूर तक यात्राएं की और लोगों के मन में बस चुकी कुरीतियाँ को दूर करने की दिशा में काम किया।

उपेक्षित, वंचित एवं जरूरतमंदों को राशन वितरण के अवसर पर अग्रवाल ने गुरु नानक के उपदेश को रेखांकित करते हुए कहा है कि उन्होंने हमेशा समाज के कमजोर वर्ग को ऊंचा उठाने के लिए प्रयास किया। अग्रवाल ने कहा है कि गुरु नानक ने सार्थक जीवन के तीन संदेश दिए-भगवान का नाम जप करना, कड़ी मेहनत करना और जरूरतमंदों की मदद करना यह उनके तीन उपदेशों में शामिल है। इस अवसर पर श्री गुरु सिंह सभा ऋषिकेश के उपाध्यक्ष सरदार गुरबचन सिंह, सचिव सरदार इंद्रपाल सिंह, नगर पालिका ऋषिकेश के पूर्व अध्यक्ष दीप शर्मा, सरदार मक्खन सिंह, सरदार मंगा, सिंह तेजेंद्र सिंह, वीर भद्र मंडल के अध्यक्ष अरविंद चौधरी, रमेश शर्मा, महावीर चमोली, रविंदर रमोला, रविंद्र कश्यप आदि सहित अनेक लोग उपस्थित थे।



जरूरतमंदों को राशन किट वितरित करते स्पीकर।

## प्रकाश पर्व पर स्पीकर ने दी बधाई

**देहरादून।** गुरुनानक देव जी के 551 वें प्रकाश पर्व पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल ने प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि हमें एक समृद्ध एवं शांतिपूर्ण जीवन के लिए गुरु नानक देव के उपदेशों का पालन करना चाहिए। अग्रवाल ने गुरुनानक जयंती की पूर्व संध्या पर अपने शुभकामना संदेश में कहा कि गुरुनानक देव जी के व्यक्तित्व में दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्म संस्थापक, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त एवं विश्वबंधु के गुण मिलते हैं।उन्होंने शांति, दया एवं मानवता का पवित्र संदेश देने को ले चारों दिशाओं में बड़े पैमाने पर यात्राएं की थीं। इन्हें उदासी के नाम से जाना जाता है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि गुरुनानक देव जी के समग्र एवं समरस समाज बनाने के सपने को पूरा करने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने इक ओंकार का नारा दिया था, यानी ईश्वर एक है। हम सभी को गुरुनानक देव जी के संदेशों को अपने जीवन में उतारने की कोशिश करनी चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने कोरोना महामारी के चलते गुरुपर्व को आवश्यक दिशा निर्देशों का पालन कर सतर्कता बरतते हुए मनाने का आह्वान किया है।

# नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष ने की स्पीकर से भेंट

- संगठन को मजबूत करने का दिलाया भरोसा

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल के बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय पर रविवार को ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने पर जितेंद्र पोखरियाल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर अग्रवाल ने आशा व्यक्त करते हुए कहा की संगठन की ओर से योग्य कार्यकर्ता का चयन कर ओबीसी मंडल के अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी है। उस जिम्मेवारी का निर्वहन सक्रियता, लग्न एवं निष्ठा के साथ होना चाहिए। जिससे सरकार की ओर से किए जा रहे कार्य आम लोगों तक पहुंच सके। अग्रवाल ने कहा है कि अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ही पहुंचाते हैं सरकार की ओर से संचालित योजनाओं के लाभ से कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे इसकी जवाबदेही पार्टी के पदाधिकारियों की होती है। उन्होंने कहा है कि ओबीसी के क्षेत्र में अत्यंत काम करने की आवश्यकता है। इसलिए जितेंद्र पोखरियाल का चयन संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रभाकर पैन्यूली, राकेश व्यास, अशोक रावत, ज्ञानेंद्र शर्मा, पूरन जेटुडी आदि लोग उपस्थित थे।

## सारसुर्खियां

### अनियमितताओं की जांच का किया स्वागत

**देहरादून।** जिला पंचायत संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप भट्ट ने जिला पंचायत उत्तरकाशी में चल रही वित्तीय अनियमितताओं की जांच एवं योजनाओं के स्थलीय निरीक्षण का स्वागत किया है। उन्होंने डीएम द्वारा योजनाओं के स्थलीय निरीक्षण करने की सराहना की है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा भ्रष्टाचार के खिलाफ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी जिला पंचायत अध्यक्ष के वित्तीय अधिकार यथावत हैं जिला पंचायत अध्यक्ष के वित्तीय अधिकार सीज नही हुए हैं जब प्रारम्भिक जांच रिपोर्ट में वित्तीय अनियमितताओं की पुष्टि होगी तभी शाशन वित्तीय अधिकार सीज कर सकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ईमानदार मुख्यमंत्री हैं और उन्हें पूरा भरोषा है कि निष्पक्ष जांच सामने आएगी। साथ ही उन्होंने जिला पंचायत के निर्माण कार्यों की जांच का स्वागत करते हुए विधायक निधि एवं सांसद निधियों के निर्माण कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण करने की मांग की है।

# किसान आंदोलन में अलगाववादी तत्वों का प्रवेश चिंताजनक: गौतम

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय महासचिव व उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम ने कहा कि किसान हमारे भाई हैं और हम उनसे बात के लिए तैयार हैं। लेकिन कांग्रेस और अन्य दल उन्हें भ्रमित कर रहे हैं। इस आंदोलन में अलगाववादी तत्वों का प्रवेश चिंताजनक है। आम आदमी पार्टी जिसने कोरोना काल में मजदूरों को भोजन तक नहीं दिया, वह आंदोलनरत किसानों के लिए टेंट लगा रही है और भोजन की व्यवस्था कर रही है। शाइन बाग से जुड़े लोग भी इस आंदोलन में शामिल हो गए हैं। उत्तराखंड में सरकार और संगठन बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। साथ ही सरकार व संगठन में बहुत अच्छा तालमेल है। अगले विधानसभा चुनाव में उत्तराखंड में भाजपा 70 में से 60 सीटों पर विजयी होगी और पुनः सरकार बनाएगी। चुनाव में हम प्रधानमंत्री केंद्र सरकार व राज्य सरकार की उपलब्धियों के आधार पर जनता के बीच जाएंगे। बलवीर रोड स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम ने कहा कि भाजपा हमेशा जनता के बीच सेवा के लिए उपस्थित रही है। कोरोना काल में जहां अन्य दल लॉकडाउन में लॉक हो गए वहीं भाजपा कार्यकर्त्ता पूरी तरह सक्रिय रहे। कोरोना काल में जनता के जीवन की रक्षा के लिए भाजपा के 165 कार्यकर्ता बलिदान हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 4 से 7 दिसंबर तक उत्तराखंड के दौरे पर रहेंगे। नड्डा 4 दिसंबर को हरिद्वार में संतों से भेंट करेंगे और 5 से 7 दिसंबर तक संगठनात्मक बैठकों में भाग लेने के साथ मीडिया से भी बात करेंगे। नड्डा के दौरे का एक उल्लेखनीय कार्यक्रम एक बूथ समिति की बैठक होगा जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ केवल बूथ समिति के अध्यक्ष मंच पर बैठेंगे। यह भाजपा की कार्यसंस्कृति, कार्यकर्ता के सम्मान व समानता का प्रमाण है। 4 दिसंबर को नेड्डा हरिद्वार में संतों से मुलाकात करेंगे, 5 दिसंबर को मुख्यमंत्री व मंत्रिमंडल के साथ बैठक करेंगे, साथ ही कोर कमेटी की बैठक व प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन में शामिल होंगे। 6 दिसंबर को कार्यालय व विभागों की समीक्षा बैठक, प्रदेश पदाधिकारी महामंत्रियों, सांसदों विधायकों, मोर्चा अध्यक्षों, महामंत्रियों, जिला अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। मंडल स्तर व ऊपर के प्रदेश के सभी कार्यकर्ताओं के साथ वर्चुअल सार्वजनिक बैठक करेंगे। 7 दिसंबर को एक बूथ समिति की बैठक, प्रेस वार्ता, एक मंडल की बैठक, वॉलिंटियर बैठक होगी। पत्रकार वार्ता के प्रदेश सहप्रभारी रेखा वर्मा ने भी संबोधित किया।



पत्रकारों से वार्ता करते प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम।

- प्रदेश प्रभारी ने विपक्ष पर किया तीखा प्रहार, किसानों से होगी बातचीत

## प्रदेश कार्यालय पर सुनी पीएम की 'मन की बात'

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को भाजपा राष्ट्रीय महा सचिव व प्रदेश प्रभारी दुष्यन्त कुमार गौतम व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत व अन्य भाजपा नेताओं ने प्रदेश कार्यालय पर सुना। मन की बात सुनने वालों में प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र भंडारी व कुलदीप कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी डॉ. देवेंद्र कुमार भसीन, प्रदेश पदाधिकारी, विधायक , ज़िला व महानगर के अध्यक्ष व पदाधिकारी शामिल थे।

# तीन दिसंबर को सुरेश भट्ट संभालेंगे कार्यभार

**देहरादून।** भाजपा में नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री सुरेश भट्ट एक दिसम्बर को देवभूमि पहुंचेंगे। हल्द्वानी(नैनीताल) में दो दिन परिजनों व कार्यकर्ताओं के बीच गुजारने के बाद तीन दिसम्बर को भट्ट देहरादून आयेंगे।

इसी दिन सुरेश भट्ट प्रदेश कार्यालय में विधिवत कार्यभार ग्रहण करेंगे। इसके बाद सुरेश भट्ट तुरंत जेपी नड्डा के कार्यक्रम की तैयारियों में जुट जायेंगे। भारतीय जनता पार्टी ने सुरेश भट्ट की योग्यता व उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें तत्काल उत्तराखंड में प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त कर दिया है। सुरेश भट्ट में राजनीतिक विशेषज्ञ उत्तराखंड का भविष्य भी देखते हैं। सुरेश भट्ट तीन दिसम्बर को प्रदेश कार्यालय में विधिवत कार्यभार ग्रहण करने के तुरंत बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के कार्यक्रम की तैयारियों में जुट जायेंगे। जेपी नड्डा पांच दिसम्बर से उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। उत्तराखंड में 2022 के प्रारंभ में ही विधानसभा चुनाव हैं, इसके पहले हरिद्वार में कुंभ है। तीन दशकों से संघ प्रचारक के रूप में कार्य कर रहे संगठन शिल्पी सुरेश भट्ट के पास ऐसे कार्यक्रमों के सफल आयोजन का खासा अनुभव है।

## आज शपथ लेंगे नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद नरेश बंसल

**देहरादून।** उत्तराखंड से नवनिर्वाचित राज्य सभा सांसद नरेश बंसल 30 नवंबर को नई दिल्ली में राज्य सभा प्रांगण में शपथ लेंगे। बंसल रविवार को दिल्ली के लिए रवाना हो गए है। रवाना होने से पहले राज्य सभा सांसद नरेश बंसल ने कल देहरादून में राष्ट्रीय महामंत्री, प्रदेश प्रभारी एवं सासंद दुष्यन्त गौतम, सह प्रभारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सासंद रेखा वर्मा, मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत व अन्य पदाधिकारियों, मंत्रियों से भेंट की। इसके साथ ही नरेश बंसल राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए कार्यकर्ताओं से मिले व उनकीं शुभकामनाएं ली तथा उनकी समस्याओं को सुना। नव निर्वाचित राज्य सभा सांसद नरेश बंसल कल नई दिल्ली में राज्य सभा के मुख्य प्रांगण में अन्य नव निर्वाचित संसद सदस्यों के साथ शपथ लेगें। उपराष्ट्रपति व सभापति राज्यसभा वैंकया नायडू की ओर से सभी को शपथ दिलाई जाएगी। कोरोना संकट काल मे यह कार्यक्रम बहुत सूक्ष्म रखा गया है तथा कोविड -19 के सभी सरकारी नियमो का पालन करते हुए यह कार्यक्रम होगा। इसमे नेता सदन राज्य सभा, नेता विपक्ष राज्य सभा, उपनेता सदन, उत्तराखंड व अन्य प्रदेश के सांसदो के उपस्थित रहने की संभावना है।



कैम्पटी थाना

## कैम्पटी थाने के चार पुलिस कर्मी कोरोना संक्रमित

**मसूरी।** मसूरी से लगे थाना कैम्पटी में चार पुलिस कर्मियों के कोराना संक्रमित पाये जाने पर हड़कंप मच गया। जिसके चलते थाने को 48 घंटे के लिए सील कर दिया गया है। थाना कैम्पटी के चार पुलिस कर्मी कोरोना संक्रमित पाये गये जिनमें से दो को आशा कार्यकत्री ने 14 दिनों के लिए क्वारंटिन सेंटर में एकांतवास करवा दिया जबकि दो पुलिस कर्मियों को जिला टिहरी के क्वारंटिन सेंटर कोटि कालोनी टिहरी भेजा गया है। कैम्पटी थाने में चार पुलिस कर्मियों के संक्रमित होन पर थाने को आगामी 48 घंटे के लिए सील कर दिया गया है। इस घटना से पूरे कैम्पटी क्षेत्र के लोगों में भय का वातावरण बन गया है क्यों कि ये पुलिस कर्मी लगातार लोगों के संपर्क में रहें है।

# बाल गंगाधर तिलक लाइब्रेरी के सौ वर्ष हुए पूरे

भास्कर समाचार सेवा

**मसूरी।** तिलक मेमोरियल लाइब्रेरी कुलड़ी के सौ वर्ष पूरे होने एवं बाल गंगाधर तिलक की सौवीं पुण्य तिथि के मौके पर लाइब्रेरी के सभागार में उनकी प्रतिमा स्थापित की गई। इस मौके पर वक्ताओं ने तिलक के भारतीय आजादी के आंदोलन में किए गये योगदान व समाज सुधार के क्षेत्र में किए गये कार्यों को याद किया।

तिलक मेमोरियल लाइब्रेरी के सभागार में बाल गंगाधर तिलक की प्रतिमा का लोकार्पण तिलक मेमोरियल लाइब्रेरी के अध्यक्ष सरदार हरबचन सिंह एवं निर्माणकर्ता सोहम हिमालयन संस्थान के अध्यक्ष समीर शुक्ला ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए लाइब्रेरी के सचिव राकेश अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व कहा कि कोरोना काल होने के कारण प्रतिमा अनावरण का कार्यक्रम सूक्ष्म रखा गया लेकिन आने वाले वर्षों में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जायेगे।

इस मौके पर तिलक लाइब्रेरी के अध्यक्ष सरदार हरबचन सिंह ने कहा कि मसूरी में इस लाइब्रेरी का निर्माण ब्रिटिश शासन काल में हुआ जब मसूरी में एक ब्रिटिश लाइब्रेरी थी जिसमें भारतीयों के प्रवेश पर प्रतिबंध था तब उस समय में लोगों ने 1920 में बाल गंगाधर तिलक के नाम से लाइब्रेरी का निर्माण करवाया जिसमें सबसे अहम योगदान पुष्कर नाथ तन्खा का था। इस मौके पर सोहम हिमालयन संस्थान के अध्यक्ष समीर शुक्ला ने कहा कि वह इस लाइब्रेरी से 1996 से जुडे और जुडते चले गये। उन्होंने कहा कि वह तिलक के जीवन से काफी प्रभावित रहे हैं जिन्होंने देश की आजाद के साथ ही जेल में रहकर साहित्य सर्जन किया व लोगों को प्रेरणा दी । उन्होंने कहा कि मसूरी की यह लाइब्रेरी उत्तराखंड की सबसे अच्छी व्यवस्थित व अच्छी किताबों से युक्त है। व्यापार सघ अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने तिलक लाइब्रेरी से जुडे अपने संस्मरण प्रस्तुत किए व कहा कि यह मसूरी का गौरव है इसको आग्रे और अधिक बढाना चाहिए। इस मौके पर निर्माणाचार्य श्रीधर, आभा सैली, कविता शुक्ला, गिरीश ढौडियाल, नरेश आनंद, सुभाष राउतो, नितीश मोहन अग्रवाल, नीरज अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।



प्रतिमा का अनावरण करते समाजसेवी।

# विधायक गणेश जोशी ने सड़क का लोकार्पण किया

**देहरादून।** रविवार को मसूरी विधायक गणेश जोशी ने विजय कॉलोनी में विधायक निधि से स्वीकृत सात लाख 27 हजार की लागत की एक सड़क का लोकार्पण किया। विधायक गणेश जोशी ने कहा क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता में रहता है।

विधायक निधि के माध्यम से कई स्थानों पर सामुदायिक भवन का निर्माण भी किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही संभव है कि विकास जनता के द्वार तक पहुंचता है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पूनम नौटियाल, स्थानीय पार्षद सत्येंद्र नाथ, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, मंडल महामंत्री सत्येंद्र राणा, ओमप्रकाश बावड़ी आदि उपस्थित रहे।

# अगले माह प्रदेश में लगेंगे औषधि वितरण शिविर: डॉ. चौहान

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन के शिमला बाईपास जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी में मनोनीत दो चिकित्सकों डा मुकेश चौहान को प्रदेश अध्यक्ष तथा डॉ आदर्श शर्मा को प्रदेश सचिव बनने पर इनका फूल मालाओं से स्वागत एवं केन्द्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट किया गया। बैठक में एसोसिएशन का स्थापना दिवस एवं इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के अविष्कारक काउंट सीजर मैटी की जयंती 11 जनवरी को एक साथ मनाये जाने तथा कोरोना की रोकथाम एवं बचाव के लिए लोगों के शरीर में इम्यूनिटी पावर बढ़ाने के लिए निः शुल्क औषधि (बुस्टर डोज) वितरण शिविर दिसंबर माह से राज्य के सभी जनपदों में लगाने का निर्णय लिया गया।

बैठक मे एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ केपीएस चौहान ने कहा कि इएमए इंडिया अपना 32वां स्थापना दिवस एवं जयंती समारोह 11 जनवरी को आयोजित करने जा रही है जिसमे देश विदेश के इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक विशेषज्ञ, राज्य निर्माण आंदोलनकारी सम्मान परिषद व राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्षा व एसोसिएशन की संरक्षिका सुशीला बलूनी समारोह अध्यक्ष के रुप में उपस्थित रहेंगी। समारोह मे विशेषज्ञों एवं चिकित्सकों की ओर से अपने अनुभव प्रस्तुत किए जायेंगे। इस समारोह में चिकित्सकों को बैस्ट प्रैक्टिसनर अवार्ड से भी पुरस्कृत किया जाएगा। इस समारोह में ऐसे चिकित्सकों को भी कोरोना वारियर्स सम्मान से सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने कोरोना वारियर्स के रूप में कार्य किया है या चिकित्सा की है। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव डॉ एनएस टाकुली, डा सीपी रतूड़ी, डा बीके सैनी, डा एसके दिवेदी, डा कैलाश, डॉक्टर राजवंत सिंह नेगी डॉक्टर डीजी चमोला डॉक्टर गोपी किशन आदि ने अपने विचार रखें। डा अमित शर्मा, डा गोपी कृष्ण, डा एमएस कश्यप, डा डी रामकुमार, समीर यादव, डा नेपाल सिंह, डा गफ्फुर अहमद आदि चिकित्सकों को औषधि वितरण शिविरों के लिए शिविर संयोजक बनाया गया है।



बैठक के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारी।

दैनिक भास्कर
स्वात्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक संजय कुमार अग्रवाल द्वारा उत्तर भारत लाइव प्रिंटिंग प्रेस, एचसीएल कंपाउंड, सहारनपुर रोड, निरंजनपुर, देहरादून, उत्तराखंड से मुद्रित एवं 12/20, आशीर्वाद एनक्लेव, चकराता रोड देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक :** संजय कुमार अग्रवाल
**स्थानीय संपादक :** गिरीश चंद्र तिवारी*
**संपादकीय कार्यालय :** 51/5 राजपुर रोड, नियर सीएन. आई. चर्च, देहरादून, 248001
**कार्यालय :** 0135-2655500
**मोबाइल :** +91-6396754808
**website:** dainikbhaskaruk.com
Editbhaskaruk@gmail.com
*इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं प्रकाशन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी।
UTTHIN/2017/74028

## आज का राशिफल

**मेष :** आज आपको धन लाभ हो सकता है ।आज आपको अपने गुस्से पर काबू रखना होगा। आपके नए काम से आपको भविष्य में फायदा हो सकता है। बुजुर्गों का ध्यान रखें। छात्र केवल पढ़ाई पर ही ध्यान दें। कहीं यात्रा करने का अचानक प्लान बन सकता है। सेहत ठीक रहेगी।

**वृष :** आज का दिन बेहतर रहेगा। कहीं भी यात्रा करने से बचें। घरेलू जिम्मेदारी को आप अच्छी तरह से पूरा करेंगे। आज कुछ नया काम करने का मौका मिलेगा। सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेंगे। दाम्पत्य जीवन सुखी रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा होगा। आपका स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**मिथुन :** आज संपत्ति और वाहन में निवेश का मन बना सकते हैं। आमदनी के नए विकल्प बनेंगे। दिन लाभदायक और सुखद रहेगा। जीवन में जिस मौके की तलाश में हैं वह आपके हाथ जल्द ही लगेगा। कार्यक्षेत्र पर वरिष्ठ और सहकर्मियों के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। पारिवारिक मेलजोल के लिए अच्छा दिन है।

**कर्क :** आप के लिए आज का दिन शुभ रहेगा। आज भाग्य आपको कुछ अच्छे मौके देगा। पारिवारिक मामलों को लेकर निर्णय लें सकते हैं। जीवन में खुशियाँ बरकरार रहेगी। माता-पिता के साथ रिश्ते अच्छे होगें। संतान पक्ष से संबंध खुशियों से भरा रहेगा। अपने खानपान का ध्यान रखें। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा।

**सिंह :** अपने सामाजिक दायरे को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। मानसिक चिन्ता आज दूर हो सकती है। पुराने मित्रों से मिलाप होने के योग बन रहे हैं। आपका साहस और आत्मविश्वास बढ़ेगा। आय के स्त्रोतों से विशेष लाभ के योग धार्मिक यात्रा के योग जल विभागों से सफलता की प्राप्ति होगी।

**कन्या :** आपके लिए आज का दिन मिला जुला रहेगा। काम के सिलसिले में आपको अच्छे नतीजे मिलेंगे। आपके काम सराहना भी मिलेगी। आपका पूरा ध्यान आपके परिवार पर रहेगा। जीवनसाथी से हर तरह का सहयोग प्राप्त होगा। जीवन साथी का सहयोग रहेगा। विरोधियों से सावधान रहें। मित्रों से मुलाकात होगी।

**तुला :** आपके कामों में नई प्रगति होगी। कुछ नए सौदे होंगे जो आपको लाभ दिलाएंगे। आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आप अपनी मेहनत के बल पर लाभ कमाएंगे। नौकरीपेशा लोगों के लिए यह समय परेशानी भरा हो सकता है। आज काम का दबाव ज्यादा हो सकता हैं। दांपत्य जीवन सामान्य रहेगा। परिवार में किसी का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

**वृश्चिक :** आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर बनी रहेगी। सगे संबंधियों के व्यवहार से परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आज आपके साथ कुछ विपरीत हालात निर्मित हो सकते हैं। किसी काम के पूरा नहीं होने से तनाव बढ़ सकता है। आपको अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखना होगा। नौकरीपेशा लोगों के तबादले होने के योग बन रहे है। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**धनु :** व्यवसाय में सफलता मिलेगी। बेवजह के खर्चों में बढ़ोतरी होगी। आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। परिवार के साथ किसी यात्रा पर जाने से खुशी मिलेगी। दफ्तर में विरोधियों से सावधान रहें। पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर तनाव हो सकता है। स्वास्थ्य कुछ कमजोर रह सकता है।

**मकर :** भविष्य के लिए अपनी योजनाएं बनाएं। बचत योजनाओं में निवेश कर सकते हैं। काम का दबाव ज्यादा रहेगा। संतान पक्ष को लेकर चली आ रही दिक्कतें दूर होंगी। आज का दिन सामान्य रहेगा। पुराने निवेशों से लाभ हो सकता है। आर्थिक स्थिति और मजबूत बनाने के लिए सोच-विचार करेंगे। स्वास्थ्य आज अच्छा रहेगा।

**कुंभ :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्य में सफलता के साथ नए अवसर मिलेंगे। काफी दिनों से लंबित योजनाएं पूरी होंगी। आज बहुत कुछ जानने के लिए मिलेगा। युवाओं की कैरियर को लेकर दिक्कत दूर होगी। कारोबारियों को धन लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी भी प्रकार का जोखिम न लें। प्रेम संबंध की स्थिति बेहतर नहीं है।

**मीन :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। खुद के कामों का निपटारा करेंगे। व्यापार को बढ़ाने के लिए कोई बढ़ा फैसला ले सकते है। ऑफिस में आज आपकी प्रशंसा होगी। खर्च से परेशान हो सकते हैं। कर्ज लेना पड़ सकता है। आपको भी किसी भी हालात में घबराने की जरूरत नहीं है। अपने विचारों और मन पर काबू रखें।



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री, हरिद्वार
मो. 9837081951

# 400 करोड़ की लागत से बनेगा साइंस कॉलेज: त्रिवेंद्र

## • मुख्यमंत्री ने डोईवाला में लगाई घोषणाओं की झड़ी

भास्कर समाचार सेवा



डोईवाला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री।

**देहरादून।** मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने कहा कि डोईवाला क्षेत्र का तेजी से विकास हो रहा है। डोईवाला में सिपेट बनाया गया है। रानीपोखरी में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी बनाई जा रही है। हर्रावाला में जच्चा बच्चा के लिए मल्टी स्पेशलिटी कैंसर हॉस्पिटल बनाया जा रहा है। 400 करोड़ रूपये की लागत से साइंस कॉलेज बनाया जायेगा। जिसमें रिसर्च का काम होगा। इसके लिए जगह चिन्हित कर ली गई है। यह कॉलेज 35-40 हेक्टेयर भूमि में बनेगे। इसमें देश-विदेश के वैज्ञानिक यहां विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में आयेंगे। यह राज्य ही नहीं, बल्कि देश के लिए भी बड़ी उपलब्धि होगी। ये बात उन्होने डोईवाला में सूर्यधार झील के लोकार्पण के अवसर पर कही। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने कहा कि देहरादून में सौंग बांध एवं नैनीताल जनपद में जमरानी बांध दो महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर कार्य किया जा रहा है। सौंग बांध से 60-65 वर्षों तक देहरादून एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में ग्रैविटी वाटर उपलब्ध होगा। इससे 100 करोड़ से अधिक बिजली का खर्चा बचेगा। सौंग बांध के लिए फोरेस्ट क्लीयरेंस मिल चुकी है, राज्य सरकार का प्रयास है कि मार्च 2021 तक इसका शिलान्यास हो। रिस्पना नदी के पुनर्जीवीकरण के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। हर जनपद में झीलें बनाई जा रही है। वर्षा जल संचय एवं पानी के सोर्स को बढ़ाकर पानी की दिक्कतों को दूर करने के प्रयास किये जा रहे हैं। 2022 तक ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर को अपना निजी कनेक्शन देने का कार्य करेंगे।

## सीएम ने प्रकाश पर्व की दी बधाई

**देहरादून।** मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने गुरू नानक जयंती की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि गुरूनानक जी ने समाज की बुराईयों को दूर करने के लिए उपदेशों एवं शिक्षा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। गुरूनानक देव ने जनता को समानता एवं भाईचारे का भी संदेश दिया। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने कहा कि गुरू नानक देव जी ने हमें प्रेम, सामाजिक समरसता व शांति के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि की कामना की है।

## सीएम ने किया ईको पार्क का निरीक्षण



**देहरादून।** मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने रविवार को थानों में बनाये जा रहे ईको पार्क का निरीक्षण किया। 2.5 हेक्टेयर क्षेत्र में यह ईको पार्क वन विभाग की ओर से बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस पार्क का सौंदर्यीकरण किया जाय एवं पार्क में बच्चों को मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध हों। पार्क में नेचुरल ट्रैक, सोलर लाईट, फुलवारी, बैठने की व्यवस्थाओं आदि की पूरी व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन की गतिविधियां तेजी से बढ़ रही है। इस ईको पार्क के बनने से आस-पास के क्षेत्रों एवं पर्यटकों के लिए यह पार्क आकर्षण का केन्द्र बनेगा। राज्य में अनेक पर्यटक स्थल विकसित किये जा रहे हैं। जल, ऊर्जा, रोजगार से संबंधित राज्य में अनेक प्रोजेक्ट ऐसे हैं, जो दीर्घकालिक सोच पर आधारित है। इनका फायदा लोगों को लंबे समय तक मिलेगा।

## सीएम ने किया क्षत्रिय संदेश स्मरिका का विमोचन

**देहरादून।** मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में क्षत्रिय चेतना मंच की स्मारिका के 12 वें अंक क्षत्रिय संदेश का विमोचन किया। क्षत्रिय चेतना मंच की ओर से स्मारिका के माध्यम से इतिहास को संजोने के साथ ही समाज के हर वर्ग को जागरूक करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय चेतना मंच द्वारा सीमित संसाधन होते हुए भी समय-समय पर जन जागरूकता के कार्यक्रम चलाये जाते हैं। स्वयं सेवी भाव से लोगों की मदद की जा रही है। कोरोना काल में भी क्षत्रिय चेतना मंच द्वारा लोगों की हर संभव मदद की गई। क्षत्रिय संदेश स्मारिका के मुख्य संपादक रवि नेगी ने कहा कि इस स्मारिका में समाज के हर वर्ग की समस्याओं एवं विभिन्न पहलुओं को दर्शाने का प्रयास किया गया है। विपदा के समय जरूरतमंदों की मदद के लिए क्षत्रिय धर्म को हमेशा याद रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया है। कोरोना काल में क्षत्रिय चेतना मंच ने मास्क, सैनिटाईजर एवं राशन का वितरण किया। इस अवसर पर क्षत्रिय चेतना मंच के संरक्षक ठाकुर मोहन सिंह चौहान, संपादक मंडल से शशिकांत शाही, संजू चौहान, रेखा रावत, अशोक वर्द्धन, सुभाष पंवार आदि उपस्थित थे।

## सारसुर्खियां


### यूपीसीएल व डीएसओ ने हासिल की जीत

**देहरादून।** कुआंवाला स्थित दून क्रिकेट एकेडमी के मैदान पर खेले गए द्वितीय ऊर्जा कप 2020के टी ट्वेंटी क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले मैच में यूपीसीएल ने एफसीआई को एवं डीएसओ ने जल संस्थान को हराया यूपीसीएल ने बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 204 रन बनाए जिसमें दीपक ने 57 एवं संजय ने 28 रन की नाबाद पारी खेली, सोहनवीर एवं जोहर अली ने 2-2विकेट लिये जबाब में एफ सी आई की पूरी टीम 102 रन पर ढेर होने के कारण यूपीसीएल ने 102 रन से मैच जीत लिया। दूसरे मैच में डीएसओ ने जल संस्थान को 5 विकेट से हराया, जल संस्थान ने पूरे विकेट गवां कर 92 रन बनाये, विमल ने 15 रन की पारी खेली, दीपक, अजय एवं अरुण ने 2-2 विकेट लिये जबाब डीएसओ ने जीत के लक्ष्य को 5 विकेट पर प्राप्त कर मैच 5 विकेट से जीत लिया संजय ने 25 रन बनाये, शहजाद व संजय ने 2-2 विकेट लिये। मुख्य अतिथि डिप्टी एसपी अनिल शर्मा ने पुरस्कार वितरित किये। इस अवसर पर आयोजक किरण सिंह, राहिल राणा, नितिन बंसल, मनोज चौहान आदि उपस्थित थे।

# नाइट कर्फ्यू का अधिकार जिला प्रशासन को दिया गया

## केंद्र के बाद राज्य सरकार ने भी जारी की गाइडलाइन, बस-विक्रम के लिए अलग से जारी होगी एसओपी

भास्कर समाचार सेवा



साप्ताहिक बंदी के दौरान बंद पड़ा पल्टन बाजार।

**देहरादून।** पूरे भारत में कोरोना संक्रमण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। जिसे देखते हुए केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकारों के लिए विशेष दिशा निर्देश जारी कर दिए थे जिसके बाद अब राज्य सरकार ने भी नई गाइडलाइंस जारी कर दी हैं जिसमे कंटेनमेंट, सर्विलांस, सतर्कता को लेकर कुछ विशेष बातें कही गई हैं। केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए स्थानीय स्तर पर नाइट कर्फ्यू समेत प्रतिबंधों को लगाने की इजाजत दे दी है। लेकिन अगर राज्य लॉकडाउन लगाना चाहें तो उन्हें सरकार की अनुमति लेनी होगी। ऐसे में राज्य सरकार ने जिलाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वह कोरोनावायरस को रोकने के लिए तमाम ऐतिहासिक कदम उठाएं इसके साथ साथ मास्क पहनने को लेकर सख्ती बरतने के भी निर्देश दिए गए हैं। वहीं भीड़भाड़ वाले इलाकों में सोशल डिस्टेंसिंग कैसे पालन हो इसको लेकर गृह मंत्रालय के निर्देशों का ही पालन किया जाएगा। अभी ट्रेन और हवाई यात्रा को लेकर तख्त निर्देश जारी हुए हैं वहीं अगर जरूरत पड़ी तो ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट बस-विक्रम आदि के लिए भी अलग से गाइडलाइन जारी करेगा। गाइडलाइंस के अनुसार, राज्य को कंटेनमेंट जोन में कड़ाई के साथ नियमों को लागू करना होगा। वहीं, 65 साल से ज्यादा आयु के व्यक्तियों और 10 साल से कम उम्र के बच्चों को घर में रहने की सलाह दी गई है। यह गाइडलाइंस 1 से लेकर 31 दिसंबर तक प्रभावी रहेगी। गृह मंत्रालय ने कहा कि कंटेनमेंट जोन में सिर्फ जरूरी गतिविधियों की ही इजाजत दी जाएगी। कंटनमेंट जोन में नियमों को कड़ाई के साथ लागू करने की जिम्मेदारी स्थानीय जिला, पुलिस और निगम अथॉरिटीज की होगी। इसके साथ ही, राज्य और केन्द्र शासित प्रदेश संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर जिम्मेदारी सुनिश्चित करेंगे। गृह मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में यह कहा गया है कि सर्विलांस टीम घर-घर जाकर सर्विलांस करेगी और कोविड-19 मरीजों का उपचार सुविधाओं के साथ फौरन आइसोलेशन सुनिश्चित की जाएगी। गृह मंत्रालय ने कहा है कि राज्यों को भी कार्यालयों में सोशल डिस्टेंसिंग को लागू करने की आवश्यकता है। वहीं गाइड लाइन में जिला प्रशासन को नाइट कर्फ्यू लगाने का अधिकार तो दिया गया है लेकिन लॉकडाउन लगाने का

### साप्ताहिक बंदी का रहा व्यापक असर

**देहरादून।** कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए देहरादून जिले के बाजारों में रविवार को पूर्ण साप्ताहिक बंदी रखी गई। केवल आवश्यक सेवाओं की दुकानें ही खुली रखने के निर्देश दिए गए थे। बता दें कि जिला प्रशासन ने दून में रविवार के दिन साप्ताहिक बंदी लागू की थी। लेकिन, त्योहारों के दौरान साप्ताहिक बंदी में छूट दी गई थी। इस दौरान कोरोना के मामले बढ़ने के बाद जिला प्रशासन ने इसे दोबारा लागू करने का निर्णय लिया है। शराब की दुकानों को खोलने या बंद करने को लेकर साप्ताहिक बंदी के तहत प्रशासन की तरपफ से कोई स्पष्ट आदेश ना होने की वजह से शराब की दुकानें खुली रहीं। इस दौरान कई जगह शराब की दुकान पर सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन नहीं हुआ। जिला प्रशासन के मुताबिक, साप्ताहिक बंदी में फल-सब्जी, दूध, दवा, पेट्रोल पंप और गैस एजेंसी को छोड़कर अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखे गए हैं।

### विवाह व अन्य समारोहों में सौ लोगों की अनुमति

**देहरादून।** कोरोना के बढते मामलों को देखते हुए राज्य सरकार की ओर से नई एसओपी में सिनेमा हॉलों में पचास प्रतिशत दर्शक संख्याओं के साथ खोलने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही स्वीमिंग पूलों को सिर्फ खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए कमर्शियल सभागारों को बिजनेस मिटिंग के लिए ही खोलने के निर्देश भी दिए गए हैं। सामाजिक, धार्मिक, मनोरंजन कार्यक्रम, शैक्षिक आयोजनों व सांस्कृतिक आयोजनों में हाल ही क्षमता के 50 प्रतिशत और अधिकतम सौ लोगों की उपस्थिति को ही अनुमति दी जाएगी। अब विवाह समारोहों में 200 के बजाए 100 लोगों की अनुमति कर दी गई है।

# दून के अस्पतालों में हुई 8 संक्रमितों की मौत

## • उत्तराखंड में कोरोना के 389 नए मरीज मिले

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** उत्तराखंड में रविवार को कोरोना से संक्रमित 8 मरीजों की मौत हो गई। चिंता की बात ये है कि ये सभी मौते दून के अस्पतालों में हुई है। इस तरह उत्तराखंड में मरने वाले कोरोना के मरीजों की संख्या 1222 हो गई है। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 389 नए कोरोना के मरीज मिले, इस तरह राज्य में अब तक कोरोना की चपेट में आने वाले मरीजों की संख्या 74340 हो गई है। हालांकि इसमें से 67475 लोग अस्पताल से ठीक हो कर डिस्चार्ज हों चुके हैं। राज्य में अभी भी 4970 एक्टिव मरीज है जिनका उपचार चल रहा है। प्रदेश का रिकवरी रेट 90.77% है जो पिछले दिनों की तुलना में कम हुआ है। कुल सैंपल में पॉजिटिविटी रेट 5.60% है। हेल्थ बुलेटिन जिलों की स्थिति देखें तों पिथौरागढ़ में 7 लोग संक्रमित मिले हैं। वहीं पौड़ी गढ़वाल में 57 व हरिद्वार में 49 नए मामले सामने आए हैं। इसके अलावा टिहरी गढ़वाल 24 व अल्मोड़ा में 7, चमोली में 21, चंपावत में 10, नैनीताल में 6, ऊधमसिंहनगर में 33, बागेश्वर 2 व उत्तरकाशी में 18 और रुद्रप्रयाग में 9 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव है। रविवार को प्रदेश में 278 मरीजों को ठीक होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दी गई है इनमें बागेश्वर दो, देहरादून 205 , पिथौरागढ़ 46, रुद्रप्रयाग 13, उत्तरकाशी 9 और पौड़ी गढ़वाल के 3 मरीज शामिल है। उत्तराखंड में अब तक 1327 314 लोगों की जांच हो चुकी है, जिनमें 1252 974 की जांच नेगेटिव आई है। कोरोना वायरस के कारण जिन 1222 मरीजों की मौत हुई है, उनमें सबसे ज्यादा देहरादून 677, हरिद्वार 135, नैनीताल 168 और उधम सिंह नगर के 103 मरीज शामिल है। इस तरह रविवार को कुल 389 मरीजों को कोरोना संक्रमण के चलते कोविड केयर सेंटर में भर्ती कराया गया है।



## 15 सिंहो ने अमृत पान किया

श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में गुरुद्वारा गोविंद नगर रेस कोर्स में रविवार को अमृत संचार का प्रबंध किया गया है जिस में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर ककारो की सेवा की गई। धर्म प्रचार कमेटी के पांच प्यारो ने अमृत छकाया गया जिस में 15 सिंहो ने अमृत पान किया। अमृत पान करने के बाद गुरु का लंगर भी छकाया गया।

# उच्च शिक्षा राज्य मंत्री का आवास घेरेगी एनएसयूआई

## • प्रदेश सरकार के दो फैसलों पर जताई नाराजगी

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** उच्च शिक्षा में प्रदेश सरकार के दो फैसलों पर एनएसयूआई ने सख्त नाराजगी जताई है। इसके विरोध में कार्यकर्ता एक दिसंबर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत के आवास का घेराव करेंगे। एनएसयूआई ने सरकार से महाविद्यालय व छात्र विरोधी फैसले वापस लेने की मांग की है। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष मोहन भंडारी में बताया कि उच्च शिक्षा को लेकर प्रदेश सरकार ने जिस प्रकार से दो महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं, वह पूरी तरह अनुचित हैं। इसमें से पहला है कि अशासकीय महाविद्यालयों से छात्रनिधि का 50 प्रतिशत रुपया उच्च शिक्षा निदेशालय को स्थानांतरित किया जाएगा। इस कारण एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी समेत अन्य दो महाविद्यालयों से पौने 2 करोड़ रुपए लिए जा चुके हैं। राज्य सरकार का दूसरा फैसला है प्रदेश के 18 अशासकीय महाविद्यालयों के अनुदान को रोकना। इस फैसले कारण महाविद्यालयों के शिक्षक कर्मचारी परेशान हैं और आंदोलन कर रहे हैं। निश्चय ही कालेजों का अनुदान बंद होने से छात्र-छात्राओं को भी नुकसान होगा।

## कांग्रेस ने की दुकाने खुली रखने की मांग

**देहरादून।** महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लाल चंद शर्मा नें जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन के माध्यम से उन्होनें कहा है कि शादी विवाह के मौके को मद्देनजर रखते हुए साप्ताहिक बंदी में हलवाई, मिष्ठान, बेकरी, सैलून व्यवसाय की दुकानों को खोलनें की अनुमति दी जाए। उन्होनें कहा कोरोना महामारी के बढ़ते मामलों के मद्देजनर प्रशासन की ओर से दून में साप्ताहिक बंदी लागू करनें का फैसला लिया गया है जिसके तहत सभी प्रतिष्ठानों को बंद रखनें के निर्देश जारी किये गये हैं परन्तु शराब की दुकानों को इसमें छूट की गई है। उन्होनें कहा कि वर्तमान में शादी-विवाह का सीजन चल रहा है तथा लोगों के घरों में विवाह समारोह पूर्व से निर्धारित हो चुके है।

# कला एवं सांस्कृतिक क्षेत्र की विभूतियां सम्मानित

भास्कर समाचार सेवा


कलाकारों को सम्मानित करते कांग्रेस नेता धस्माना।

**देहरादून।** सांस्कृतिक व सामाजिक गतिविधियों में अग्रणीय संस्था कलाश्रय के तत्वावधान में आयोजित तृतीय सरस्वती साधना सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसका शुभारंभ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने दीप प्रज्वलित कर किया। शुभारंभ करने के पश्चात उन्होंने कला व संस्कृति के क्षेत्र की विभिन्न विभूतियों को अंगवस्त्र व सम्मान पत्र तृतीय सरस्वती साधना सम्मान 2020 भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान पाने वालों में पद्म भूषण विश्व मोहन भट्ट ,अनुराधा पाल, पद्मश्री उमकांत रमाकांत गुंडेचा, प्रसिद्ध उत्तराखंडी लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी, एसके झा, रामचंद्र भावसार, डा लालिमा वर्मा, कांता प्रसाद मिश्र, नंद किशोर हटवाल, पद्मश्री लीलाधर जगूडी, डा शशि झा, उर्दू शायरी में नदीम बर्नी, अभिनव गोयल प्रमुख थे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे धस्माना ने आयोजन के लिए कलाश्रय एवं मूलाधार संस्थाओं को बधाई देते हुए कहा कि कला एवं संस्कृति लोगों को जोड़ती है, क्योंकि कलाकार की पहचान उसके जाति व धर्म से नहीं होती बल्कि उसकी पहचान उसकी कला से होती है। इस अवसर पर देश के प्रसिद्ध बांसुरी वादक सौभाग्य गंधर्व ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलन के बाद आराधना शर्मा अंकित सजवाण व मोहित नेगी ने शिव स्तुति से संगीत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की निज़ामत कलाश्रय के संस्थास्पक हिमांशु दरमोडा ने की। इस अवसर पर कांग्रेस नेता महेश जोशी, ताज होटल ऋषिकेश के महा प्रबंधक पीके शर्मा, लेखक रमेश सप्रू, विजय थपलियाल भी उपस्थित रहे।

## वीर गोरखा कल्याण समिति की ओर से किया गया खलंगा ब्रेवरी वॉक 2020 का आयोजन

# युद्ध स्मारक में किया खलंगा युद्ध के वीरों को याद

भास्कर समाचार सेवा



खलंगा ब्रेवरी वॉक 2020 में शामिल प्रतिभागी।

**देहरादून।** कोविड 19 महामारी के कारण इस वर्ष राजधानी के सागरताल नालापानी में खलंगा ब्रेवरी वॉक 2020 पद यात्रा का सूक्ष्म स्तर पर आयोजन किया गया। इस वीरता पद यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि जीओसी सब एरिया मेजर जनरल आरएस ठाकुर व अति विशिष्ट अतिथि (राज्यमंत्री) अध्यक्ष गोरखा कल्याण परिषद टीडी भूटिया, अध्यक्ष श्रवण सिंह प्रधान वीर गोरखा कल्याण समिति ने हरी झंडी दिखाकर किया। खलंगा ब्रेवरी वॉक 2020 का आयोजन रविवार को खलंगा द्वार नालापानी से शुरू की गई। जिसके बाद वर्ष 1814 में हुए खलंगा युद्ध के वीर-वीरांगनाओं को याद करते हुए खलंगा युद्ध स्मारक में श्रद्धांजलि सभा का अयोजन किया गया। खलंगा ब्रेवरी वॉक 2020 के दौरान प्रख्यात व सुप्रसिद्ध गायिका कुमारी शिकायना मुखिया, जेबी राई व सुनीता बिष्ट की ओर से देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि मेजर जनरल आरएस ठाकुर ने खलंगा ब्रेवरी वॉक 2020 के प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। खलंगा ब्रेवरी वॉक 2020 के दौरान वीर गोरखा कल्याण समिति अध्यक्ष श्रवण सिंह प्रधान ने कहा कि यह पैदल यात्रा उन वीर गोरखा सैनिकों के शौर्य व पराक्रम की गाथा को समर्पित है। जो अंग्रेजी सेना के साथ युद्ध करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। उन्होंने प्रतिभागियों को बलभद्र खलंगा के सम्पूर्ण इतिहास की जानकारी दी। खलंगा पद यात्रा का आयोजन वीर गोरखा कल्याण समिति, हेल्प क्रॉस ट्रस्ट के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की सहभागिता एवं शांति फाउंडेशन के सहयोग किया गया। कार्यक्रम का संचालन देविन शाही ने किया। इस कार्यक्रम में वीर गोरखा कल्याण समिति के संरक्षक व पूर्व राज्य मंत्री सारिका प्रधान व शांति फाउंडेशन के महासचिव पूर्वा सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी व (उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष क्रीड़ा भारती) अरुण सूद, (प्रदेश अध्यक्ष हमरो स्वाभिमान) कमला थापा, कमल थापा, उर्मिला तामांग, सूर्य विक्रम शाही, महासचिव विशाल थापा, सचिव देविन शाही कोषाध्यक्ष टेकू थापा आदि लोग मौजूद रहे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड ,उत्तराखण्ड जल संस्थान**

लेन नं0 1, तरुण विहार मोथेरोवाला रोड, देहरादून 248001,
दूरभाष/फैक्स –0135–2671940, E-Mail- eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक: 3868/ई–निविदा/2020–21 — दिनांक : 28.11.2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महाकुम्भ मेला 2021 में पेयजल व्यवस्था के सुचारु सम्पादन हेतु उत्तराखण्ड जल संस्थान, जलकल ऋषिकेश के क्षेत्रान्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द निविदायें दिनांक 15.12.2020 की सायं 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं , जो उसी दिन सायं 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत अधिकारी द्वारा कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान देहरादून में खोली जाएंगी, निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में (राजकीय/सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर) निर्धारित शुल्क जमा कर दिनांक 14.12.2020 सायं 05.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | इकाई का नाम | पेयजल योजना का नाम | धरोहर राशी | निविदा मूल्य एवं अतिरिक्त GST@18% |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ऋषिकेश | कुम्भ मेला 2021 की व्यवस्थाओं के अन्तर्गत क्लोरीन डोज़र की आपूर्ति, अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धित कार्य। | 32500.00 | 1500+GST |
| 2 | ऋषिकेश | कुम्भ मेला 2021 की व्यवस्थाओं के अन्तर्गत अग्निशमन संयत्रों की आपूर्ति, अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धित कार्य। | 8500.00 | 500+GST |
| 3 | ऋषिकेश | कुम्भ मेला 2021 की व्यवस्थाओं के अन्तर्गत नलकूपों हेतु विद्युत सामग्री की आपूर्ति, अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धित कार्य। | 46900.00 | 2000+GST |
| 4 | ऋषिकेश | कुम्भ मेला 2021 की व्यवस्थाओं के अन्तर्गत मेला अवधि के दौरान सुचारु पेयजल आपूर्ति बनाये रखने हेतु किराये के टैंकरों की व्यवस्था | 5500.00 | 500+GST |

नोट – 1. क्रमांक 01,02,03 में अंकित निविदाओं हेतु शाखा में डी0 एवं उच्च श्रेणी (विद्युत एवं यांत्रिक) एवं क्रमांक 04 में अंकित निविदा हेतु टैंकर स्वामी निविदा क्रय करने हेतु पात्र होंगें।
2. निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी एवं शर्ते विभागीय नोटिस बोर्ड पर चस्पा हैं।

अधिशासी अभियन्ता

जल संचय, जीवन संचय

# हरिद्वार-आसपास

आज ही के दिन 1759 में दिल्ली के सम्राट आलमगिर द्वितीय की उनके मंत्री ने हत्या की थी।

## सारसुर्खियां

### वार्ड अध्यक्ष बने धीरज शर्मा

**देहरादून।** उत्तराखंड क्रान्ति दल महानगर ईकाई की बैठक मिंयावाला मिली कॉम्प्लेक्स डोईवाला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत महानगर अध्यक्ष सुनील ध्यानी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विशेषकर डोईवाला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम के वार्डो की गठन पर चर्चा की गयी। जिसमे बालावाला, हर्रावाला, नकरौंदा, नवादा आदि के गठन पर चर्चा की। इस अवसर पर हर्रावाला (97) वार्ड का अध्यक्ष पद पर धीरज शर्मा को महानगर अध्यक्ष सुनील ध्यानी द्वारा मनोनयन किया गया। बैठक में दल द्वारा पूर्व घोषित 17 दिसम्बर को मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम पर अधिक से अधिक लोगो को शामिल करने की रणनीति बनाई। इस अवसर महानगर महामंत्री लक्ष्मी प्रसाद भट्ट, महानगर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ किरण रावत कश्यप, मिनांक्षी सिंह, दिनेश सिंह पंवार आदि थे।

### इकाई का गठन

**हरिद्वार।** लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने संगठन का विस्तार करते हुए रोड़ी बेलवाला, विष्णु घाट, सीसीआर घाट, ललिता घाट आदि सहित समस्त गंगा घाटों पर फुल प्रसाद, बिंदी, चूड़ी, माला विक्रेता लघु व्यापारियों की रोड़ी बेलवाला इकाई का गठन करते हुए अध्यक्ष कुमारी मंजुल तोमर पिंकी, उपाध्यक्ष गौरव मित्तल, नितिन अग्रवाल महामंत्री अंकित कुमार, अशोक गुप्ता कोषाध्यक्ष, दीपक कुमार दीपू साहिब सह कोषाध्यक्ष, प्रेमपाल सिंह मीडिया प्रभारी, मोहित रस्तोगी, मंत्री दारा सिंह, विकास कुमार, विकी नरेश कुमार, सहायक मंत्री अशोक कुमार, शिव कुमार, प्रचार मंत्री चंद्र प्रकाश कश्यप (टूटी) सदस्य मुकेश यादव, शांति प्रसाद, दीपक कुमार बंटी, संरक्षक साधु शरण पंडित ,पुष्पा दास आदि पदाधिकारी मनोनीत किए। नवमनोनीत पदाधिकारियों का फूलमाला का स्वागत करते हुए लघु व्यापारियों के हितों के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

## आज नए डीजीपी का कार्यभार संभालेंगे अशोक कुमार

- हरिद्वार से अशोक कुमार का रहा है खास रिश्ता
- दो बार पुलिस कप्तान के रूप में दे चुके हैं सेवाएं

भास्कर समाचार सेवा

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के नए डीजीपी अशोक कुमार आज कार्यभार संभालेंगे। राज्य के ग्याहरवें डीजीपी बनने जा रहे अशोक कुमार का हरिद्वार से खास रिश्ता रहा है। राज्य के नये प्रदेश पुलिस महानिदेशक बनने जा रहे अशोक कुमार का हरिद्वार से गहरा रिश्ता रहा है। वह दो बार पुलिस कप्तान के रूप में हरिद्वार जिले की बागडोर संभाल चुके हैं। इस दौरान करीब साढ़े तीन वर्ष का उनका कार्यकाल उल्लेखनीय रहा। उन्होंने इस दौरान जनपद में न केवल बेहतर पुलिसिंग पर जोर दिया, बल्कि कानून व्यवस्था को भी मुस्तैद किया।

1989 बैच के आईपीएस अशोक कुमार पहली बार 1995-96 में हरिद्वार के एसएसपी रहे। 1989 में गठित हरिद्वार जनपद को तब अशोक कुमार के रूप में पहली बार कोई तेज तर्रार पुलिस अधिकारी मिला था। इस दौरान उन्होंने हरिद्वार के धार्मिक चरित्र के अनुरूप जनपद में पुलिसिंग के साथ बेहतर कानून-व्यवस्था पर जोर दिया। हालांकि इसी दौरान सोमवती अमावस्या स्नान के दौरान गऊ घाट पुल पर हुई भगदड़ की दुर्घटना में 22 लोग मारे गये थे। इसके बाद 2002 में उन्हें पुनः हरिद्वार का दायित्व मिला। इस कार्यकाल में उन्होंने हरिद्वार को अपराध मुक्त करने के लिए हरिद्वार के कुख्यातों को सूचीबद्ध करने का काम किया। जनता से बेहतर संवाद के लिए विशेष अवसरों पर जनता के बीच से ही 'स्पेशल पुलिस ऑफिसर' बनाने की शुरुआत भी हरिद्वार में एसएसपी रहते हुए अशोक कुमार ने ही की थी। कांवड़ मेले को सुचारू रूप से चलाने के लिए उनके सुझाव पर ही मेले में नियमित रूप से कांवड़ पटरी के उपयोग की शुरुआत हुई।

### 'खाकी में इंसान' में भी किया है प्रसंगों का उल्लेख



धार्मिक शहर होने के कारण भी अशोक कुमार का हरिद्वार से लगाव रहा है, जिसके कारण वह प्रायः हरिद्वार आते-जाते रहे हैं। अपनी चर्चित किताब 'खाकी में इंसान' में भी उन्होंने अपने हरिद्वार में रहने के दौरान के कुछ प्रसंगों का उल्लेख किया है। हरिद्वार में राजनीति, व्यापारिक, मीडिया, समाजसेवा से जुड़े अनेक लोगों से उनका परिचय है। उनके एसएसपी रहने के दौरान ही उनकी पत्नी अलकनंदा अशोक भी यहां महिला अधिकारी क्लब की अध्यक्ष के तौर पर सक्रिय रहीं व इस दौरान उन्होंने महिला कल्याण की विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बैंडमिंटन स्पर्धाओं में नाम कमा रही उनकी बड़ी बेटी कुहू गर्ग ने भी बैडमिंटन के शुरुआती गुर भेल स्टेडियम में खेलते हुए ही सीखे थे।

## छात्र को खिलाया नशीला पदार्थ, मौत

भास्कर समाचार सेवा

**बहादराबाद।** छात्र को नशीला पदार्थ का सेवन कराने पर हुई मौत को लेकर मृतक छात्र के भाई ने उसके दोस्त पर नशीला पदार्थ देने का आरोप लगाते हुए थाना बहादराबाद में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार संभल उत्तर प्रदेश के चंदौसी निवासी अनुराग तोमर ने थाना बहादराबाद में तहरीर देकर बताया कि उसका फुफेरा भाई अमन निवासी आवास विकास कॉलोनी चंदौसी बहादराबाद के ओम ब्वॉय कॉलेज में बीएमएस का कोर्स कर रहा था। उसका दोस्त निवासी फैजगंज पतंजलि के कॉलेज में बीएससी पढ़ रहा है। दोनों दोस्त हैं। शनिवार को उसके दोस्त अमन ने उसके भाई को नशीला पदार्थ का सेवन करा दिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। स्थानीय लोगों ने उसकी हालत बिगड़ते देख भूमानंद अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान 28 वर्षीय अमन की मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। थानाध्यक्ष संजीव थपलियाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## संतों के आशीर्वाद से सकुशल संपन्न होगा कुंभ: हरबीर सिंह

### कुंभ को भव्य व दिव्य रूप से संपन्न कराने में संत समाज की अहम भूमिका

- संत परंपरा से ही है भारतीय संस्कृति की पहचान
- पंचदशनाम आह्वान अखाड़े का भूमि पूजन किया गया

भास्कर समाचार सेवा

**हरिद्वार।** श्री पंचदशनाम आह्वान अखाड़े के राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमहंत सत्यगिरी महाराज ने कहा कि संत परंपरा से भारतीय संस्कृति की पहचान है और कुंभ मेला सनातन धर्म की मुख्य धरोहर है, जो भारतीय संस्कृति के स्वरूप को विदेशों में भी अनोखे रूप में प्रस्तुत करता है।

भूपतवाला स्थित श्री पंचदशनाम आह्वान अखाड़े के भूमि पूजन के दौरान श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए श्रीमहंत सत्यगिरी महाराज ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन कुंभ मेले के स्वरूप से विदेशी लोग भी प्रभावित होकर सनातन धर्म को अपना रहे हैं। अगले वर्ष हरिद्वार में गंगा तट पर होने वाले कुंभ मेले में देश दुनिया से आने वाले संत समुदाय के सानिध्य में भारतीय संस्कृति व सनातन धर्म की अनुपम व अलोकिक छठा पूरे विश्व को प्रभावित करेगी। कुंभ मेले में आने वाले संत महापुरूषों व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अखाड़े के नए भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया है।



भूमि पूजन करते अखाडों के संत व अपर मेला अधिकारी हरबीर सिंह।

अपर मेला अधिकारी हरबीर सिंह ने कहा कि कुंभ मेले जैसे विशाल आयोजन को सबके सहयोग से ही भव्य व दिव्य रूप से संपन्न कराया जा सकता है। कुंभ को भव्य व दिव्य रूप से संपन्न कराने में संत समाज की पहल व सहयोग प्रशंसनीय है। मेला प्रशासन अपनी ओर से संतों व श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए दिन रात काम कर रहा है। धर्मनगरी में प्रतिवर्ष आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को आवास सुविधा उपलब्ध कराने में संत समाज हमेशा अहम भूमिका निभाता है। कुंभ में भी संत समाज अपनी ओर से सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में आह्वान अखाड़े द्वारा भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन कराया गया है। भवन निर्माण होने पर कुंभ के अलावा भी वर्ष भर गंगा स्नान व अन्य धार्मिक कार्यो के लिए हरिद्वार आने वाले श्रद्धालुओं को आवास सुविधा मिल सकेगी।

इस दौरान आह्वान अखाड़े के संरक्षक श्रीमहंत नीलकंठ गिरी, थानापति महंत शंकरपुरी, महंत रवि गिरी, महंत गोपाल गिरी, महंत कर्ण गिरी, स्वामी जगदीशानंद गिरी, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### ज्वालापुर को कुंभ क्षेत्र से बाहर रखने का विरोध

**हरिद्वार।** आर्य नगर स्थित शिवसेना जिला प्रमुख अशोक शर्मा ने ज्वालापुर को कुंभ मेला क्षेत्र से बाहर किए जाने की आलोचना करते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में क्षेत्र की जनता सरकार को इसका जवाब देगी। आर्यनगर स्थित कैंप कार्यालय पर हुई कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान कुंभ स्नान को लेकर हुई चर्चा के दौरान अशोक शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार ज्वालापुर को कुंभ क्षेत्र से बाहर किया गया है, उससे कुंभ निधि से होने वाले विकास कार्यों का लाभ ज्वालापुर की जनता को नहीं मिल पाया।

सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जनता इसका जवाब आने वाले चुनाव में देगी। प्राचीन समय से ही कुंभ के दौरान नागा संतों की पेशवाई की शुरुआत ज्वालापुर के पुल जटवाड़ा से होती रही है, लेकिन अजीब विडंबना है कि जिस क्षेत्र से कुंभ में संतों की पेशवाई की शुरुआत होती है, उसी ज्वालापुर को सरकार ने कुंभ क्षेत्र से बाहर निकाल दिया। इसके अलावा सरकार ने स्नान कार्तिक पूर्णिमा को स्थगित कर संत समाज व श्रद्धालुओं पर कुठाराघात किया है। आबाद कुरैशी ने कहा कि यदि ज्वालापुर को कुंभ क्षेत्र में शामिल नहीं किया गया और कुंभ स्नानों पर पाबंदी लगाई गई तो शिवसेना सड़कों पर उतरकर इसका विरोध करेगी।

बैठक में चंद्रशेखर चौहान, नरेंद्र शर्मा, नरेश धीमान, आबाद कुरैशी, अनिल कुमार, गुप्ता मास्टर जगपाल सैनी, अतर सिंह चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### 11 ग्राम स्मैक के साथ दो पकड़े

**हरिद्वार।** कनखल थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो लोगों को स्मैक व इलेक्ट्रोनिक तराजू के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में एक मूल रूप से उ.प्र. के सहारनपुर तथा दूसरा जगजीतपुर का निवासी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जगजीतपुर चौकी इंचार्ज राजेंद्र सिंह रावत व कांस्टेबल पंकजी देवली व जयपाल सिंह ने चेकिंग के दौरान खोखरा तिराहे के पास संदिग्ध अवस्था में खड़े दो लोगों को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उनके कब्जे से 11.33 ग्राम स्मैक व इलेक्ट्रोनिक तराजू बरामद हुई। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम शाहनवाज मूल निवासी माई कोटा थाना नागल सहारनुर हाल निवासी गणपति धाम फेस-3 जगजीतपुर व गौरव शर्मा निवासी रामलीला ग्राउंड जगजीतपुर बताए।

### दो गिरफ्तार

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसआई खेमेंद्र सिंह गंगवार व कांस्टेबल बलवंत सिंह व सुनील ने चरण सिंह व सर्वेश निवासी भूपतवाला को भृगु आश्रम के सामने से देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

## केंद्र सरकार की योजनाओं का आम जनता को मिल रहा लाभ

- रेल मंत्रालय सदस्य मनोज गौतम ने किया प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा का स्वागत

भास्कर समाचार सेवा

**हरिद्वार।** यूपी से लोकसभा सांसद व भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा सह प्रदेश प्रभारी रेखा वर्मा के हरिद्वार आगमन पर रेल मंत्रालय के सदस्य मनोज गौतम ने डामकोठी पहुंचकर पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया।

इस दौरान रेखा वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा लागू की जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों से भाजपा की लोकप्रियता दिनों दिन बढ़ रही है। देश आर्थिक मोर्चे पर लगातार मजबूत हो रहा है। विदेशों में भी भारत का रुतबा बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार जनहित के फैसलों में निर्णायक भूमिका निभा रही है। कोरोना काल जैसी विकट परिस्थितियों में भी सरकार उचित कदम उठा रही है। कुंभ मेले को लेकर केंद्र व राज्य सरकारें गंभीरता से कार्य कर रही हैं। कुंभ के स्वरूप को भव्यता व दिव्यता प्रदान करने के लिए सरकार दिन-रात काम कर रही है। पार्टी में महिला कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान मिल रहा है, जिससे सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। पार्टी की लोकप्रियता, सरकार की नीतियों व कार्यकर्ताओं की मेहनत से अगले चुनाव में भाजपा एक बार फिर प्रचंड बहुमत के साथ प्रदेश में सरकार बनाएगी।

रेल मंत्रालय के सदस्य मनोज गौतम ने कहा कि सह प्रदेश प्रभारी रेखा वर्मा लगातार महिलाओं की समस्याओं को हल करने में अपना योगदान देती चली आ रही हैं। पार्टी में महिलाओं को उचित सम्मान दिया जाता है। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत प्रदेशवासियों के हित में जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रहे हैं। महिलाएं आत्मनिर्भर बनें व सही रूप से जीवनयापन कर सकें, इसके लिए उज्जवला योजना जैसी कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। मनोज गौतम ने कहा कि भाजपा पार्टी में शीर्ष पदों पर महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं।



रेखा वर्मा का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते मनोज गौतम।

### कांग्रेस ने किया सरकार की बुद्धि शुद्धि को यज्ञ

**हरिद्वार।** कार्तिक पूर्णिमा स्नान रद किए जाने के सरकार के फैसले पर रोष व्यक्त करते हुए कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं ने प्रदेश व केंद्र सरकार की बुद्धि शुद्धि के लिए गंगा किनारे हवन किया। शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नितिन यादव ने कहा कि उत्तराखंड की बीजेपी सरकार कोरोना महामारी के नाम पर हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ करने का काम कर रही है। पहले सरकार ने कांवड़ मेला रद किया। इसके बाद सोमवती अमावस्या स्नान और अब कार्तिक पूर्णिमा का स्नान को रद कर दिया गया। राजनीतिक आयोजनों में कोरोना के खतरे को नजरअंदाज कर चुनावो के दौरान बड़ी बड़ी रैली, जनसभाएं व रोड शो हो रहे हैं, लेकिन धार्मिक आयोजन, त्योहार व गंगा स्नान आदि पर कोरोना फैलने का अंदेशा जाहिर कर रोक लगाई जा रही है। सरकार की दोहरी नीति मंजूर नहीं है।



### अर्चना को नरेंद्र मोदी सेना महिला मोर्चा की कमान

बहादराबाद। अर्चना ढींगरा को नरेंद्र मोदी सेना उत्तराखंड की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व नरेंद्र प्रधान को नरेंद्र मोदी सेना का प्रदेश महासचिव नियुक्त किए जाने पर कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष देव शुक्ला का आभार व्यक्त किया। अर्चना ढींगरा ने नरेंद्र मोदी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष को विश्वास दिलाते हुए कहा कि वह नरेंद्र मोदी सेना के संगठन को पूरे प्रदेश में मजबूती से खड़ा कर प्रधानमंत्री की नीतियों और रीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगी। वहीं नरेंद्र मोदी सेना का प्रदेश सचिव नियुक्त किये जाने पर नरेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित देव शुक्ला का आभार व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### जल संस्थान के रिटायर्ड कर्मचारी के खिलाफ की कार्रवाई, मकान को जल संस्थान के कब्जे से वापस लिया

## अवैध कब्जों को लेकर सख्त हुआ नगर निगम

भास्कर समाचार सेवा

**रुड़की।** कोर्ट के आदेश के बाद नगर आयुक्त के निर्देश के बाद नगर निगम रुड़की ने जल संस्थान के रिटायर्ड कर्मचारी से नगर निगम के मकान को नगर निगम के कर्मचारियों ने रविवार को अपने कब्जे में ले लिया। इसके उपरांत नगर आयुक्त नूपुर वर्मा ने मकान को नगर निगम के स्थाई कर्मचारी को आवंटित कर दिया। इसके साथ ही नगर आयुक्त के निर्देश पर जल संस्थान के कर्मचारी के विरुद्ध आरसी काटे जाने की प्रक्रिया भी अमल में लाई जा रही है।



सरकारी आवास को सील करती नगर निगम की टीम।

बताते चलें कि नगर निगम के मकतूलपुरी स्थित पानी की टंकी क्वार्टर संख्या दो में जल संस्थान का सेवानिवृत्त कर्मचारी बाली राम रह रहा था, जिसने सेवानिवृत्त होने के बाद भी मकान खाली कर निगम को चाबी नहीं सौंपी, बल्कि निगम संपत्ति होने के बावजूद भी मकान की चाबी जल संस्थान को सौंप दी। इसकी सूचना मिलते ही नगर आयुक्त के आदेश पर नगर निगम की टीम में नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह, कार्यालय अधीक्षक मोहम्मद कयूम, वाद पैरोकार प्रवीण कुमार, स्वास्थ्य लिपिक जनक कुमार एवं निर्माण लिपिक ने रविवार तड़के बंद मकान पर पहुंचकर सेवानिवृत्त कर्मचारी के पुत्र, स्थानीय पार्षद शक्ति सिंह व अन्य लोगों की मौजूदगी में वीडियोग्राफी कराते हुए बंद मकान का ताला खुलवाया। मकान अंदर से खाली था। निगम टीम ने मकान का कब्जा लेकर अपना ताला लगा दिया। इसके बाद नगर आयुक्त नूपुर वर्मा ने नगर निगम के स्थायी कर्मचारी को उक्त मकान आवंटित कर दिया।

नगर आयुक्त नूपुर वर्मा ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर जल संस्थान के रिटायर कर्मचारी, जिसका नगर निगम के मकान पर ताला लगा था, जिसको कब्जे में ले लिया गया है। इसके साथ ही रिटायर्ड कर्मचारी से निर्धारित किराए की वसूली भी की जाएगी।

## कुंभ सिर पर, फिर भी लापरवाह हैं अधिकारी

भास्कर समाचार सेवा

**हरिद्वार।** भाजपा पार्षद सुनीता शर्मा ने कहा कि भूपतवाला में दूधाधारी चौक के समीप साईं गली में 15 दिनों से पानी नहीं आ रहा है। संत बाहुल्य क्षेत्र में बड़ी संख्या धर्मशाला और आश्रम मौजूद हैं और कुंभ भी सिर पर है, लेकिन अधिकारियों की कार्यशैली इतनी लचर है कि शहर में अमृत योजना के अंतर्गत सैकड़ों गलियों में सीवर लाइन डाली जा रही है। अमृत योजना व जल संस्थान के अधिकारी कुछ गलियों को अनदेखा कर रहे हैं।

प्रैस को जारी बयान में पार्षद सुनीता शर्मा ने कहा कि सरकार में अधिकारी बेलगाम हैं। वे खुद 15 दिन से अधिकारियों को फोन कर रही हैं, लेकिन कोई सुनने को तैयार नही है। सिर्फ टालमटोल करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि वे धरना देने को मजबूर होंगी। भाजयुमो पूर्व जिला उपाध्यक्ष विदित शर्मा ने कहा कि शहर में कुंभ के नाम पर पहली बार ऐसा हो रहा है कि पार्षदों से कुंभ के लिए एक भी प्रस्ताव नही मांगा गया। अधिकारी सरकार को बदनाम करने में लगे हैं। मंत्री मदन कौशिक कुंभ को लेकर चिंतित हैं, लेकिन अधिकारी सिर्फ ऑफिस में बैठकर कुंभ कराने में लगे हैं। यदि अधिकारियों ने अपना रवैया नहीं बदला तो सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान चेतन, सुंदर कुमार, रूपराम, महिंद्र, ओम प्रकाश, श्रीराम रावल, जसवंत, जय भगवान पंडित, अनिल, सुनीता सचदेवा, निशांत सचदेवा, भगवानदीन, नितिन शर्मा, राजेश चौधरी, जगत राम गिरी, विकल राठी, रितेश वशिष्ठ आदि ने भी अधिकारियों की कार्यशैली पर रोष व्यक्त किया।



बैठक के दौरान पार्षद गण।

## सारसुर्खियां

### संगठन के बिना संभव नहीं समाज का विकास

**रुड़की।** अखिल भारतीय नाथ समाज सेवा समिति प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी समाज का विकास शिक्षा व संगठन के बिना नहीं हो सकता। इकबालपुर में अखिल भारतीय नाथ समाज सेवा समिति प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन सुभाष चंद योगी समाज के लोगों की हुई बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज के नाथ, उपाध्याय, योगी व जोगी सभी एक ही समाज से ताल्लुक रखते हैं। प्रदेश में ही नहीं, पूरे देश में हमारे समाज की जनसंख्या कम है, इसलिए हमारे समाज को संगठित होने की आवश्यकता है। हमें अपने बच्चों की शिक्षा पर पूरा ध्यान देना होगा, जिससे हमारे बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर उच्च पदों पर आसीन हो सकें। उन्होंने कहा कि वे समाज के लोगों से आह्वान करते हैं कि अपने समाज के लोगों के दुख-सुख में कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करें। उन्होंने कहा कि शिक्षित होकर ही हमारा समाज विकास कर सकता है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव कर्ण सिंह, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश, योगी मोहन उपाध्याय, सत्यदेव, वीरेंद्र योगी, अनिल योगी, कंवरसैन, बिजेंद्र सिंह, अनिल कुमार, सोनिया, लालचंद, ईश्वरी देवी, रेखा, ममता देवी, पारुल देवी, सुनीता, मेनका आदि मौजूद थे।

### एसएसपी से की शिकायत

**धनौरी।** क्षेत्र के एक गांव में एक ही व्यक्ति द्वारा अपने अलग-अलग नामों से ग्राम समाज की पट्टे वाली सरकारी भूमि को अपने नाम आवंटित कराने का मामला सामने आया है। इसकी शिकायत ग्रामीण ने एसएसपी हरिद्वार से की है। शिकायतकर्ता सरित कुमार पुत्र जंगबहादुर निवासी शिवदासपुर उर्फ तेलीवाला ने एसएसपी हरिद्वार को पत्र लिखकर बताया कि उसके ही गांव का निवासी धनसिंह पुत्र मुला ने ग्राम समाज की पट्टे वाली भूमि को अपने अलग अलग नाम दर्शा कर अपने तीनों पुत्रों राकेश, किशोर, अमित एवं स्वयं के नाम पांच अलग-अलग जगह ग्राम समाज की सरकारी भूमि को आवंटित कराया है।

# साप्ताहिक बंदी के आदेश से नाराज व्यापारी, शुक्रवार के पक्ष में

भास्कर समाचार सेवा

- शुक्रवार को बाजार बंद रखने के पक्ष में हैं अधिकतर दुकानदार
- बाजार में एकत्र होकर किया प्रदर्शन

**लंढौरा।** जिलाधिकारी के गुरुवार को साप्ताहिक बंदी के आदेश से व्यापारी वर्ग में नाराजगी है। अधिकांश व्यापारी शुक्रवार को ही बाजार बंद रखने के पक्ष में हैं। व्यापारियों ने रविवार को बाजार में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी से शुक्रवार को ही बाजार बंद रखने की मांग की।

जिलाधकारी ने दो दिन पूर्व गुरुवार को साप्ताहिक बंदी का आदेश किया है, जिससे व्यापारी वर्ग में खासी नाराजगी है। रविवार को व्यापारी बाजार में एकत्रित हुए और डीएम के आदेश के खिलाफ प्रदर्शन किया। उनकी मांग थी कि साप्ताहिक बंदी शुक्रवार को ही होनी चाहिए। अधिकांश दुकानदारों का कहना है कि उन्होंने शुक्रवार को साप्ताहिक बंदी के जिलाधिकारी के आदेश का पालन किया था। सभी दुकानदार इस व्यवस्था से खुश थे, लेकिन कुछ लोग राजनीति चमकाने के लिए इसे तूल दे रहे हैं।

पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल ने कहा कि सभी दुकानदार एकजुट हैं। कुछ लोग इसे तूल देकर कस्बे के माहौल को खराब करना चाहते हैं, जिसे दुकानदार बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने जिलाधिकारी से शुक्रवार के दिन ही साप्ताहिक बंदी रखने की मांग की। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल से संबद्ध लंढौरा व्यापार मंडल अध्यक्ष मोहम्मद कामिल ने कहा कि व्यापारियों की मांग पर ही शुक्रवार का दिन नियत कराया गया था। आज भी व्यापारी वर्ग इसी व्यवस्था को चाहता है। चंद लोग इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं और कस्बे के माहौल खराब करना चाहते हैं।

प्रदर्शन करने वालों में पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष जिंदे खान, अशोक जताना, नरेश जाटव, फरमान खान, दीनानाथ, वकार अहमद, दीपू लाला, अकबर, शाहरुख आदि मौजूद थे।



साप्ताहिक बंदी के विरोध में प्रदर्शन करते व्यापारी।

### विजय दिवस पर निकाली शोभायात्रा

**रुड़की।** महानगर में भगवान वाल्मीकि के विजय दिवस के शुभ अवसर पर नगर में शोभायात्रा निकाली गई। आज के दिन भगवान वाल्मीकि के आशीर्वाद से लव कुश ने अयोध्या के राजा रामचंद्र की चतरंगी सेना को परास्त कर विजय प्राप्त की थी। इसलिए हर वर्ष भांति इस वर्ष भी वाल्मीकि समाज के लोग इस दिन को विजय दिवस के रूप में मनाते हैं और विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया जाता है। शोभा यात्रा नेहरू स्टेडियम से शुरू होकर सिविल लाइन बाजार होते हुए भगवान वाल्मीकि चौक पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में वीर इंद्रश सौदाई, मेरठ से विपिन मनौठिया, अरूण कागडा, बिजेंद्र बोहत, रवि टांक, मनोज पिवाल, लखन वाल्मीकि, पप्पू सूद, आशीष राजौर, रजनीश, अर्जुन, कमल टांक, विक्की आदि मौजूद रहे।

# बीच हाइवे पर पलटा ओवरलोडेड ट्रक

## करीब छह घंटे जाम रहा दिल्ली-देहरादून राजमार्ग, पुलिस ने बमुश्किल कराया यातायात सुचारू

**बड़ा हादसा टला**

भास्कर समाचार सेवा

**रुड़की।** दिल्ली-देहरादून हाइवे पर ओवरलोडेड ट्रक पलटने से करीब छह घंटे हाइवे पर जाम रहा। जाम के चलते हाइवे के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह यातायात सुचारू कराया।

रविवार सुबह हरिद्वार की ओर से प्लास्टिक का दाना लेकर एक ओवरलोडेड ट्रक भगवानपुर की ओर जा रहा था। सुबह करीब छह बजे जैसे ही ट्रक दिल्ली-देहरादून हाइवे पर रामपुर स्थित नवीन मंडी के सामने पहुंचा, तभी सामने से आ रहे एक वाहन को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो गया और मंडी के ठीक सामने पलट गया। जिस समय ट्रक पलटा, उस समय वहां से कोई नहीं जा रहा आ अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। ट्रक पलटने से प्लास्टिक के दाने के बोरे सड़क पर बिखर गए। ट्रक का अगला हिस्सा हाइवे के बीचों-बीच होने के चलते कुछ ही देर में जाम लग गया।

देखते ही देखते हाइवे पर वाहनों की दो किमी लंबी लाइन लग गई। जाम लगने की जानकारी के बाद पुलिस हरकत में आई। यातायात निरीक्षक मोहम्मद अकरम मौके पर पहुंचे और यातायात व्यवस्था को संभाला।

पुलिस ने जाम में फंसे वाहनों को एक-एक कर निकालना शुरू किया। वहीं पुलिस ने ट्रक को खाली कराना शुरू किया, जिससे ट्रक को हाइवे से हटाया जा सके। पुलिस ने मौके पर क्रेन भी मंगाई। दोपहर करीब 12 बजे पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक को हाइवे से हटाया। इसके बाद ही यातायात पूरी तरह से सुचारू हो सका। यातायात निरीक्षक मोहम्मद अकरम ने बताया कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई है। सुबह ट्रक पलटने से लगने वाले जाम के कारण मंडी आने वाले कारोबारियों को परेशानी हुई।

बड़े कारोबारियों से लेकर छोटे कारोबारी मंडी में सब्जी और अन्य तरह के सामान खरीदने आते हैं। सैकड़ों की संख्या में आने वाले कारोबारी और अन्य वाहन चालकों को भी जाम से जूझना पड़ा।



दिल्ली-देहरादून हाइवे पर पलटा ट्रक।

# हाइवे को ही बना डाला पार्किंग स्थल

- एनएच के अधिकारी भी बने हुए बेबस, हो चुकी हैं कई दुर्घटनाएं

**रुड़की।** निर्माणाधीन हाइवे को ही ट्रक और विक्रम ने पार्किंग स्थल बना दिया है, जिससे हाइवे पर जाम तो लग ही रहा है, साथ ही में हादसों की भी आशंका बन रही है। इसे लेकर एनएचएआइ के अधिकारी (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं। कई बार एनएएचआइ के कर्मचारियों ने अवैध कब्जा हटाने का प्रयास किया, लेकिन वाहन चालकों के आगे इनकी एक नहीं चल सकी। पुलिस भी इन पर कार्रवाई नहीं कर रही है।

सालियर से लेकर छुटमलपुर तक फोर लेन का निर्माण कार्य इसी साल पूरा हुआ है। फोर लेन पर यातायात शुरू हुए काफी टाइम भी हो गया है। हाइवे का स्वरूप भले ही बदलकर दो लेन से फोर लेन हो गया हो, लेकिन व्यवस्था जस की तस है। जिस तरह से पहले हाइवे पर सड़क किनारे वाहनों की पार्किंग होती थी। ठीक उसी तरह से फिर वाहनों की की पार्किंग हो रही है। कस्बे में ही हाइवे पर ट्रक, विक्रम, लोडर अन्य वाहन खड़े हो रहे हैं। कस्बे में नई टेलीफोन एक्सचेंज से लेकर थाने तक हाइवे के किनारे वाहन खड़े हो रहे हैं। इसके अलावा मक्खनपुर सिसौना आदि में भी ऐसा ही हाल है। इन वाहनों के खड़े होने से हादसों की आशंका बन रही है। अक्टूबर माह में देहरादून से आ रहे साकेत निवासी छात्र की कार सड़क किनारे खड़े वाहनों को बचाने के चक्कर में सड़क किनारे पोल से टकरा गई थी, जिसमें छात्र की मौके पर मौत हो गई थी। हाइवे पर कुछ समय से सड़क हादसों में भी इजाफा हुआ है। करीब नौ माह के अंदर भगवानपुर क्षेत्र में सड़क हादसों में 60 से अधिक लोग घायल हुए हैं। वहीं 5 व्यक्तियों की जान गई है।

# कोरोना के चलते रद हुआ कार्तिक पूर्णिमा स्नान





पुलिस द्वारा सील किए गए बॉर्डर पर होती वाहनों की चेकिंग।

भास्कर समाचार सेवा

- नारसन व लखनौता बॉर्डर किया सील, भारी पुलिस बल तैनात

**मंगलौर।** कोरोना के संकट की घड़ी में कार्तिक पूर्णिमा स्नान के कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है, जिसके मद्देनजर स्नाननार्थियो को घर पर इस पर्व को संपन्न करने को कहा गया है। प्रशासन द्वारा कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर उत्तराखंड के नारसन व लखनौता चौकी बॉर्डर सील कर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि बाहर से आने वाले यात्री हरिद्वार ना आ सकें। इसके साथ ही बॉर्डर पर तैनात कर्मियों को ये भी दिशा निर्देश दिए गए हैं कि आवश्यक सेवाओं को सुचारू रखें। जो लोग एंबुलेंस या अन्य माध्यम से चिकित्सा के लिए आना चाहते हैं, उन्हें किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

हरिद्वार में होने वाले कार्तिक पूर्णिमा स्नान के मद्देनजर उत्तराखंड के नारसन व लखनौता चौकी बॉर्डर पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। दो दिनों के लिए बॉर्डर को अन्य प्रदेशों से आने वाले वाहनों के लिए सील किया गया है। कोरोना काल को देखते हुए इस बार कार्तिक पूर्णिमा स्नान को रद कर स्नाननार्थियों को घर पर स्नान व पूजा संपन्न करने को कहा गया है। सोशल मीडिया, प्रिंट व इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से इसका प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है।

एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह ने बताया कि आगामी कार्तिक पूर्णिमा स्नान के मद्देनजर उत्तराखंड के नारसन बॉर्डर, मंडावर, काली नदी, लखनौता व खानपुर बॉर्डर को अन्य प्रदेशों से आने वाले वाहनों के लिए सील किया गया है।

# 10 ग्राम स्मैक के साथ एक धरा

- भागने का कर रहा था प्रयास, पुलिस ने दबोचा

भास्कर समाचार सेवा

**भगवानपुर।** थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक नशे के कारोबारी को स्मैक के साथ दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से करीब सवा 10 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष पीडी भट्ट ने बताया कि नशे की रोकथाम को आला अधिकारियों के निर्देशानुसार एक पुलिस टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम द्वारा चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान दरोगा प्रकाश राणा टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान गागलहेड़ी तिराहे के समीप एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने युवक को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह इधर उधर भागने लगा। पुलिस ने उसे कुछ ही दूरी पर धर दबोचा। तलाशी में उसके पास से 10.32 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम फान पुत्र फय्याज निवासी ग्राम सिरचंदी थाना भगवानपुर हरिद्वार बताया।



पुलिस की गिरफ्त मे स्मैक तस्कर।

# नशे में धुत युवकों ने केबिल कर्मचारी को पीटा

भास्कर समाचार सेवा

- भीड़ ने पकड़की आरोपियों को धुना, एक फरार होने में कामयाब

**रुड़की।** नशे में धुत युवकों ने पहले केबिल कर्मचारी को टक्कर मारी, फिर उस पर पथराव कर दिया। इसमें कर्मचारी चोटिल हुआ और उसका मोबाइल भी टूट गया। घटना के बाद एक आरोपित को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि दूसरा फरार है।

ढंडेरा निवासी मनोज केबिल संचालक हैं। उनके यहां मिलाप नगर निवासी आकाश कर्मचारी है। रविवार दोपहर को आकाश किसी काम से बाइक पर रुड़की आ रहा था। जैसे ही वह सेना चौक के पास पहुंचा तो सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर लगने पर आकाश नीचे गिर गया। गनीमत यह रही कि उसे किसी तरह की चोट नहीं लगी। टक्कर मारने वाला बाइक सवार और पीछे बैठा उसका साथी दोनों नशे में थे। आकाश ने जब इसका विरोध किया तो बाइक सवार युवकों ने उसकी पिटाई कर दी। यही नहीं, उन्होंने पथराव भी कर दिया, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। इसी बीच आसपास के लोग वहां पर आये और एक आरोपित को पकड़ लिया, जबकि बाइक सवार दूसरा आरोपित फरार हो गया। आक्रोशित भीड़ ने पकड़े गए आरोपित की पिटाई कर दी। आरोपित मुजफ्फरनगर निवासी है। पुलिस उसके साथी की तलाश कर रही है।



राहगीरों को मास्क व सेनेटाइजर का वितरण करते सपा कार्यकर्ता।

# कोरोनाकाल में जनता के साथ हैं सपा कार्यकर्ता

भास्कर समाचार सेवा

- पीपल चौक पर बांटे निशुल्क मास्क व सेनेटाइजर, लोगों से सतर्क रहने की अपील

**पिरान कलियर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पीपल चौक पर राहगीरों को निशुल्क मास्क व सेनेटाइजर वितरित किए।

रविवार को पीपल चौक पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को मास्क व सेनेटाइजर वितरण किए। इस दौरान समाजवादी के कार्यकर्ता मौसम अली ने कहा कि कोरोना वायरस ने तबाही मचा रखी है। भारतीय नागरिक होने के नाते हम सभी की यह जिम्मेदारी एवं दायित्व है कि हम लोगों को जागरूक करें एवं खुद भी सतर्क रहें। कोरोना को फैलने से रोकना हम सबका काम है।

सेनेटाइजर और मास्क का निशुल्क वितरण किया गया है। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता इस संकट की घड़ी में पूरी शिद्दत के साथ जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। इस दौरान हाजी खालिद, मोहम्मद वकार सिद्दीकी, अजीज चौधरी, इकराम, शायान, शाहरुख, मोहसिन, मुंतयाज, खालिद आदि मौजूद रहे।

## भाजपा का मंडलीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न, कार्यकर्ताओं को समर्पित होकर कार्य करने का किया आह्वान

# स्वदेशी और स्वाबलंबन के मंत्र से बढ़ेंगे आगेः कर्णवाल

भास्कर समाचार सेवा

**रुड़की।** झबरेड़ा के राजशाही गार्डन में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय प्रशिक्षण विभाग द्वारा झबरेड़ा नगर मंडल में मंडलीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। समापन समारोह में क्षेत्रीय विधायक देशराज कर्णवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए स्वदेशी और स्वाबलंबन के मंत्र को लेकर हम आज आगे बढ़ रहे हैं। हमें पार्टी हित में समर्पित भाव से केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचना होगा, तभी हम भारत मां के वैभव को सर्वोच्च शिखर तक पहुंचा पाएंगे।

शिविर समापन अवसर पर झबरेड़ा विधायक देशराज कर्णवाल कहा कि एक लाख 70 हजार करोड़ का प्रधानमंत्री ने गरीब कल्याण पैकेज दिया। इसके माध्यम से 80 करोड़ लोगों के राशन की व्यवस्था की गई। 20 करोड़ महिलाओं के जनधन खातों में 500 रुपये की मदद, बुजुर्गों और दिव्यांगों को आर्थिक सहायता और मनरेगा मजदूरी में वृद्धि की गई। उन्होंने कहा कि कोरोना के खिलाफ लड़ाई में 100 से ज्यादा देशों को मदद करते हुए उन्हें दवाइयां भी पहुंचाई हैं। इस लड़ाई में प्रधानमंत्री के एक-एक आह्वान को देश ने सुना और उसका समर्थन किया। उन्होंने राज्य की त्रिवेंद्र सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश, दूसरी बड़ी उपलब्धि देवस्थानम बोर्ड के गठन बताया।

उन्होंने कहा कि देवस्थानम बोर्ड एक सुधारात्मक कदम है और इससे चारधाम की व्यवस्थाएं और बेहतर होंगी। अटल आयुष्मान योजना सीधे जनता से जुड़ी हुई वो पहल ,है जिसके जरिए आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में एक बड़ी सुविधा देने का काम किया जा रहा है। कनेक्टिविटी उत्तराखंड में बढ़ रही है चाहे वह रेल कनेक्टिविटी हो, ऑल वेदर रोड की बात हो या फिर ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन, देवबंद से रुड़की रेल लाईन की योजना एवं नौकरियों में रोस्टर प्रणाली को दुरुस्त कर दलितों के समान अवसर को भी सुरक्षित रखने का ऐतिहासिक काम किया है।



प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर मौजूद विधायक देशराज कर्णवाल।

### ट्रैक्टर टैंपो की टक्कर में दो घायल

**धनौरी।** धनौरी के पास एक ट्रैक्टर की सामने से टैंपू की भिड़ंत हो गई, जिससे टैंपो चालक सहित दो घायल हो गए। दोनों को राहगीरों ने निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। बताया जा रहा हैकि महिला की हालात ज्यादा गंभीर है। उसका इलाज चल रहा है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिवदासपुर उर्फ तेलीवाला निवासी शाहिद पुत्र वहीद अपने टैंपो से धनौरी की ओर आ रहा था। टैंपो में एक महिला भी सवार थी। जैसे ही वह तेलीवाला प्राथमिक विद्यालय के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली ने उसे टक्कर मार दी। धनौरी चौकी प्रभारी यशवंत सिंह खत्री ने बताया कि अभी तहरीर नहीं आई है। तहरीर आती है तो आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान का है विशेष महत्व

भास्कर समाचार सेवा

**रुड़की।** आज कार्तिक पूर्णिमा है। इस दिन स्नान के साथ दान का भी बहुत महत्व है। इस बार कार्तिक पूर्णिमा पर सर्वार्थसिद्धि योग व वर्धमान योग बन रहे हैं।

इस योग के कारण कार्तिक पूर्णिमा का महत्व और भी बढ़ जाता है। ऐसी मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा में या तुलसी के पास दीप जलाने से महालक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। कार्तिक पूर्णिमा पर इस बार कोरोना के कारण कई जगह गंगा स्नान की अनुमति नहीं है। इसलिए श्रद्धालु घर पर नहाने के लिए रखे गए पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान का पुण्य ले सकते हैं। ज्योतिषाचार्य हरिओम भार्गव के अनुसार इस दिन किए जाने वाले दान-पुण्य समेत कई धार्मिक कार्य विशेष फलदायी होते हैं। मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा की संध्या पर भगवान विष्णु का मत्स्यावतार हुआ था। दूसरी मान्यता के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के दिन महादेव ने त्रिपुरासुर का वध किया था। तीसरा उपच्छाया ग्रहण भी तीस नवंबर को ही है। इस उपच्छाया ग्रहण की समयावधि में चंद्रमा की चांदनी में केवल धुंधलापन आ जाता है। भारत सहित यह उपच्छाया अधिकतर यूरोप, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, दक्षिण-पश्चिमी दक्षिण अमरीका (पूर्वी ब्राजील, उर्गवे, पूर्वी अर्जेंटीना), प्रशांत तथा हिंद महासागर आदि क्षेत्रों में दिखाई देगा। भारत के कई प्रांतों में यह उपच्छाया दिखाई नहीं देगी।

आज ही के दिन 1931 में भारतीय इतिहासकार रोमिला थापर का जन्म हुआ था।

## सारसुर्खियां

### दुगड्डा के आमसौड़ में हाथियों का आतंक

**कोटद्वार।** दुगड्डा विकासखंड के आमसौड़ कस्बे में जंगली हाथी उत्पात मचा रहे हैं एवं फसलों को नष्ट कर रहे हैं। यही नहीं यह स्थानीय निवासियों के घर के समीप तक पहुंच जा रहे हैं, जिससे स्थानीय निवासी भय के माहौल में जीवन जीने को मजबूर हैं। ग्रामीण लंबे समय से खोह नदी के तट पर हाथी सुरक्षा दीवार की मांग कर रहे हैं, किंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। पूर्व में भी कई बार प्रभागीय वन अधिकारी लैंसडौन से इस संदर्भ में मांग कर चुके हैं। हाथियों को कई बार घरों के आसपास विचरण करते हुए देखा गया है, जिसके चलते लोगों में जानमाल का खतरा बना हुआ है।

### युवक की मौत

**विकासनगर।** डूमेट बाढवाला मोटर मार्ग में ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर डाकपत्थर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजेंद्र सिंह रावत पुत्र स्व. सुप्पा निवासी डूमेट बाढवाला शनिवार को शाम को घूमने निकला हुआ था। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसे टक्कर मार दी। चौकी प्रभारी कुंदन राम ने शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### पहाड़ों में बर्फबारी

**विकासनगर।** जौनसार की ऊंची चोटियों में बर्फबारी होने से पछवादून क्षेत्र में ठिठुरन बढ़ गई है। लोग हीटर व अलाव का सहारा ले रहे हैं। लगातार मौसम खराब होने से बाजार में भी इक्का दुक्का लोग ही दिखाई दे रहे हैं। लोग अपने-अपने घरों में हीटरों का सहारा ले रहे है। भास्कर चुग, अरविंद शर्मा का कहना कि इस बार मौसम में नवंबर में दूसरी बार बर्फबारी हो गई है। जौनसार बावर और पछवादून में दो दिनों से बर्फबारी होने से पछवादून के क्षेत्र में कड़ाके की ठंड होने से अलावा व हीटरों का सहारा ले रहे हैं।

# अनियमित विद्युत आपूर्ति बन रही पिरुल पॉवर प्लांट में समस्या

- सीडीओ ने किया पिरुल पॉवर प्लांट का निरीक्षण
- संचालक ने कहा, संचालन में हो रही है परेशानी

भास्कर समाचार सेवा

**पौड़ी।** खिर्सू विकासखंड के ग्राम पंचायत नलई में स्थापित पिरुल पावर प्लांट के संचालन में अनियमित विद्युत आपूर्ति बाधा बन रही है। प्लांट संचालक ने उक्त समस्या को मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष रखा है। सीडीओ ने क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचारू रखे जाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए हैं।

मुख्य विकास अधिकारी आशीष भटगाईं ने खिर्सू विकासखंड के ग्रांम पंचायत नलई में स्थापित पिरुल पॉवर प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने पॉवर प्लांट को संचालित करने में आ रही परेशानियों का भी जायजा लिया। सीडीओ ने कहा कि पिरुल पॉवर प्लांट राज्य सरकार की स्वरोजगार मुहैया करवाने वाली महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है। इसके स्थापित होने से युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। पिरुल पॉवर प्लांट संचालक हिम्मत सिंह ने प्लांट संचालित में आ रही दिक्कतों से मुख्य विकास अधिकारी को रूबरू कराया।

हिम्मत सिंह ने कहा कि पिरुल पॉवर प्लांट को संचालित करने के लिए मुख्यतः बिजली की निर्बाध आपूर्ति की आवश्यकता होती है, लेकिन इस क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति सुचारू ही नहीं होती, जिससे प्लांट को नियमित रूप से संचालित करने में काफी दिक्कतें उठानी पड़ती हैं। सीडीओ भटगाईं ने विद्युत विभाग को क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचारू करने समेत अन्य समस्याओं को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिये।

इस मौके पर परियोजना अधिकारी उरेडा शिव सिंह मेहरा, प्रभारी खंड विकास अधिकारी शिव सिंह भंडारी, ग्राम विकास अधिकारी प्रमोद प्रसाद, सहायक ग्राम पंचायत विकास अधिकारी मदन मोहन पहाड़ी तथा वीपीडीओ बसंत लाल उपस्थित रहे।



पिरुल पॉवर प्लांट का निरीक्षण करते मुख्य विकास अधिकारी आशीष भटगाईं।

### एएमए ने किया विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

**पौड़ी।** जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी ने थलीसैंण व पाबौ क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। एएमए ने बताया कि जिला पंचायत की ओर से क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता संतोषजनक है। अपर मुख्य अधिकारी कबूल चंद ने बताया कि जिला पंचायत की ओर से जनपद क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। स्थलीय निरीक्षण के तहत थलीसैंण व पाबौ क्षेत्र के खंडूली, नौड़ी, बड़ेथ, कालों आदि क्षेत्रों में किए जा रहे शौचालय निर्माण, रास्ता निर्माण, सीसी मार्ग, पेयजल टंकी आदि विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। निर्माण कार्यो की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई है। निर्माणदायी एजेसिंयों को निर्धारित समय सीमा के तहत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सदस्य आशुतोष पोखरियाल, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र नौटियाल, दिनेश कोहली, दिनेश रावत, संजय नौटियाल, जय सिंह, मनोज सिंह आदि मौजूद थे।

# पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने जोशीमठ को दी कई सौगातें

## बाबा मोहन उत्तराखंडी की याद में स्मृति द्वार,ओपन आइस स्केटिंग रिंक का लोकार्पण

- नीति पास को सैलानियों के लिए खोलने के होंगे प्रयास

भास्कर समाचार सेवा

**जोशीमठ।** जोशीमठ पहुंचे उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने जोशीमठ को पर्यटन के क्षेत्र में कई बड़ी-बड़ी सौगातें दीं। जोशीमठ पहुंचे पर्यटन मंत्री ने जोशीमठ में विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। पर्यटन मंत्री ने औली में ओपन एयर आइस स्केटिंग रिंक योजना का लोकार्पण किया, जिसकी लागत एक करोड़ अड़तीस लाख उन्यासी हजार रुपये है।

इसके साथ ही बद्रीनाथ धाम में 38 लाख 68 हजार की लागत से कुकिंग गैस एजेंसी के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इसके लिए केंद्रीय वित्तपोषित योजना के अंतर्गत देवली बगड़ का विकास कार्य का लोकार्पण किया गया जिसकी लागत 2 करोड़ 34 लाख 32000 है। जोशीमठ के ही बाबा मोहन उत्तराखंड की याद में सिमली के निकट एक स्मृति द्वार का लोकार्पण भी किया गया है जिसकी लागत 13 लाख 13000 रखी गई है।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि बुग्यालों में कैंपिंग का मामला कोर्ट में लंबित पड़ा हुआ है और हमने न्यायालय से आग्रह किया है कि बुग्यालों के निचले इलाकों में कैंपिंग के लिए अनुमति मिले, ताकि उत्तराखंड का पर्यटन व्यवसाय चलता रहे क्योंकि उत्तराखंड का पूरा व्यवसाय पर्यटन पर ही निर्भर है। सतपाल महाराज ने औली को जोड़ने वाली रोपवे को गैरसो तक बढ़ाने की भी बात कही। नीति पास में पर्यटक का आवागमन हो, इसके लिए भी केंद्र सरकार से वार्ता करके नीति पास को सैलानियों के लिए खोलने की बात भी पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कही है।



विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करते पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज।

### गढ़वाल सभा ने मनाया स्थापना दिवस

**कोटद्वार।** गढ़वाल सभा ने अपने स्थापना दिवस को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया। इस मौके पर शास्त्रीय संगीतमयी कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा। तड़ियाल चौक स्थित की प्राइड मॉल के सभागार में आयोजित स्थापना दिवस का शुभारंभ गढ़वाल सभा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा एवं पूर्व अध्यक्ष योगंबर सिंह रावत द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविंद डंडरियाल ने गढ़वाल सभा के उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि वर्तमान में गढ़वाल सभा के द्वारा गढ़ संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन की दिशा में सतत प्रयास किया जा रहा है। लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के अलावा रिवर्स माइग्रेशन, स्वरोजगार, स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन विपणन की व्यवस्था, लोक विरासत को अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहचान दिलाये जाने को लेकर भी कार्य किये जा रहे हैं।

इस मौके पर चिल्ड्रन क्रियेटिव एकेडमी के छात्र-छात्राओं के द्वारा वीरांगना तीलू रौतेली पर एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। लोक कलाकार जीतेंद्र काला व गणेश मंदिर सेवा समिति के कलाकारों ने संस्कृति के रंग उकेरे। इस अवसर पर स्थानीय उत्पादों के स्टाल व विपणन की व्यवस्था की गई।



निर्माण कार्य बंद कराते आक्रोशित ग्रामीण।

# घटिया निर्माण को लेकर भड़के ग्रामीण

- मौके पर जाकर कार्य को रुकवाया, उच्चाधिकारियों से की शिकायत

भास्कर समाचार सेवा

**विकासनगर।** क्यारा पुल कोटा म्यूंडा मोटर मार्ग पर पीएमजीएसवाई कालसी द्वारा इन दिनों सीलामू के समीप घटिया पैचवर्क को लेकर ग्रामीण भड़क उठे। उन्होंने मौके पर जाकर कार्य को रूकवा दिया। दूरभाष पर उच्चधिकारियों को अवगत कराया। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग और कार्यदायी संस्था द्वारा घटिया गुणवत्ता से पैच भरे जा रहे हैं, जिससे हल्की सी बारिश में सड़क उखड़ जाएगी। इससे पूर्व भी विभाग ने पेंटिग का कार्य किया, जो एक साल में ही जवाब दे गई। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक मौके पर समक्ष अधिकारी नहीं होगा, तब तक कार्य शुरू नहीं किया जाएगा। कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी इस बार घटिया गुणवत्ता का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस दौरान ग्राम प्रधान बीरेंद्र सिंह, महाबीर सिंह, स्वराज सिंह, चमन सिंह, ध्यानू वर्मा, शमशेर सिंह, जयबीर आदि मौजूद रहे।

# 25 गांवों को जोड़ने वाली सड़क हुई खस्ता हाल

- बजट की कमी का रोना रो रहे विभागीय अधिकारी
- ग्रामीणों ने उठाई सुधारीकरण की मांग

भास्कर समाचार सेवा

**पौड़ी।** पौड़ी-अणेथ-नानसू मोटरमार्ग पिछले लंबे समय से बदहाल बना हुआ है। मोटरमार्ग के बदहाल होने से ग्रामीणों को आवाजाही करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से जल्द ही मोटरमार्ग के सुधारीकरण की मांग उठाई है। पौड़ी-अणेथ-नानसू मोटरमार्ग पिछले लंबे समय से खस्ताहाल बना हुआ है। पल्ली गांव के पूर्व प्रधान मनोज कुमार, सूर्यकांत, प्रदीप सिंह आदि ने बताया कि इस मोटरमार्ग की हालत पिछले लंबे समय से खस्ताहाल बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों को आवाजाही करने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

बताया कि इस मोटरमार्ग से करीब 25 गांवों के ग्रामीण आवाजाही करते हैं। कई बार संबंधित विभाग को समस्या से अवगत भी कराया जा चुका है, लेकिन मोटरमार्ग के सुधारीकरण को लेकर कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। बरसात के समय दोपहिया वाहन चालक जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं। उन्होंने जल्द ही विभाग से मोटरमार्ग के सुधारीकरण की मांग उठाई है।



# ग्रामीणों को दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी

भास्कर समाचार सेवा

**पौड़ी।** जनपद के कांडई मल्ली में मुख्यमंत्री त्वरित समाधान सेवा कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। जिला विकास अधिकारी ने लोनिवि के अधिशासी अभियंता के मौजूद न होने व नदारत अधिकारियों की रिपोर्ट शासन को भेजे जाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया कि क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

जिला विकास अधिकारी ने आयोजित जन कल्याण शिविर में पेयजल, उद्यान, कृषि, पशुपालन, पूर्ति विभाग, बाल विकास, समाज कल्याण आदि विभागों के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान ग्रामीणों ने टेका-केवर्स मोटर मार्ग की दुर्दशा से अधिकारियों को बताया तो लोनिवि प्रांतीय खंड की ओर से कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं मिला। इस पर ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश ने अनुपस्थित अधिकारियों के खिलाफ शासन को रिपोर्ट भेजे का आश्वासन दिया। शिविर में पूर्ति विभाग की ओर से कई ग्रामीणों को पीबीसी कार्ड भी वितरित किए गए। ग्रामीणों ने समाज कल्याण विभाग की ओर से न्याय पंचायत स्तर पर शिविर लगाए जाने के अलावा क्षेत्र में पशु सेवा केंद्र खोले जाने की मांग भी की।

# सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाएं



राज्यमंत्री वीरेंद्र सिंह का स्वागत करते कार्यकर्ता।

- राज्यमंत्री बीरेंद्र सिंह से की कार्यकर्ताओं ने शिष्टाचार भेंट

भास्कर समाचार सेवा

**विकासनगर।** सलाहकार समिति के अध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जाधारी बीरेंद्र सिंह नेगी का कालसी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन कर शिष्टाचार भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। मंडल अध्यक्ष साहिया अमर सिंह चौहान ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लेकर गांव के अंतिम छोर तक लोगों को जागरूक करे। जिससे हर व्यक्ति को सरकार की योजनओं की जानकारी मिल सके।

इस मौके पर दाताराम शर्मा, आशीष चौहान, दीवान राणा, कृपाल नेगी, श्याम सिंह चौहान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अंतिम ओवर में हासिल किया 110 रनों का लक्ष्य, टिहरी क्रिकेट लीग के सेमीफाइनल में किया प्रवेश

# फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने लिटिल स्टार्स को दो विकेट से हराया

भास्कर समाचार सेवा

**नई टिहरी।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विचार मंच-टिहरी गढ़वाल एवं टिहरी टाइगर क्रिकेट क्लब के संयुक्त तत्वाधान में गांधी स्टेडियम बौराड़ी में चल रही जनपद स्तरीय 'टिहरी क्रिकेट लीग', क्रिकेट चैंपियनशिप में रविवार को पहला मुकाबला फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब व लिटिल स्टार्स के बीच खेला गया, जिसमे फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब के कप्तान विनोद ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। लिटिल स्टार्स ने निर्धारित 15 ओवर्स में 8 विकेट खोकर 109 रन बनए। लिटिल स्टार्स क्रिकेट क्लब की ओर से रोहित ने 24 व अनिल ने 15 रन बनाये। फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब के गेंदबाज पंकज ने 3 विकेट चटकाये और नितिन और गौरव ने दो-दो विकेट लिए।

110 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज कुलदीप व पंकज गुप्ता एक-एक रन आउट हो गए। अभिलाष के 21 गेंदों में 33 व विनोद के 18 रनों की बदौलत फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने अंतिम ओवर में 8 विकेट खोकर 110 रनों का लक्ष्य हासिल कर दो विकेट से पहला क्वार्टर फाइनल जीत लिया।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शांति प्रसाद भट्ट ने रिबन काटकर पहले मैच का शुभारंभ किया। साथ में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विचार मंच-उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष अशद आलम, आयोजन समिति अध्यक्ष अर्जुन बलूनी, अंपायर सलमान व दुर्गेश, स्कोरर गौरव व चमन, आयोजक समिति के दिवाकर बेलवाल, वसीम सिद्धिकी, फहाद शेख, रोबिन रांगड़, प्रकाश, नदीम शेख, रवि गुनसोला, शाद हसन, कुलदीप आदि उपस्थित रहे।



मैच शुरू होने से पूर्व हाथ मिलाते खिलाड़ी।

### गरीब किसान के बेटे का नवोदय में चयन

**विकासनगर।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय मैंद्रथ में अध्यनरत छात्र आशीष का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। गरीब किसान के बेटे आशीष की इस सफलता का श्रेय प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य शक्ति सिंह को जाता है। जब से स्कूल में उन्होंने ज्वाइनिंग दी है, तब से स्कूल में लगातार छात्रों का भविष्य संवर रहा है। सीआरसी सुरेंद्र सिंह आर्य एवं गोविंदराम आदि का कहना कि है कि अभिभावक अपने बच्चों के लिए प्राइवेट स्कूलों की ओर रुख कर रहे हैं, परंतु प्राइवेट की अपेक्षा सरकारी स्कूलों में आज भी अच्छी पढ़ाई होती है। इसका नतीजा कई विद्यालयों में देखने को मिल रहा है।



# प्रदेश में फिर लहराएगा कांग्रेस का परचम: विजय

- राहुल प्रियंका गांधी सेना ने मिशन-2022 की बनाई रणनीति

भास्कर समाचार सेवा

**विकासनगर।** रविवार को कालसी में राहुल-प्रियंका गांधी सेना के कार्यकर्ताओं ने 2022 मिशन फतह को लेकर आयोजित बैठक की। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार एडवोकेट की। उन्होने कहा कि आगामी चुनाव में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी।

प्रदेश महासचिव संगठन भास्कर चुग ने सभी कार्यकर्ताओं को संकल्प दिया कि आगामी चुनाव में कांग्रेस के कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करें, जिससे उनकी सरकार बहुमत से जीते। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की कथनी करनी के बारे में जनता अच्छी तरह जान चुकी है। राज्य का युवा बेरोजगार है, महंगाई दिनों दिन बढ़ रही है। भाजपा हर क्षेत्र में नाकाम सिद्ध हुई है। 2022 में प्रदेश में भाजपा को अवश्य मुंह की खानी पड़ेगी।

इस मौके पर जिला महासचिव बीरेंद्र सिंह, मामू खान, विधानसभा अध्यक्ष महेंद्र मित्तल, अफजल बेग, अजीम डोगरा, अशोक जांगडा, अमिताभ, साजन खान, राजेंद्र सिंह, मुहम्मद रजा, प्रदीप कुमार, सोहेल जाफरी, सुरेश कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सारसुर्खियां

### विद्युत चोरी में चार पर मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** विद्युत विभाग की टीम ने छापेमारी कर कई घरों में बिजली चोरी पकड़ी। विद्युत वितरण खंड के उप खंड अधिकारी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दो महिलाओं सहित चार लोगों के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। उपखंड अधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्रा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गांव खरमासी निवासी रामनिवास पुत्र राम अवतार, सावित्री देवी पत्नी प्रेम किशोर रम्पुरा निवासी कृष्णा कुमारी पत्नी राजू, सतपाल पुत्र जरनैल के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया।

### बाइक सवार घायल

**बाजपुर।** मेन रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने ट्रक के पीछे से बाइक सवार जा टकराया। जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ता देख उसे हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। संजय कॉलोनी निवासी सौरभ पुत्र राजवीर अपने कारीगर निशांत पुत्र रामसिंह निवासी भगतपुर तहसील टांडा जिला रामपुर के साथ बाइक से किसी कार्यक्रम में जा रहा था तभी मुख्यमार्ग पर बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने ट्रक के पीछे जा टकराया।बाइक पर बैठा युवक निशांत बुरी तरह घायल हो गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

### जागरूक किया

**खटीमा।** नशा मुक्ति अभियान के संयोजक त्रिलोचन जोशी जन जागरूकता के लिये अनूठा अभियान चलाया है। वह पिछले कई वर्षों से शादी समारोहों मे जाकर दूल्हा दुल्हन के माध्यम से उपस्थित मेहमानों को नशा न करने और बेटियों को पढ़ाने के लिये जागरूक कर रहे है। नगर स्थित एक होटल में आयोजित शादी समारोह के अवसर पर पहुंचकर वर और वधू को नशा मुक्ति अभियान का संकल्प पत्र भरवाया और उपस्थित मेहमानों को जागरूक किया।
जागरूकता संदेश देने वालो में मंजू चम्याल,रबि बगौटी,मयंक धामी,ज्योति बगौटी,अनुराधा दुबे,सुरजीत राणा,किशोर बिष्ट,सरस्वती बोहरा,जीवन सिंह,लक्ष्मण सिंह चम्याल आदि लोग उपस्थित रहे।

## महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत

**शक्तिफार्म।** बैकुंठपुर निवासी महिला की संदेहस्पद मौत हुई। मृतका के भाई ने महिला के पति समेत दो देवर एवं मृतका के समधी पर अपनी बहन को मारने का आरोप लगाया। पुलिस प्रथम दृष्टयता आत्महत्या मान रही हैं। चौकी प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कार्यवाही की जाएगी।

ग्राम सभा रुदपुर, महेंद्र नगर निवासी सत्यरंजन मंडल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 28 नवंबर की सुबह लगभग 8:30 बजे उसकी बहन बैकुंठपुर निवासी कल्याणी सरकार (40) द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना मिली। वह जब बैकुंठपुर अपने बहन के घर पहुंचा तो उसकी बहन मृत पड़ी थी। सत्य रंजन का आरोप है कि उसकी बहन के पति, दो देवर एवं बहन के समधी ने पारिवारिक कलह के चलते उसकी बहन को मार दिया।

# भारत की मुख्य विचारधारा को आत्मसात करना आवश्यक: मनोज

- भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित किया गया प्रशिक्षण वर्ग

भास्कर समाचार सेवा

**रुद्रपुर।** जिला कार्यालय में आयोजित भाजपा उत्तरी मण्डल के मंडल प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ विधायक राजकुमार ठुकराल, कुमाऊं संभाग विस्तारक मनोज कुमार, मेयर रामपाल सिंह, उत्तरी मण्डल अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक राकेश सिंह, सह संयोजक केके दास किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष उत्तम दत्ता ने मां भारती एवं महापुरुषों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



रुद्रपुर में भाजपा उत्तरी मंडल प्रशिक्षण प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ करते अतिथि।

इस दौरान सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने वर्ग गीत 'नवीन पर्व के लिए नवीन प्राण चाहिए' गाकर भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को पूर्ण करने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रथम एवं द्वितीय सत्र में प्रशिक्षणार्थियों को मुख्य वक्ता मनोज कुमार एवं विधायक राजकुमार ठुकराल ने संबोधित किया। मुख्य वक्ता मनोज कुमार ने भारत की मुख्य विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने एवं अपने अंदर आत्ममसात किये जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमें नवीन कुछ नहीं करना। हमारे पूर्वजों में जिस तरह समाज और संस्कृति की सेवा की, जो ध्येय सामने रखें और उनकी प्राप्ति के लिए दिन-रात प्रयत्न किए उन्हीं ध्येयों को उसी भांति हमें सिद्ध करना है और उनका अधूरा रहा कार्य पूरा कर राष्ट्र सेवा करनी है। उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि वही राष्ट्र वास्तव में महान है जिसके पास सैनिक शक्ति एवं ताकत है किंतु वो स्वार्थ हेतु उनका दुरपयोग नहीं करता।

द्वितीय सत्र में विधायक राजकुमार ठुकराल ने प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनवाई। कहा कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों को पूर्ण करने की दिशा में कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प 21वीं सदी का भारत बनाना एवं हमारे दायित्व, आत्मनिर्भर भारत के प्रण से ही पूरा होगा। इस दायित्व को 130 करोड़ देशवासियों की प्राण शक्ति से ही ऊर्जा मिलेगी। आत्मनिर्भर भारत का ये युग, हर भारतवासी के लिए नूतन प्रण भी होगा, नूतन पर्व होगा।

उन्होंने सम्बोधित करते हुए प्रदेश सरकार की तमाम उपलब्धियों को कार्यकर्ताओं के सामने रखा और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जोर शोर से जुटने का आहवान किया। विधायक ठुकराल ने कहा कि कार्यकर्ता मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत के नेतृत्व की भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचायें और जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को पहुंचाने का प्रयास करें।

विधानसभा पालक खूब सिंह विकल, महामंत्री धीरेश गुप्ता , श्वेता मिश्रा ,शालिनी बोरा, ओमवती चौहान ,देवी मंडल ,वीरेंद्र तिवारी, सचिन छाबड़ा ,शम्मी गुप्ता ,ललित लोहनी ,ललित मिगलानी ,प्रभाती विश्वास, अंजू शर्मा, चोखे लाल गंगवार ,तरुण दत्ता, आरके मौर्य, नेत्रपाल मौर्य, मुकेश पाल ,भूप राम लोधी, अनीता बरेठा, दीपक कुमार, छत्रपाल राठौर ,कुंदन सिंह बिष्ट, गोविंद राय, आशीष छाबड़ा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बाजपुर से दर्जनों ट्रैक्टर ट्रॉली में सैंकड़ों किसान दिल्ली रवाना

## भाकियू नेताओं ने किसानों को रवाना किया, छह माह का राशन लेकर निकले हैं किसान

- किसान नेता बोले, कृषि कानून वापस ले सरकार
- कानून वापस लेने तक डटे रहने की चेतावनी

भास्कर समाचार सेवा

**बाजपुर।** केंद्र सरकार के कृषि कानून के खिलाफ आक्रोशित सैकड़ों किसानों ने ट्रैक्टर ट्राली के साथ कई महीनों का राशन लेकर दिल्ली के लिए रवाना हो गये हैं। रवाना होने से पहले से गुरुद्वारे पर एकत्र हुए। जहां से उन्हें भाकियू किसान नेता बिजेंदर डोगरा तथा किसान नेता अजीत प्रताप रंधावा ने उनको गुरुद्वारा से दिल्ली के लिए रवाना किया।



बाजपुर में दिल्ली रवाना होने से पहले किसान गुरुद्वारे में एकत्र हुए।

इस दौरान भाकियू किसान नेता विजेंद्र डोगरा ने कहा है सरकार द्वारा देश के अन्नदाता के ऊपर तीन काले कानून किसानों के ऊपर थोप कर उन्हें बर्बादी की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। किसानों का दिल्ली में आंदोलन चल रहा है जिसके लिए बाजपुर से सैकड़ों किसान दिल्ली कूच कर चुके हैं और यह आंदोलन तब तक खत्म नहीं होगा जब तक केंद्र सरकार इन तीनों कानूनों को वापस नहीं ले लेती। सरकार द्वारा ऐसा नहीं किया गया तो यह आंदोलन करो मरो का रूप लेगा और किसान मरने के लिए भी पीछे नहीं हटेंगे।

भाकियू किसान नेता प्रताप सिंह संधू ने कहा कि देश के किसान इस सर्दी के मौसम में भी आंदोलन में डटे हुए हैं। किसान इस आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे। आंदोलन में शामिल होने के लिए रवाना हो चुके हैं। ये किसान लगभग 6 महीने का राशन लेकर साथ चल रहे हैं। जब तक केंद्र सरकार अपने तीनों काले कानून को वापस लेने का आश्वासन नहीं देती है। तब तक किसान पीछे नहीं हटेंगे।

किसानों को अपनी जान की कुर्बानी भी देनी पड़ी तो किसान इससे पीछे नहीं हटेगा। इस मौके पर बिक्रमजीत सिंह गिल,अजीत प्रताप सिंह रंधावा, सुरेंद्र कंबोज, पिंकू सिंह, हरदयाल सिंह, निर्मल सिंह, राणा जोत सिंह, इंद्रजीत सिंह बंटी, हरपाल सिंह, चरणजीत सिंह ,अमृतपाल सिंह, नत्था सिंह, तेजवंत सिंह, मंदिप सिंह नरवाल, हरजीत सिंह आदि मौजूद थे।

## स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 28 दिसंबर को प्रदर्शन

**रामनगर।** सामाजिक राजनीतिक संगठनों द्वारा देव भूमि विकास मंच एवं राज्य निर्माण आंदोलनकारी मंच के आह्वान पर अनुबंध के आधार पर स्वास्थ्य सेवाएं देने की मांग को चल रहे आंदोलन की अगली कड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क करने तथा 28 दिसम्बर को प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।

देवभूमि व्यापार मंडल कार्यालय में देवभूमि विकास मंच के संयोजक मनमोहन अग्रवाल के संचालन में संचालन समिति के सदस्यों ने आंदोलन में भागेदारी करने, आंदोलन का समर्थन करने पर जनता का आभार जताया तथा कहा कि जनता के आंदोलन का प्रभाव दिखने लगा है। आंदोलन के दबाब में सीएमओ नैनीताल द्वारा अस्पताल का औचक निरीक्षण किया तथा अनुबंध के आधार पर ठेकेदार को सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बैठक में सदस्यों का कहना था कि आंदोलन के दबाव में अनुबंध के आधार पर अस्पताल में आंशिक स्वास्थ्य सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध होने लगी है। सदस्यों का मानना है कि जन दबाव से ही जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी जिसके लिए संचालन समिति के द्वारा 20 दिसंबर से ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क करेंगे। बैठक में मनिंदर सिंह सेठी, प्रभात ध्यानी, हाफिज सईद अहमद, सुमित्रा बिष्ट, सरस्वती जोशी, तुलसी छिम्बाल, कौशल्या, लालमणि,सुरेंद्र प्रसाद भदौला थे।



नगर पालिका परिषद के खिलाफ अर्द्धनग्न हो कर प्रदर्शन किया।

## अर्द्धनग्न होकर किया नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन

- आंदोलन उग्र करने की चेतावनी दी

भास्कर समाचार सेवा

**सितारगंज।** नगर पालिका परिषद सितारगंज के रुके हुए विकास कार्यों के विरोध में चल रहा धरना आज दसवे दिन भी जारी रहा।

आंदोलनकारियों ने अर्धनग्न होकर धरना स्थल पर प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि राजनीतिक दबाव में जिले के आला अधिकारी ठेकेदारों तथा गरीब उन व्यक्तियों के जिनके आवास बनाए जाने हैं। उनसे रोजी-रोटी छीन रही है। खुले आसमान के नीचे रहने के लिए मजबूर कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा जो योजना जनता तक पहुंचनी चाहिए। उनमें राजनीतिक दबाव में बाधक बन रही है सभी आंदोलनकारियों ने एक स्वर से कहा कि अगर जिले के आला अधिकारियों ने पालिका अध्यक्ष को साजिश के तहत फंसाने का प्रयास किया या आंदोलन की सुध नहीं ली तो आंदोलन और उग्र कर दिया जाएगा।

धरना स्थल पर अर्धनग्न प्रदर्शन करने वालों में नगरपालिका अध्यक्ष हरीश दुबे, रामाशंकर, जमशेद खान, सज्जाद सैफी, जोगेंद्र, तस्लीम अंसारी, प्रीतम सिंह, सूरज, गोविंद, मुख्त्यार अहमद, महंगी प्रसाद, अवधेश कुमार, अनूप कुमार, लालमोहन, कैनन जॉर्डन, सोनू बमराह, अकरम,सगीर अहमद, दीपक चौहान, विक्की गुप्ता, सचिन गंगवार, संदीप बाबा, कासिम मलिक, दीपक, बालाजी, विजय शर्मा, रवि सक्सेना, विनय कुमार, व्यापार मंडल महामंत्री राजीव गुप्ता आदि थे।

# महिला मोर्चा जिलाधक्ष फुटेला का स्वागत

- विधायक पुष्कर धामी ने जिलाध्यक्ष शैली फुटेला को दी बधाई
- जिलाध्यक्ष बोलीं, जन समस्याओं के निस्तारण के होंगे प्रयास

भास्कर समाचार सेवा

**खटीमा।** भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शैली फुटेला के आगमन पर विधायक पुष्कर धामी सहित भाजपा महिला मोर्चा सहित कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष फुटेला के पहली बार आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।



खटीमा आगमन पर जिलाध्यक्ष स्वागत करते विधायक और कार्यकर्ता।

विधायक धामी ने भी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष फुटेला को पुष्प देकर स्वागत किया। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पटेला ने कहा कि जन समस्याओं के निराकरण के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

इस दौरान सभासद रेनू भंडारी सावित्री कन्याल इंद्र चंद विमला मंडेला सतीश गोयल गोविंद मेहता पावस गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

## हाईकोर्ट में रिट दायर करेंगे: अविनाश शर्मा

**बाजपुर।** नैनीताल डिस्टिक कॉपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष पंडित अविनाश शर्मा ने कहा मुड़िया मनी प्रकरण में प्रशिक्षु आईपीएस सहित पूरी पुलिस टीम के खिलाफ हाईकोर्ट में रिट दायर कर सीबीआई जांच की मांग करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट जांच की मांग भी की जाएगी।

उन्होंने कहा है कि इससे पहले भी कई आईपीएस ट्रेनिंग के लिए बाजपुर कोतवाली में आए हैं लेकिन उनके द्वारा ऐसी कोई भी घटना घटित नहीं की गई चलते फिरते लोगो को उठाकर इसके द्वारा पीटा जा रहा है। सबसे बड़ी घटना मुंडिया मनी में घर में घुसकर पुलिस ने महिलाओं के साथ मारपीट करते हुए उन्हें नंगन अवस्था में कर दिया।

# धान क्रय केंद्र खोलने की मांग को लेकर देंगे धरना

- पंचायत प्रतिनिधि भी शामिल होंगे धरने में

भास्कर समाचार सेवा

**रामनगर।** किसानों के पूर्व में तौल किये गए धान का भुगतान न किये जाने व धान क्रय केंद्रों को अतिशीघ्र खोले जाने की मांग को लेकर एक दिसम्बर को एकदिवसीय धरना तहसील प्रांगण में किसानों व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ दिया जाएगा।

विगत दिनों मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत जब रुद्रपुर दौरे पर आए थे, तो उन्होंने कहा था कि किसानों के धान का एक एक दाना खरीदा जाएया व धान तोल के तुरंत बाद उसका भुगतान भी कर दिया जाएगा पर मुख्यमंत्री की वो घोषणा हवाई साबित हो रही है। तोल बन्द होने के कारण किसानों का धान आज भी खेतों में खड़ा है।

किसान की हालत यह है कि अगली फसल बोने के लिए वह अपनी फसल को औने पौने दामों में बेचने को मजबूर है । सरकार द्वारा जानबूझकर किसानों को परेशान किया जा रहा है। व सरकार मिल मालिकों व राइसमिलरों को फायदा पहुंचा रही है। विगत दिनों हुए विरोध के कारण सरकार द्वारा रामनगर मंडी में धान तोल केंद्र खोल दिया गया है मगर उस केंद्र पर भी सौ कुंतल से ज्यादा धान की तोल नहीं की जा रही है।

हमारी मांग है कि रामनगर में सभी तोल केंद्रों को खोला जाये व अतिशीघ्र किसानों के क्रय किये गए धान का भुगतान किया जाय। कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष व पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं वर्तमान जेस्ट प्रमुख संजय नेगी ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों से किसानों की लड़ाई को धरना प्रदर्शन में तहसील प्रांगण में एक दिवसीय धरने में पहुंचने की अपील की। कहा कि हमारी प्रमुख मांगें रामनगर में पूर्व में जो तौल केंद्र थे उन सभी तोल केंद्रों को खोलने, किसानों द्वारा बेचे गये धान का भुगतान अतिशिघ्र करने की है।

### गन्ना सेंटर नहीं खोलने पर आंदोलन करेंगे किसान

**खटीमा।** गन्ना काश्तकारों चकरपुर में गन्ना सेंटर न खुलने पर आक्रोश जताया। उन्होंने कहा कि गन्ना सेंटर शीघ्र नहीं खोला गया तो काश्तकार आंदोलन करने को बाध्य होंगे। चकरपुर पंत फार्म में गन्ना काश्तकारों की आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि चकरपुर में 1967 से गन्ना सेंटर संचालित चला रहा है लेकिन वर्तमान समय में अभी तक गन्ना सेंटर नहीं खोला गया है। उन्होंने कहा कि गन्ना सेंटर न खुलने से काश्तकारों का गन्ना खेतों में खड़ा है। गन्ना न काटने से गेहूं की बुवाई लेट हो रही है। सहकारी समिति के डायरेक्टर मनमोहन सिंह सोहेल ने कहा कि विकासखंड में कई स्थानों पर गन्ना गन्ना सेंटर खोल दिए गए हैं लेकिन चकरपुर में गन्ना सेंटर नहीं खोला गया है। उन्होंने कहा कि चकरपुर में शीघ्र करना सेंटर नहीं खोला गया तो काश्तकार आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान बैठक में राजेंद्र पंत, नरेश राणा, कैलाश पंत, सुधीर पांडे, दरबार सिंह, मुलिया देवी, खुशाल सिंह, परमजीत सिंह, ममता आदि थे।

## पार्टियों में बिना मास्क उमड़ रही है भीड़, लोगों में सामाजिक दूरी का पालन भी नहीं कर रहे हैं लोग

# शादी-पार्टियों में उड़ रही है कोरोना नियमों की धज्जियां

मुकेश कुमार

**शक्तिफार्म।** त्योहारी सीजन के बाद अब शादियों का सीजन चरम पर है। कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर फैलने की आशंका के बावजूद भी शादी पार्टियों में कोरोना नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए जमकर भीड़ उमड़ रही हैं। शादी एवं पार्टियों में न तो सामाजिक दूरी देखने को मिल रही है और न ही लोगों में मास्क प्रयोग करने के प्रति दिलचस्पी। त्योहारी सीजन के बाद वर्तमान समय क्षेत्र में शादियों का सीजन चरम पर हैं। गत 21 नवंबर से अगले 16 दिसंबर तक लगातार शादियां हैं। एक माह विराम के पश्चात पुनः शादियां शुरू होंगी। वर्तमान में प्रत्येक शादी के लग्न के दौरान क्षेत्र में कम से कम 30 से 40 शादियां हो रही हैं। परंतु इन शादियों में आयोजित समारोह के दौरान लोगों द्वारा कोरोना नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। प्रत्येक शादियों में सैकड़ों की तादाद में भीड़ जुट रही है। जहां लोगों के मध्य न तो सामाजिक दूरी देखने को मिल रही है और न तो लोगों में मास्क पहनने के प्रति दिलचस्पी दिख रही हैं। लापरवाही के चलते कभी भी स्थिति विस्फोटक हो सकती हैं।



### लोगों को स्वयं ही संयम रखना होगा : एसडीएम

**सितारगंज।** उप जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र का कहना है कि शादी पार्टियों के लिए पूर्व के गाइडलाइन ही लागू है। शासन एवं जिलाधिकारी द्वारा पुलिस एवं पालिका प्रशासन को कोरोना नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही का सख्त निर्देश दिया गया है।किसी आयोजन को आवेदन के दौरान उन्हें शर्तों के साथ दिशा निर्देश दी जाती हैं। कोरोना नियमों के खिलाफ आयोजनों पर पुलिस एवं पालिका प्रशासन को कार्यवाही का अधिकार हैं। उन्होंने लोगों से स्वयं द्वारा ही संयम बरतने की अपील की।

### स्थिति हो सकती है विस्फोटक : डॉ आर्य

**सितारगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेश कुमार आर्य का मानना है कि त्योहारी सीजन के बाद वर्तमान शादी सीजन में शादी पार्टियों में जिस तरीके से भीड़ उमड़ रही हैं, जिस तरीके से बिना मास्क पहने, सामाजिक दूरी को लोगों द्वारा दरकिनार किया जा रहा है ऐसे में स्थिति आगे चलकर विस्फोटक हो सकती हैं।

# संगठन को मजबूत करें: जितेंद्र

भास्कर समाचार सेवा

**पिथौरागढ़।** आम आदमी पार्टी के कुमाऊं प्रभारी जितेंद्र फुलारा ने दो दिवसीय पिथौरागढ़ विधानसभा में भ्रमण के दौरान आप कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने संगठन को मजबूत करने की सलाह दी। उन्होंने नगर में 40 से अधिक अधिक बूथ प्रतिनिधियों को प्रमाण पत्र भेंट किया।

रामलीला मैदान सदर में आप के कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए कुमाऊं प्रभारी भ्रमण पर हैं। उन्होंने पिथौरागढ़ पहुंचकर विधानसभा का जायजा लिया। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और सभी को संगठन की मजबूती की ओर ध्यान देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पूरे देश में राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल की नीतियों पर लोग विश्वास जता रहे हैं। यह समय लोगों से मिलने और लोगों को आम आदमी पार्टी से जुड़ने का है। उन्होंने नगर और ग्रामीण क्षेत्र के 40 से अधिक युवाओं को बूथ प्रतिनिधि प्रमाण पत्र देते हुए बधाई दी और बूथ को मजबूत करने की जानकारी दी। बैठक में प्रदेश प्रवक्ता सुशील खत्री ने एक बूथ दस यूथ पर जोर देते हुए इस कार्य को संकल्प के रूप में करने की बात कही। बैठक में गोविंद बिष्ट, एड आलोक चौधरी, सुरेश जोशी, गिरीश जोशी, राकेश वर्मा, नरेंद्र ग्वाल, भावना शर्मा, रंजीत कोरंगा, नवीन शर्मा आदि थे।




आम आदमी पार्टी के कुमाऊं प्रभारी के साथ कार्यकर्ता।

page-8_page 1 11/29/2020 7:36 PM Page 1

दैनिक भास्कर
08 सोमवार 30 नवंबर 2020 देहरादून

# संवाद

आज ही के दिन 1939 में तत्कालीन सोवियत रूस ने सीमा विवाद को लेकर फिनलैंड पर आक्रमण किया था।

संपादकीय

## अब खामोश क्यों हैं बुद्धिजीवी व आलोचक?

दिल्ली में प्रवेश की अनुमति मिलने के बाद भी बड़ी संख्या में किसान दिल्ली पंजाब बॉर्डर पर जमे हुए हैं। रविवार देर शाम तक न केवल दिल्ली में किसानों ने बैठक की, बल्कि अपनी आगे की रणनीति पर भी विचार विमर्श किया। वैसे, एक और बैठक होने वाली है, जिसमें यह तय होगा कि दिल्ली जाकर विरोध प्रदर्शन करना है, या दिल्ली हरियाणा की सिंधू बॉर्डर पर ही धरना देना है। किसानों का कहना है कि जब तक सरकार विवादित कानून वापस नहीं ले लेती, तब तक वे यहीं जमे रहेंगे। वे अपनी पूरी तैयारी करके आए हैं। उनके पास भरपूर मात्रा में राशन है। इस बीच, खबर यह भी आ रही है कि पंजाब से हजारों की संख्या में और किसान दिल्ली के लिए रवाना हो चुके हैं। वहीं कहा जा रहा है कि पंजाब के इन किसानों को उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड के किसानों का समर्थन मिला है। ऐसे में कयास ये भी लगाये जा रहे हैं कि यदि किसानों का यह आंदोलन लंबा चलता रहा, तो इन राज्यों के किसान भी दिल्ली कूच कर सकते हैं।

दरअसल, इस आंदोलन के कारण कई तरह की दिक्कतें शुरू हो गई हैं, जहां एक ओर कई ट्रेनें रद्द हो गई हैं, फ्लाइट्स रद्द हो गये हैं, तो वहीं दूसरी ओर दिल्ली-एनसीआर के कई कॉलेजों ने किसान प्रदर्शन के चलते परीक्षाएं टाल दी हैं। और अचानक परीक्षा टालने के फैसले से छात्रों की परेशानी जरूरत से ज्यादा बढ़ गयी है। गौरतलब है कि सिंघु बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस ने तीन लेयरों में बैरिकेडिंग कर रखी थी। कंटीले तार, ट्रकों और आखिर में वॉटर कैनन तैनात किये गये हैं। हालांकि बावजूद इसके ये किसानों को नहीं रोक पाये। पंजाब-हरियाणा बॉर्डर से दिल्ली बॉर्डर तक तीन राज्यों की पुलिस ने 8 बार बड़ी नाकेबंदी कर रखी है, लेकिन आश्चर्य की बात तो ये ही है कि किसान हर बार ट्रैक्टर के सहारे आगे बढ़ते ही चले गये। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने किसानों से आंदोलन खत्म करने की अपील करते हुए कहा है कि 3 दिसंबर को उनसे बात की जायेगी, लेकिन किसान अपनी बात पर अडे. हुए हैं और केंद्र सरकार से तीनों कृषि बिलों को वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

ऐसे में सवाल ये ही उठ रहे हैं कि तीन दिसंबर तक इसे सरकार ने क्यों टालने की कोशिश की। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। एक, हो सकता है कि किसानों का मनोबल टूट जाए और वे आंदोलन को यहीं पर विराम दे दे। दो, हो सकता है कि सरकार के पास कोई नई योजना तैयार हो जाए, जिससे कि किसानों की समस्याएं खत्म हो जाए। तीन, हो सकता है कि सचमुच सरकार चाहती है कि किसानों की समस्याएं खत्म हो जाए। आश्चर्य की बात तो ये ही है कि जिस किसान को हम अपने अन्नदाता समझते हैं, उनके लिए आज कोई बुद्धिजीवी और आलोचना करने वाले वे तथाकथित पत्रकार सामने खुल कर नहीं आ रहे हैं। खामोश हैं बुद्धिजीवी पत्रकार और आलोचक। केंद्र सरकार कहती है कि तीन कानून किसानों की बेहतरी के लिए है, तो वहीं किसान कहते हैं कि ये कानून उन्हें कंगाल बना देंगे। चैनल वाले खबरें तो दिखा रहे हैं, लेकिन बस खबरें। अखबारों ने भी मौन साध लिया है। लोग गाहे बगाहे, चाय की दुकानों या फिर अड्डा मारते वक्त किसानों के प्रति हमदर्दी तो दिखाते हैं, लेकिन खुल कर बात करने की हिम्मत किसी में नहीं है। खुलकर इनका समर्थन करने का माद्दा किसी भी संस्था में नहीं दिख रहा है। कुल मिलाकर यदि यह कहें कि इस सरकार से पंगा लेना कोई नहीं चाहता, तो शायद गलत नहीं होगा।

## वरना पूरे देश में हाहाकार मच जाता



दिलीप शुक्ला


राहुल गांधी ने अपने ट्वीटर अकाउंट पर एक फोटो पोस्ट किया है, जिसमें एक प्रदर्शनकारी किसान पर एक जवान लाठीचार्ज करते हुए देखा जा सकता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि बड़ी ही दुखद फोटो है। हमारा नारा तो जय जवान जय किसान का था, लेकिन आज पीएम मोदी के अहंकार ने जवान को किसान के खिलाफ खड़ा कर दिया। यह बहुत खतरनाक है। जवान और किसानों को लड़ा दिया है। अब आप लोग उस वायरल पोस्ट को देखने के बाद क्या कहेंगे? इसकी निंदा करेंगे, या कहेंगे कि यह सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। भाजपा सरकार में देश की व्यवस्था किस तरह से चरमरा गई है, यह अब सोचने वाली बात है। आश्चर्य की बात तो ये ही है कि जब भाजपा के खरबपति मित्र दिल्ली आते हैं, तो उनके लिए लाल कालीन डाली जाती है, मगर दुख की बात यह भी है कि किसानों के लिए दिल्ली आने के रास्ते खोदे जा रहे हैं। यह कहां का नियम है कि दिल्ली किसानों के खिलाफ कानून बनाए वह ठीक, मगर सरकार को अपनी बात सुनाने किसान दिल्ली आए तो वह गलत?

**ऐसा क्यों ?**

**किसानों को रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस, वॉटर कैनन और लाठीचार्ज भी किया, जिसको लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट करके केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।**

कुछ किसानों ने आवाज उठाई कि वे या तो रामलीला मैदान में जाना पसंद करेंगे, या जंतर मंतर पर कृषि कानूनों का विरोध करना करना पसंद करेंगे, लेकिन सरकार ने किसानों की एक सुनी। ऐसे में यदि यह कहें कि कृषि विकास को चाहिए ठोस पहल, यह इसलिए, क्योंकि कृषि का अर्थव्यवस्था में योगदान सिर्फ 15 प्रतिशत है, लेकिन करीब 45 से 60 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर है। ऐसे में कृषि का यदि अच्छे से विकास हो, किसानों को उनकी उपज का अच्छा पैसा मिले, तो कृषि कार्यों से जुड़े 45 से 60 प्रतिशत लोगों की जिंदगी बेहतर हो जायेगी। यह अच्छी बात है कि कोरोना काल में लॉकडाउन लगने या जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति बंद होने या अन्य कारणों से कृषि बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं हुआ है, वरना पूरे देश में हाहाकार मच जाता और हम अन्न के लिए तरस जाते।

# अन्नदाता को आतंकवादी कहना किसान का अपमान



के.पी. मलिक

तीन नए कृषि कानूनों से असंतुष्ट किसानों का आंदोलन आगे बढ़ता हुआ दिल्ली आ पहुंचा है। पंजाब और हरियाणा से शुरू हुआ यह आंदोलन उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी कई जगह फैल चुका है। जगह-जगह किसानों पर पुलिस के अलावा सेना से लाठियां, पानी की बोछारें, आंसू गैस के गोले और दूसरे अत्याचार कराए जा रहे हैं। जहां तक मैं समझता हूं इन किसानों की कोई बड़ी और नई मांग भी नहीं भी नहीं है। किसान सिर्फ संशोधित कृषि कानूनों में, पहले से चला आ रहा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को जारी रखने को कह रहे हैं, बस जो कि कई दशकों से चला आ रहा है हालांकि वाजपेई सरकार में शांता कुमार कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार एमएसपी पर सिर्फ 7 फ़ीसदी किसानों की ही फसल खरीदी जा पाती है। किसानों का कहना है कि सरकार ने बिना किसी चर्चा के, बिना किसी जानकार की राय लिए और बिना किसानों का भला सोचे बिना कृषि बिलों में संशोधन कर दिया है। सवाल यह है कि किसान, क्यों अपनी ही जमीन पर अपनी मेहनत से उगाने वाले अनाज का वह मूल्य भी नहीं ले सकता, जो सरकारों ने ही तय कर रखा है। आज तक किसी किसान ने यह तो नहीं कहा कि उसे अपनी मर्जी से फसलों का भाव चाहिए। आज देश में बनने वाली हर चीज का रेट कंपनियां तय करती हैं, लेकिन किसानों ने आज तक उसी भाव को चुपचाप स्वीकार किया, जो सरकार ने तय कर दिया। और अब उसके उस भाव को भी खा जाने की कोशिश पर अगर वह आंदोलन कर रहा है, और वह भी सिर्फ इसलिए कि उसे जो समर्थन मूल्य सरकार ने गारंटी के तौर पर तय कर रखा है, वह मिलना चाहिए, तो उसे आतंकवादी, खालिस्तानी और देशद्रोही कहा जा रहा है?

मेरा मानना है कि किसानों का दिल्ली में मोदी सरकार को सरकार को स्वागत करते हुए उनको उनकी बात कहने का हक देना चाहिए। आज जब देश की अर्थव्यवस्था धरातल में है, तो यही किसान है, जिसने उसे अपने बल पर कुछ हद तक संभाल रखा है। लॉकडाउन में जब लोगों का रोजगार चला गया, लोगों को खाने के लाले पड़ गए, और कार्पोरेट घराने, नेता काफी हद तक नौकरीपेशा अपनी जान बचाने के लिए अपने-अपने घरों में महफूज थे, तो यही किसान था, उस समय भयंकर गर्मी और चिलचिलाती धूप में अपने गेंहू के खेतों में लगातार काम करते हुए पूरे देश को अन्न खिलाने का काम किया था। यहां तक भूखों को उनके घर जाकर खाना खिलाया। आज वही अन्नदाता अपनी बात कहना चाहता है, तो वह देशद्रोही और आतंकवादी हो गया? क्या देश के अन्नदाता को अपने हक के लिए सरकार से बात करने का भी हक नहीं है। सरकार शायद भूल रही है कि देश की लगभग 80 फीसदी आबादी आज भी किसान परिवारों से ही है और यही आबादी सरकार बनाती और गिराती है। यह कैसा चलन है कि अगर कोई पढ़ा-लिखा व्यक्ति सरकार से सवाल पूछे, तो वह देशद्रोही हो गया? अगर कोई बुद्धिजीवी सवाल पूछे तो वह पाकिस्तानी और अर्बन नक्सली हो गया? अगर कोई किसान, गरीब रोटी और दवा मांग ले तो वह आतंकवादी हो गया? अगर कोई आदिवासी अपनी जमीन बचाने के लिए सरकार की खिलाफत करे, तो वह नक्सली हो गया? अगर कोई विद्यार्थी सरकार के तौर-तरीकों से इत्तिफाक न रखता हो, तो वह टुकड़े-टुकड़े गैंग का सरगना या सदस्य हो गया? और अगर कोई सरकार से सवाल पूछ ले, तो वह देशद्रोही हो गया? मैं पूछना चाहता हूं कि अब जो किसानों के खिलाफ साजिश कर रहे हैं, उन पर लाठियां बरसवा रहे हैं, वे कौन हैं? जो किसानों को आतंकवादी कह रहे हैं, क्या वे पाकिस्तान का खाना खाते हैं? ऐसे लोगों को इतनी भी शर्म नहीं आती कि वे इसी देश की मिट्टी में पले-बढ़े हैं और इसी मिट्टी का अनाज खाकर बड़े हुए हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ क्या सख्त से सख्त कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। किसान आंदोलन कोई आज की बात नहीं है, पहले भी किसानों ने बहुत आंदोलन किए हैं। चौधरी चरण सिंह, महेंद्र सिंह टिकैट, चौधरी बंसीलाल, चौधरी देवीलाल चौटाला और भी कई किसान नेता जिनके आगे सरकार घुटने टेक देती थी, लेकिन कभी भी किसी सरकार ने आज तक किसानों को देशद्रोही और आतंकवादी नहीं कहा। इतिहास गवाह है कि



किसानों ने कभी भी सरकार से अनुचित लड़ाई नहीं लड़ी है। उसने अपनी मेहनत का हमेशा वाजिब हक ही सरकारों से मांगा है, वह उतना ही वाजिब जिसमें उसे घाटा भी रहा हो, पर उसका जीवन चलता रहे। कोई किसान नहीं कहता कि उसकी दो रुपए की चीज कंपनियों की तरह 100 रुपए एमआरपी पर बेचने का उसे हक दिया जाए। आज भी किसानों की अधिकतर फसलें सरकार उधारी पर खरीदती है, चीनी मिलें तो उसे सालों तक पैसा नहीं देतीं, जबकि किसान की एक फसल के पैसे से ही वह दूसरी फसल कर पाता है, तब भी उसने कभी इसके लिए सरकार से लड़ाई नहीं लड़ी। क्या सरकार कंपनियों से यह काम करवा सकती है कि वे अपनी चीजें लोगों को उधार दे दें और साल-दो साल में पैसा लेती रहें?

आज वह अगर संशोधित कृषि बिलों पर संशय करते हुए उनका का विरोध कर रहा है तो सरकार उससे एक-दो घंटे की बात करने से भी कतरा रही है और 3 दिसंबर की तारीख को बार-बार ऐसे दोहरा रही है, जैसे वह तारीख कोई मुहूर्त हो। क्या ये सत्ता में बैठे सियासी लोग किसकी अनुमति मिलने का इंतजार कर रहे हैं? जब सरकार को किसानों से बात करनी ही है, तो उसमें देरी क्यों? इससे तो आम लोगों की परेशानी बढ़ती जाएगी, क्योंकि जब तब सरकार उनसे बात नहीं करेगी, तब तक वे अपने-अपने घरों को लौटेंगे नहीं और सड़कें भरी रहेंगी, किसानों की भीड़ से भी और सेना की घेरेबंदी से भी। दूसरी बात सरकार को जब बात करनी ही है, तो वह किसानों से बुराड़ी आने की जिद क्यों पकड़ रही है? कई रोज से धरने पर बैठा हुआ और सैकड़ों किलोमीटर चलकर आया हुआ किसान पहले ही थका हुआ है, तो सरकार के प्रतिनिधियों को ऐसे में सिंधु बॉर्डर पर चले जाने में क्या तकलीफ है? आज किसानों ने कहीं सेना का विरोध करते हुए छिटपुट पत्थर फेंककर विरोध कर दिया, तो उस पर धारा 307 के तहत मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। लेकिन वही किसान जब अपनी बात बहुत ही आराम से कहना चाहता है, तो उस पर लाठियां बरसवाना, आंसू गैस के गोले फेंकवाना, सर्दी में पानी की ऐसी बोछार मरवाना, जिसके सामने आने पर आदमी 10 मीटर दूर जाकर गिरे, हो सकता है उसे गहरी चोटें लगें। सड़कें खुदवा देना, आतंकवादियों से या किसी दुश्मन से लड़ाई की तैयारी जैसे वैरिकेट लगवाना क्या अपराध नहीं है?

मेरे कहने का मतलब सिर्फ इतना ही है कि देश को तभी खुशहाल माना जा सकता है, जब देश का आम आदमी खुश होगा और किसान, मजदूर से ज्यादा आम कोई नहीं होता। इसलिए सरकार को किसानों की बात सुननी चाहिए और अगर प्रधानमंत्री मौखिक रूप से गारंटी देने की बात कह ही रहे हैं, तो यह गारंटी नए कृषि बिलों में लिखित में देनी चाहिए। ताकि देश में किसी तरह के आंदोलन की आग न भड़के और कोरोना-काल में लॉकडाउन और दूसरी वजहों से आर्थिक पटरी से उतरा देश फिर से उन्नति और तरक्की के रास्ते पर चल सके। मैं कहता हूँ कि अगर कहीं कोई किसानों के बीच कोई अराजक तत्व घुसकर गलत बयानबाजी कर रहा है। पाकिस्तान और खालिस्तान की बात कह रहा है, तो सरकार के पास तमाम साधन है और आज तो डिजिटल मीडिया का जमाना है, सब कुछ रिकार्ड है, उसे तत्काल पकड़ा जाना चाहिए और उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि देश का अन्नदाता बदनाम न हो। क्योंकि यह वही अन्नदाता है, जो अपना नुकसान सह लेता है, लेकिन देश के साथ गद्दारी कभी नहीं करता। यह वही अन्नदाता है, जिसने अंग्रेजों के खिलाफ सबसे ज्यादा लड़ाई लड़ी। यह वही अन्नदाता है, जो आज भी अपने ऊपर लाठियां बरसाने वाले सैनिकों, पुलिसकर्मियों को खाना आज भी खाना खिला रहा है, पानी पिला रहा है।

**(लेखक 'दैनिक भास्कर' के राजनीतिक संपादक हैं)**

# ओंकार सतनाम ही एक अटल सत्य

**गुरुनानक देव जी की सीखें हर काल में प्रासंगिक रहेंगी।**

**एक ओंकार सतनाम, कर्तापुरख, निर्माह निर्वैर, अकाल मूरत, अजूनी सभं. गुरु परसाद॥**



डॉ नीलम महेंद्र

ये गुरुनानक देव जी के मुख से निकले केवल कुछ शब्द नहीं हैं। ना ही इनकी ये पहचान है कि ये गुरुग्रंथ साहिब का पहला भजन है। ये तो वह मूल मंत्र है, जो ना सिर्फ सिख संगत को उस सर्वशक्तिमान ईश्वर के गुणों से रूबरू कराता है, बल्कि सम्पूर्ण मानव समाज को ही दिशा दिखाता है। श्री गुरुनानक देव जी के मुख से निकले ये शब्द वे बीज हैं, जो कालांतर में सिख धर्म की नींव बने। विश्व के पांचवें सबसे बड़े धर्म के संस्थापक गुरुनानक देव जी की सीखों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता की बात करने से पहले हम सिख शब्द को समझ लें। दरअसल, सिख का अर्थ होता है शिष्य। अर्थात जो गुरुनानक देव जी की सीखों को एक शिष्य की भांति अपने आचरण और जीवन में अपना ले, वह सिख है और हम सभी जानते हैं कि उनकी सीखों में सबसे बड़ा धर्म मानवता है, इसलिए उनकी सीखें हर काल में प्रासंगिक हैं।

जब गुरुनानक देव जी कहते हैं कि एक ओंकार, सतनाम, तो उनके अध्यात्म की इस परिभाषा को केवल उनके अनुयायी ही नहीं, बल्कि प्राचीन वेद विज्ञान से लेकर आधुनिक विज्ञान भी स्वीकार करने पर विवश हो जाता है। वे कहते हैं, एक ओंकार सतनाम यानी ओंकार ही एक अटल सत्य है। ओंकार यानी ॐ। यह तो हम सभी जानते हैं कि हम जो भी कहते हैं, जिन भी शब्दों का उच्चारण करते हैं, उनकी एक सीमा होती है, लेकिन ओंकार असीमित है। प्राचीन ऋषियों ने भी ॐ को अजपा कहा है, क्योंकि ॐ शब्दातीत है, यानी शब्दों से परे है। और आधुनिक विज्ञान भी यह स्वीकार करता है कि ॐ कोई ध्वनि नहीं, बल्कि एक अनाहत नाद है, क्योंकि ध्वनि तो दो वस्तुओं के टकराने से या कंपन से उत्पन्न होती है लेकिन ॐ किसी से टकराने से उत्पन्न नहीं हुआ। जहाँ टकराहट हो, वहाँ भला ॐ कहाँ? जब भीतर बिल्कुल शांति हो, अंदर के सारे स्वर बंद हो जाएं, सभी द्वंद मिट जाए, तो एक अनाहत से हमारा संपर्क होता है और हम ॐ से जुड़ पाते हैं और एक अनोखी ऊर्जा को महसूस कर पाते हैं। ॐ का हमारे भीतर के सत्य और शुभ से लेना देना है। इसलिए जब वे कहते हैं कि एक ओंकार, तो वे कहना चाहते हैं कि ईश्वर एक ही है, जो हम सब के भीतर ही निवास करता है और यही सबसे बड़ा सत्य भी है।



**॥ जप आद सच, जुगाद सच, है भी सच, नानक होसे भी सच॥**

**गुरुनानक जी कहते थे, किसी से मांग कर नहीं खाना और ना किसी का हक मार कर खाना। अपनी मेहनत पर ही हमारा हक है और मेहनत करना हमारा फर्ज है।**

जब 15वीं सदी में गुरुनानक देव जी ने सिख धर्म की स्थापना की थी, तो यह धर्म के प्रति लोगों के नजरिए पर एक क्रांतिकारी बदलाव की शुरुआत थी। यह उस विरोधाभासी सोच पर प्रहार था, जो व्यक्ति के सांसारिक जीवन और उसके आध्यात्मिक जीवन को अलग करती थी। अपने विचारों से गुरुनानक देव जी ने उस काल के सामाजिक और धार्मिक मूल्यों की नींव ही हिला दी थी। उन्होंने पहली बार लोगों को यह विचार दिया कि मनुष्य का सामाजिक जीवन उसके आध्यात्मिक जीवन की बाधा नहीं है, बल्कि उसका अविभाज्य हिस्सा है। सदियों की परंपरागत सोच के विपरीत गुरुनानक जी वे पहले ईश्वरीय दूत थे, जिन्होंने जोर देकर कहा था कि ईश्वर पहाड़ों या जंगलों में भूखा रहकर खुद को कष्ट देने से नहीं मिलते, बल्कि वह सामाजिक जीवन जीते हुए दूसरों के कष्टों को दूर करने से मिलते हैं। उनके अनुसार व्यक्तिगत मोक्ष का रास्ता सेवा कार्य द्वारा समाज के लोगों को दुखों से मोक्ष दिला कर निकलता था। इसके लिए उन्होंने अपने भक्तों को सेवा ते सिमरन का मंत्र दिया। उस दौर में जब लोगों को यकीन था कि ईश्वर से एकाकार के लिए संन्यास के मार्ग पर चलना आवश्यक है, तो उन्होंने अपने भक्तों को मध्यम मार्ग अपनाने के लिए कहा, जिस पर चलकर गृहस्थ आश्रम का पालन भी हो सकता है और आध्यात्मिक जीवन भी अपनाया जा सकता है। आज के भौतिकवादी युग में गुरुनानक देव जी का यह नजरिया आत्मकल्याण ही नहीं, समाज कल्याण की दृष्टि से भी बेहद प्रासंगिक है और उन्होंने अपने इस जीवन दर्शन को अपनी जीवन यात्रा से चरितार्थ करके भी दिखाया। अपने जीवन काल में उन्होंने खुद एक गृहस्थ जीवन जीते हुए आध्यात्म की ऊँचाइयों को छूने वाले एक संत का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण समाज के सामने प्रस्तुत किया। इस सोच के विपरीत कि संसार माया है, मिथ्या है, झूठ है, फरेब है, उन्होंने कहा कि संसार ना सिर्फ सत्य है, बल्कि वह साधन है, वो कर्मभूमि है, जहाँ हम ईश्वर की इच्छा से उनकी इच्छानुसार कर्म करने के लिए आए हैं। उनका मानना था, हुकम राजायी चलना नानक लिख्या नाल अर्थात सब कुछ परमात्मा की इच्छा के अनुसार होता है और हमें बिना कुछ कहे इसे स्वीकार करना चाहिए।

लेकिन परमात्मा के करीब जाने के लिए संसार से दूर होने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि उस परमपिता के द्वारा दिए गए इस जीवन में हमारा नैतिकतापूर्ण आचरण ही हमारे जीवन को उसका आध्यात्मिक रूप और रंग देता है। उन्होंने ध्यान, तप योग से अधिक सतकर्म को और रीत रिवाज से अधिक महत्व मनुष्य के व्यक्तिगत नैतिक आचरण को दिया। इसलिए वे कहते थे कि सत्य बोलना श्रेष्ठ आचरण है, और सच्चाई के साथ जीवन जीना सर्वश्रेष्ठ आचरण है। आज जब पूरी दुनिया में दोहरे चरित्र का होना ही सफलता प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण गुण बन गया हो और नैतिक मूल्यों का लगातार ह्रास हो रहा हो, तो गुरुनानक जी की ये सीखें सम्पूर्ण विश्व के लिए पथप्रदर्शक का काम कर सकती हैं।

आज के दौर में जब मनुष्य अपने खुद के लिए भी समय न निकाल पा रहा हो, ऐसे समय में गुरुनानक देव जी के द्वारा जीवन जीने के लिए दिए गए बेहद सरल तीन सूत्र निस्संदेह मनुष्य को न सिर्फ खुद से बल्कि अपने परिवार और समाज दोनों से जोड़कर असीम शांति का अनुभव करा कर उसके तन मन और जीवन तीनों में एक नई ऊर्जा भर सकते हैं। ये तीन सूत्र हैं, जपना, कीर्त करना और वंड के छकना।

**1.** जपना, यानी सबसे पहले जप करना अर्थात उस परम पिता का नाम जपना जब भी समय मिले, जहाँ भी जगह मिले पूरी श्रद्धा से उस सर्वशक्तिमान को याद करना उसका शुक्रिया अदा करना।

**2.** दूसरा कीर्त मतलब कमाई करना, क्योंकि प्रभु ने हमें जो परिवार दिया है, उसका पालन करने के लिए हमें कर्म करना चाहिए। वे कहते थे, किसी से मांग कर नहीं खाना और ना किसी का हक मार कर खाना। अपनी मेहनत पर ही हमारा हक है और मेहनत करना हमारा फर्ज है।

**3.** तीसरा वंड के छकना मतलब बांट कर खाना। वे कहते थे कि हर मनुष्य को अपनी कमाई का दसवां हिस्सा परोपकार में लगाना चाहिए। वह स्पष्ट कहते थे कि धन को केवल जेब तक ही सीमित रखना चाहिए, उसे अपने ह्रदय में स्थान नहीं बनाने देना चाहिए, वह क्योंकि मानव की मुक्ति का मार्ग समाज के दुखों की मुक्ति से होकर निकलता है धन दौलत इकट्ठा करने से नहीं।

दरअसल वह जानते थे कि कोई भी समाज तब तक तरक्की नहीं कर सकता और ना ही स्वस्थ रह सकता है जब तक कि उस समाज में कर्म के महत्व को एक गौरव नहीं प्रदान किया जाता। इसलिए उन्होंने कर्म को मानव जीवन का ना सिर्फ एक महत्त्वपूर्ण गुण बताया, अपितु उसे मनुष्य की सामाजिक और आध्यात्मिक जिम्मेदारी भी बताया। यही कारण है कि आज भी देश या विदेश के किसी भी संकट के समय, चाहे वो युद्ध हो, या कोई प्राकृतिक आपदा, सिख संगत मदद के लिए सबसे आगे रहती है। सिख समाज ना सिर्फ गुरुद्वारे में लंगर, बल्कि जरूरत के वक्त जरूरतमंदों को निःशुल्क स्वच्छ भोजन पानी और अन्य बुनियादी सुविधाएं देने के लिए आगे आता है।

## सारसुर्खियां



### भाजयुमो अध्यक्ष लटवाल का कार्यकताओं ने किया स्वागत

**बेरीनाग।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कुंदन लटवाल के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद बेरीनाग भ्रमण के कार्यक्रम में राईआगर में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा बेरीनाग इन्द्र धानिक के नेतृत्व भाजपा युवा मोर्चा के के कार्यकताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष कुंदन लटवाल ने गांव गांव में जाकर अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी के साथ जोडने के साथ ही राज्य और केन्द्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी लोगों को देने की अपील की। प्लान आयोग के सदस्य अनिल शाही का भी स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष भाजपा मंडल गणाई रवींद्र बनकोटी , चंदन कोश्यारी, , हरीश कोरंगा,नंदन कोश्यारी ,कमलेश राठौर,लक्ष्मण सिंह भंण्डारी आदि मौजूद थे।

### कुष्ठ रोगियों को गर्म कपड़े बांटे

**काशीपुर।** उत्तराखंड एथलेटिक्स सलेक्शन कमेटी के चेयरमैन विजेंद्र चौधरी के पिता स्व. चौधरी शिव नारायण सिंह की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर गरीब एवं कुष्ठ रोगियों को गर्म कपड़े, फल एवं आहार वितरित किया गया।इस अवसर पर विजेंद्र चौधरी ने कहा कि हर वर्ष की भांति पिताजी की पुण्यतिथि पर एक जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष कोरोना को ध्यान में रखते हुए प्रतियोगिता स्थगित कर दी गई है । इस अवसर पर पूर्व कोतवाल विजय चौधरी, नीटू चौधरी, पौत्री अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सर प्रियंका चौधरी, सिद्धार्थ चौधरी, सानिध्य चौधरी, अभिमन्यु चौधरी, आदि ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## सामाजिक संगठनों ने झील, नालों में चलाया सफाई अभियान

भास्कर समाचार सेवा

**भीमताल।** हिमालयन जन सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में स्थानीय युवाओं ने बरसाती नालों से भीमताल झील में आये कूड़ा-करकट, प्लास्टिक, बोतलें एवं तमाम गंदगी को एकत्र कर कट्टों में भरकर निस्तारण किया।

झील किनारे बने समर हाउस कि सफाई की, टीम के प्रत्येक सदस्य ने बारी-बारी से डाठ डैम भीमेश्वर मंदिर समीप झील के किनारे घण्टे भर साफ-सफाई का कार्य किया। सामाजिक कार्यकर्ता पूरन चंद्र बृजवासी ने सिंचाई विभाग, जिला झील विकास प्राधिकरण एवं नगर प्रशासन, जिला प्रशासन आदि से झील, झील में आ रहे सभी नालों की साफ-सफाई की मांग की है। साथ ही हिमालयन जन सेवा फाउंडेशन की संस्थापक फरहा खान ने पुनः स्थानीय लोगो से इस मुहिम में जुड़ने की अपील की है ताकि भीमताल झील को कचरा मुक्त किया जा सके। आज झील साफ-सफाई के कार्यक्रम में शामिल फाउंडेशन अध्यक्षा फरहा खान, सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी, मनोज कुमार, हर्षल कन्नोजिया, तेजेन्द्र पडियार, रिज़वान खान , हर्षित पांडेय एवं अभिजीत शेट्टी आदि थे।



भीमताल में हिमालयन जन सेवा फाउंडेशन ने चलाया सफाई अभियान।

### मल्लीताल में प्लास्टिक कूड़ा एकत्र किया

**नैनीताल।** जय जननी जय भारत के सदस्यों ने एक पहल एक सोच लेकर,संकल्प सेवा शक्ति, भोटिया मार्किट, के साथ मिलकर सयुक्त सफाई अभियान पंगोट रोड मल्लीताल में सफाई अभियान चलाकर अनगिनत शराब की साबुत, टूटी हुवी बोतले, बिसलेरी की बोतलें, वे कूड़ा निकाला। सभासद मनोज शाह जगाती ने बताया हमारी टीम जो नैनीताल मैं लगातार सफाई अभियान लिए कर रही है। लोगों से भी अपने क्षेत्र को साफ रखने का आव्हान किया जा रहा है जिससे हमारा शहर स्वच्छ रहे। तेंजिन छिरिंग खम्पा, आनंद सिंह खम्पा, मनोज साह जगाती(सभासद नगर पालिका, परवेज़ आलम , मौजूद थे। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**नैनीताल में भी चला अभियानः**
**नैनीताल।** सरोवर नगरी के ग्रीन आर्मी और हीलदारी द्वारा संयुक्त सफाई अभियान बिरला रोड और सत्यनारायण मंदिर मल्लीताल के पास चलाकर दोनों स्थानों से लगभग 8 कट्टे कूड़े कचरे के निकाले जिसमें शराब की बोतल सहित बायो हैजर्ड कूड़ा निकाला गया। अभियान में हीलदारी की टीम से सुरेन्द्र, राज व ग्रीन आर्मी से जय जोशी, गोविंद प्रसाद, कंचन जोशी, अवर्णिक जोशी, सुरेश चंद, संजय कुमार, मोहित, अभिनव, करन आदि थे।

## कोविड-19: रामपुर सीमा पर हो रही है उत्तराखण्ड आने वालों की जांच

भास्कर समाचार सेवा

- प्रशासन ने रोज 250 लोगों की जांच का फैसला लिया
- दिल्ली में बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर उठाया प्रशासन ने कदम

**रुद्रपुर।** दिल्ली में कोरोना संक्रमण के तेजी से बढ़ने के बाद अब जिले की सीमा पर सख्ती कर दी गई है। दिल्ली से आने वाले वाहन चालकों और यात्रियों को रैपिड एंटीजन टेस्ट के बाद ही सीमा पार करने की अनुमति दी जा रही है। रामपुर सीमा पर 250 लोगों की जांच की गई। रिपोर्ट निगेटिव आने पर लोग अपने गंतव्यों को रवाना हुए।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से रामपुर सीमा पर रैपिड एंटीजन टेस्ट किए गए। प्रभारी सीएमओ डॉ. हरेंद्र मलिक ने बताया कि एहतियातन दिल्ली से आने वाले लोगों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि कोरोना पॉजीटिव पाए जाने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती किया जा रहा है। सीमा पर एक दिन में 250 लोगों की जांच का लक्ष्य रखा गया है, इसे बढ़ाने की तैयारी की जा रही है।

वहीं, एसपी क्राइम प्रमोद कुमार ने बताया कि सीमा पर दिल्ली से आने वाले लोगों को जांच के लिए रोकने के आदेश दिए हैं। हालांकि, शासन की ओर से अभी इस संबंध में आदेश नहीं मिला है।

## काशीपुर में खोला जाये टाटा कैंसर इंस्टीट्यूट : हरभजन

भास्कर समाचार सेवा

**काशीपुर।** क्षेत्रीय विधायक हरभजन सिंह चीमा ने कहा है कि वे टाटा कैंसर इंस्टीट्यूट काशीपुर में स्थापित किए जाने का आग्रह प्रदेश के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से करेंगे।

चीमा ने बताया कि विभिन्न समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें जानकारी मिली है कि विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए टाटा ट्रस्ट हल्द्वानी में कैंसर इंस्टीट्यूट खोलेगा। प्रस्ताव पर राज्य सरकार की सहमति मिलते ही भवन निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में टाटा कैंसर इंस्टीट्यूट खोला जाना समय की मांग है, लेकिन इसकी स्थापना काशीपुर में होनी चाहिए। विधायक चीमा ने कहा कि देश में राजधानी देहरादून के साथ ही ऋषिकेश में एआइआइएमएस, हल्द्वानी में मेडिकल कालेज अन्य स्थानों पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों को मिल रही हैं।

रुद्रपुर में भी मेडिकल कॉलेज बनने जा रहा है, किंतु प्रदेश के मध्य भाग काशीपुर विधानसभा क्षेत्र में लोग स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं, इसलिए वे मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से मिलकर यह आग्रह करेंगे कि टाटा कैंसर इंस्टीट्यूट काशीपुर में स्थापित किया जाए।



वे टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन रतन टाटा से भी इस हेतु आग्रह करेंगे। काशीपुर प्रदेश के मध्य में होने से मरीज़ों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया हो सकेगी। विधायक चीमा ने कहा कि प्रदेश के प्राधिकरण से जनता को अपने आवासीय एवं व्यापारिक भूखंडों के नक्शों को पारित कराने हेतु जूझना पड़ रहा है और भ्रष्टाचार की भी शिकायत हमें मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत भी प्रदेश से प्राधिकरण को समाप्त करने की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रख चुके हैं।

## बेरीनाग में नाबालिग की शादी रूकवाई

**बेरीनाग।** तहसील मुख्यालय से दो किलोमीटर दूरी पर स्थित एक गांव में नाबालिग की शादी होने की सूचना प्रशासन को मिली। नायब तहसलीदार हिमांशु जोशी और प्रभारी थानाध्यक्ष राकेश के नेतृत्व में बाल विकास, राजस्व विभाग और पुलिस कर्मी नाबालिग के घर पहुंचे। जहां पर बारात आने की रस्में पूरी की जा रही थी। तभी प्रशासन की टीम ने नाबालिग की उम्र के प्रमाण पत्रों का निरीक्षण किया तो उसकी उम्र 15 वर्ष 6 माह निकली।

जिस पर प्रशासन ने लकड़ी के परिजनों से शादी नही करने को कहा। लेकिन परिजन अपनी समस्या बताकर प्रशासन से शादी करने के लिए गुहार लगाते रहे लेकिन प्रशासन ने जबरन शादी करने पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। जिसके बाद परिजन मान गये। उम्र पूरी होने के बाद शादी करने करने की बात लिखित में दी। बारात पुरानाथल क्षेत्र के एक गांव से आने वाली थी। इस दौरान प्रशासन ने लड़के वाले पक्ष से यहां पर नाबालिग से शादी पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। प्रशासन की इस कार्रवाई में नायब तहसीलदार हिमांशु जोशी,राजस्व निरीक्षक पीसी गोस्वामी,राजस्व उप निरीक्षक राजेंन्द्र भंडारी, योगेश कार्की, प्रभारी थानाध्यक्ष राकेश राय, सुरेन्द्र दानू,संजीव यादव, मोहन सिंह थे।

## कोरोना संक्रमण से मृत्यु दर घटानें पर दें ध्यानः रंजना

### संक्रमित मरीज मिलने पर प्रशासन या स्वास्थ्य विभाग को सूचना देने के निर्देश

भास्कर समाचार सेवा

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी रंजना राजगुरू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट सभागार में कोविड-19 से सम्बन्धित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होने प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरेन्द्र मलिक को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में आरटीपीसीआर की जांच को और बढाय़ें एवं आरटीपीसीआर जांच की लैब को पूरी क्षमता के अनुसार चलाऐं। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वाहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करें। यदि किसी अधिकारी के स्तर पर कोई लापरवाही प्रकाश में आती है तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

कहा कि क्षेत्र की आशाओं और आगंनबाड़ी कार्यकत्री यह सुनिश्चित करें कि सिम्टोमेटिक मरीज मिलते हैं तो उसकी सूचना तत्काल स्वास्थ्य विभाग व जिला कान्ट्रोल न0-05944-250250 पर दें। उन्होने सभी क्लीनिक व निजी अस्पतालों को निर्देश दिए हैं कि कोरोना संक्रमित मरीज यदि उनके सम्पर्क में आते है तो वह उक्त मरीज की सूचना तत्काल स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन को उपलब्ध करायें। उन्होने कहा कि यदि किसी भी क्लीनिक या निजी अस्पतालों द्वारा लापरवाही बरती गई तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग को कोरोना संक्रमण से मृत्यु दर कैसे घटे पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होने स्वास्थ्य विभाग की टीम को निर्देश दिए है कि कोविड संक्रमित व्यक्ति की गहनता से जांच करने के उपरान्त यह पता करें कि मरीज कोरोना से पूर्व किसी अन्य बिमारी से ग्रसित तो नहीं हैं, उसके अनुसार उपचार करें।

इस अवसर पर सीडीओ हिमांशु खुराना, अपर जिलाधिकारी जगदीश चन्द्र काण्डपाल, बंशीधर तिवारी, सचिव जिला विकास प्राधिकरण पंकज उपाध्याय, एसीएमओ डॉ0 अविनाश खन्ना आदि थे।



जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश जारी किए।

## व्यापार मंडल के चुनाव में हुआ 98 फीसदी मतदान

भास्कर समाचार सेवा

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नवज्योति क्लब में तल्लीताल व्यापार मंडल मंडल चुनाव को लेकर मतदान तय समय अनुसार हुआ। मतदाता नई कार्यकारिणी बनाने को लेकर उत्साहित नजर आए। मतदान करने पहुंचे लंबी-लंबी लाइनों में खड़े होकर मतदान किया। 98 फीसदी मतदान की चुनाव में हुआ है।

मुख्य चुनाव अधिकारी विपिन कांडपाल ने बताया कि 431 मतदाताओं में से 415 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान 3:30 बजे तक किया गया। खबर लिखे जाने तक मतगणना जारी थी। चार राउंड की मतगणना पूरी होने पर अध्यक्ष पद पर मारुति नंदन शाह आगे थे। मध्यरात्रि तक मतगणना पूरी होने की संभावना है। चुनाव संपन्न कराने में मोहम्मद यूनुस सलमानी, विक्की लामबा, राकेश लामबा, सईब अहमद,महेश जोशी, पवन बिष्ट शामिल रहे।

तल्लीताल व्यापार मंडल चुनाव में अध्यक्ष अध्यक्ष पद पर मारुति नंदन साह व मनोज साह, उपाध्यक्ष पद पर राजेन्द्र मनराल, सुमित साह, नासिर खान, विक्रम राठौर, महिला उपाध्यक्ष पर आरती बिष्ट, ममता जोशी, महासचिव पद पर हेमंत रुबाली, अमनदीप सिंह, उपसचिव पद पर पंकज राठौर, कनक साह, जयंत उप्रेती, मोहम्मद रेहान, कोषाध्यक्ष पद पर सुरेश चंद्र सिंह, मयंक साह, तथा हरीश लाल भाग्य आजमा रहे हैं।

## भाजपा का परचम लहरायेंगेः पाण्डे

भास्कर समाचार सेवा

**गदरपुर।** वार्ड नंबर 5 रामजीवन पुर रोड स्थित नवोदय बाल विद्यालय में भारतीय जनता पार्टी द्वारा भाजयुमो जिला अध्यक्ष एवं खेलकूद प्रदेश सह संयोजक के स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, व दीनदयाल उपाध्याय की स्मृति पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष चंकित हुड़िया द्वारा किया गया। भाजयुमो खेलकूद प्रदेश सह संयोजक अतुल पांडे भाजयुमो जिला अध्यक्ष सर्वजीत सिंह एवं भाजयुमो विभाग प्रदेश सह संयोजक योगेश पानू का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों को सरोपा पहनाकर व गुरु नानक देव का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।



भाजयुमो के कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी।

कार्यक्रम के दौरान अतुल पांडे ने अपने संबोधन में कहां की जिस तरह भाजपा युवाओं पर भरोसा जताकर आगे बढ़ रही है वैसे ही युवाओं को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना होगा एवं आने वाले चुनाव में युवाओं को मेहनत कर भाजपा का परचम लहराना होगा वहीं भाजयुमो जिला अध्यक्ष सर्वजीत सिंह ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया एवं सभी युवाओं को एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी को मजबूत बनाने का आवाहन किया।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री अशोक खेड़ा वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष गुम्बर, हरबंस लाल छाबड़ा, मंडल अध्यक्ष चंकित हुडिया उपाध्यक्ष मदन ढिंगरा, जिला पंचायत सदस्य सुरजीत सिंह सोनू, सुदर्शन विश्वास आदि मौजूद थे।

## छात्रवृत्ति घोटाले में दर्ज हुआ धोखाधड़ी का मुकदमा

भास्कर समाचार सेवा

**काशीपुर।** छात्रवृत्ति घोटाले में एसआईटी की तहरीर पर काशीपुर कोतवाली पुलिस ने हरियाणा के एक कॉलेज के प्रबंधक/संचालक समेत समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों एवं काशीपुर निवासी युवक के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

एसआईटी निरीक्षक जीबी जोशी ने काशीपुर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि हरियाणा स्थित शांति कॉलेज ऑफ एजुकेशन और देवास महेंद्रगढ़ में अध्यनरत समाज कल्याण विभाग से छात्रवृत्ति पाए छात्रों का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान जांच में सामने आया कि कॉलेज के छात्रों को सिंडीकेट बैंक काशीपुर में खोले गए खातों के माध्यम से छात्रवृत्ति का भुगतान किया गया है।

आवास विकास निवासी नवीन कुमार पुत्र धर्मवीर अरोरा के माध्यम से फर्जी दस्तावेज लगाकर खाते खोले गए और खातों के एटीएम कार्ड भी नवीन कुमार ने लिए। नवीन ने बिचौलियों के माध्यम से छात्रों का बीएड कराने के लिए कॉलेज में फर्जी प्रवेश कराया तथा समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से सांठगांठ कर छात्रवृत्ति की 16 लाख 9 हजार 9 सौ रुपए की रकम हड़प ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक, कॉलेज के प्रबंधक और संचालक तथा समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इधर एसएसआई सतीश चंद कापडी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी है।

## फायरिंग मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**गदरपुर।** स्कैनिया चौकी क्षेत्र के अंतर्गत पूर्व में हुई पुलिस और बदमाशों के बीच फायरिंग मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार किया गया।

कुछ समय पूर्व स्कैनिया चौकी क्षेत्र के अंतर्गत कुईखेड़ी के पास पुलिस व बदमाशों के बीच हुई फायरिंग मामले में कुछ आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है और कुछ आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर थे जिनकी पुलिस द्वारा जगह जगह तलाश की जा रही थी।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने फायरिंग मामले में शामिल जिंदू उर्फ हरजिंदर सिंह पुत्र गुरमीत सिंह निवासी ग्राम कंगन गड़ी थाना मिलक खानम जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश को घटना में प्रयुक्त तमंचे 315 बोर एवं एक खोखा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त हुई बाइक को भी बरामद किया गया।

### बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दिया चीफ जस्टिस को प्रतीक चिन्ह, मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा

## चीफ जस्टिस ने दीवानी न्यायालय का निरीक्षण किया

भास्कर समाचार सेवा

**काशीपुर।** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने दीवानी न्यायालय का निरीक्षण किया। बार एसोसिएशन ने उनका स्वागत कर समस्याओं का मांगपत्र सौंपा। रविवार को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति रवि मालीमथ दीवानी न्यायालय पहुंचे। जहां बार एसोसिएशन अध्यक्ष इंदर सिंह की अगुवाई में पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों ने उनका स्वागत कर प्रतीक चिह्न सौंपा। बार एसोसिएशन सचिव संदीप सहगल एडवोकेट ने बताया कि मुख्य न्यायाधीन ने न्यायालय की बिल्डिंग की स्थिति को देखते हुए प्रस्ताव भेजने को कहा है। वहीं मुख्य न्यायाधीश को मांग पत्र सौंपकर बार ने काशीपुर तहसील में शामिल हुए 19 गांवों से संबंधित सभी फौजदारी मामलों की सुनवाई के लिये लंबित पत्रावलियों को काशीपुर न्यायालय में वापस मंगाये जाने के आदेश पारित करने का निवेदन किया। साथ ही कहा कि रेलवे कोर्ट काशीपुर में स्थापित करने जिला जज का दो दिवसीय कैंप काशीपुर में लगाने तथा लवारिस वाहनों को रिलीज किये जाने का अधिकार काशीपुर न्यायालय को देने की मांग की। इस मौके पर मनोज निगोतिया एडवोकेट, ब्रजेश कुमार, प्रसून वर्मा, नीरज गुप्ता, महेंद्र सिंह, मुनिदेव विश्ननोई, अमित रस्तोगी, उमेश जोशी, विनोद पंत, शाहना, अ. सलीम, जितेंद्र कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद थे।



बार एसोसिएशन ने चीफ जस्टिस को सौंपा मांग पत्र।

### हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का बाजपुर दौरा

**बाजपुर।** उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमथ ने जिले के न्यायालयों का दौरा किया। इस दौरान पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरे का उद्देश्य 12 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत एवं 21 दिसंबर को विशेष लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जरूरी माना जा रहा है। वहीं मुख्य न्यायाधीश द्वारा दीवानी न्यायालय बाजपुर का निरीक्षण भी किया गया। मौके पर मौजूद वक़ीलों ने भी परमानेंट सिविल कोर्ट और सप्ताह में दो दिन फैमिली कोर्ट की मांग व नये तहसील भवन में कोर्ट को स्थानांतरित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।



## गुरु नानक के उपदेश घर-घर पहुंचायेंगेः राजीव

भास्कर समाचार सेवा

- महामारी के दौर में दिख रही गुरुओं के वचनों की महत्ता

**काशीपुर।** उत्तरांचल पंजाबी महासभा के अध्यक्ष राजीव घई का कहना है कि वर्तमान में धर्म निरपेक्ष शब्द मात्र एक राजनीतिक प्रतिद्वंदिता का प्रतीक बन गया है। जिससे वोटों को बटोरने का काम हो रहा। आज का पढ़ा लिखा मनुष्य सेकूलर का मतलब नहीं जनता और अब फिर से जातपात क्षेत्रवाद में बटने लगा। पर वर्तमान में कोरोना महामारी ने सभी को सोचने को मजबूर कर दिया की इंसानियत से बढ़कर कोई आगे नही है। आज अपने गुरुओं के शब्दों की महत्वता नज़र आ रही है। श्री गुरुनानक देव जी ने जो भाई चारे की निव रखी थी उसकी मज़बूती आज फिर से सभी के दिलो में बसने लगी है।

कहा कि श्री गुरुनानक देव के 551वें पावन प्रकाश पर्व के सुअवसर पर उत्तरांचल पंजाबी महासभा श्री गुरुनानक देव जी की विचारधारा व उपदेशों को घर घर पहुँचाने के प्रयासों की शुरुआत कर रही है। साथ ही कुछ आधे अधूरे प्रयास जो पूर्व में किये थे को पुनः शुरू करेगी। उत्तराखंड में श्री गुरुनानक देव जी के "पवित्र हर की पोढ़ी" के जिस स्थल पर आप जी के चरण पड़े थे व विराजमान हो कर उनके द्वारा ज्ञान दिया गया था।

श्री ज्ञानगोदढ़ि स्थल" पर हम आज तक श्री निशान साहिब नहीं लगा पाये व उस पवित्र स्थल की मान्यता व पवित्रता अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिये यादगार के रूप में नहीं बना सके।

उत्तरांचल पंजाबी महासभा के अध्यक्ष राजीव घई ने कहा कि सभी उपमा के सदस्य पवित्र गुरुपर्व पर संकल्प लेते हैं कि हम श्री ज्ञानगोदड़ी संघर्ष समिति को व इस से जुड़ी संस्थाओं को सहयोग देते हुए प्रदेश सरकार, उत्तरप्रदेश सरकार के सहयोग से व आवश्यकता पढ़ने पर केन्द्र सरकार से इस पवित्र स्थल को लेने का प्रयास करेंगे। वर्तमान में मिले एक हजार गज भूमि जो प्रेमनगर पुल हरिद्वार में स्थल निर्माण के लिये जिसका मात्र क़ब्ज़ा मिला है, पर जहां अब "नममि गंगे" परियोजना की वजह से चारों तरफ़ नाली का ख़ुदान हो जाने से भूमि को बदलना ज़रूरी हो गया है।

# खेल-कारोबार

आज ही के दिन 1858 में सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बोस का जन्म हुआ था।

## सारसुर्खियां

### ओलंपिक में 1.9 अरब डॉलर का नुकसान

**टोक्यो।** कोरोना वायरस के कारण टोक्यो 2020 को अगले साल तक के लिए स्थगित किये जाने से आयोजकों ने 1.9 अरब डॉलर के नुकसान का आकलन जताया है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) और जापान सरकार ने कोरोना महामारी को देखते हुए गत मार्च में टोक्यो में इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले ओलंपिक को अगले साल तक के लिए स्थगित करने का फैसला किया था। रिपोर्ट के अनुसार ओलंपिक स्थगित होने से पहले इन खेलों की लागत 13 अरब डॉलर की थी। आयोजन समिति दिसंबर में टोक्यो मैट्रोमोलिटियन सरकार और केंद्र सरकार से चर्चा के बाद नुकसान को लेकर पूरा आंकड़ा पेश करेगी।

### बाबर पर आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम पर एक महिला ने गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप लगाने वाली महिला के मुताबिक बाबर आजम उन्हें शादी का झांसा देते रहे और पिछले 10 साल से लगातार वो उनका शारीरिक शोषण करते रहे। महिला ने शनिवार को एक प्रेस कांफ्रेंस करके ये सारी बातें कहीं। महिला के मुताबिक उसने बाबर आजम का बेहद मुश्किल वक्त में साथ दिया और आर्थिक तौर पर भी उसकी मदद की। वो दोनों स्कूल से ही एक-दूसरे के दोस्त हैं और बाबर आजम ने साल 2010 में उनसे वादा किया था कि शादी कर लेंगे। हमने अपने घरवालों से बात की और जब वो नहीं माने तक बाबर मुझे घर से भगाकर ले गए और किराए के मकान पर भी रखा।

### शर्मनाक प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** सिडनी में भारतीय टीम ने वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में एक अनचाहा रिकार्ड अपने नाम किया है। भारत ने 978 वनडे मैच अभी तक खेले हैं, लेकिन इस मैच के बाद भारतीय टीम का वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट का वो इतिहास चकनाचूर हो गया, जिसमें टीम ने कभी भी लगातार तीन मैचों में पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारियां नहीं होने दी थीं। भारत के खिलाफ वनडे में पहले विकेट के लिए लगातार तीन बार शतकीय साझेदारी पहले कभी नहीं हुई थीं, लेकिन 2020 में ऐसा हो गया है।

# दिल्ली हाफ मैराथन में 'इथोपिया' का खिताबी डबल

- पुरुष व महिला दोनों वर्गों में रहे अव्वल



**नई दिल्ली।** इथोपिया के धावकों ने एयरटेल दिल्ली हाफ मैराथन के 16वें संस्करण में अपनी श्रेष्ठता फिर साबित करते हुए खिताबी डबल अपने नाम कर लिया। रविवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से हुई इस प्रतिष्ठित हाफ मैराथन में इथोपिया के एमदेवर्क वालेलेगन ने पुरुष वर्ग का खिताब जीता, जबकि इथोपिया की यालेमजर्फ येहुआलाव ने महिला वर्ग में दूसरा सबसे तेज समय निकलते हुए जीत हासिल की। दोनों विजेताओं को 27-27 हजार डॉलर की पुरस्कार राशि मिली।

दिल्ली हाफ मैराथन में इस बार लगभग 50 धावकों ने हिस्सा लिया। कोरोना के समय में इस बार विश्व से करीब 13500 लोगों ने अपने स्थानों पर रहकर दिल्ली हॉफ मैराथन 2020 में हिस्सा लिया। इसमें तीन वर्ग में दौड़ हुई जिसमें हॉफ मैराथन (21.097 किमी), ओपन 10के (10 किमी) और ग्रेट दिल्ली रन (पांच किमी) शामिल थी। एलीट धावकों ने नेहरू स्टेडियम से रेस दौड़ी जबकि दुनिया भर में हजारों धावक एयरटेल दिल्ली हाफ मैराथन के विशेष मोबाइल एप के जरिये इस दौड़ से जुड़े।

दौड़ का सबसे बड़ा आकर्षण 21 वर्षीय येहुआलाव का जबरदस्त प्रदर्शन रहा। पिछले महीने विश्व एथलेटिक्स हाफ मैराथन चैंपियनशिप में तीसरे स्थान पर रही येहुआलाव ने 64 मिनट 46 सेकेंड में दौड़ पूरी की जो इस हाफ मैराथन के इतिहास में दूसरा सबसे तेज समय है। उन्हें ईनामी राशि के रुप में 27000 डॉलर मिले। इसके अतिरिक्त उन्हें 10000 डॉलर रिकॉर्ड बोनस के तौर पर मिले। महिला वर्ग में केन्या को दूसरा और इथोपिया को तीसरा स्थान मिला।

पुरुष वर्ग में वालेलेगन ने दो बार के चैंपियन और हमवतन धावक बेलिहू को मामूली अंतर से हराकर पहला स्थान हासिल किया। वालेलेगन ने 58 मिनट 53 सेकेंड में दौड़ पूरी की जबकि बेलिहू ने 58 मिनट 54 सेकेंड का समय लिया। पुरुष वर्ग में इथोपिया को दूसरा और यूगांडा को तीसरा स्थान मिला। वालेलेगन को भी 27 हजार डॉलर की पुरस्कार राशि मिली।

### लड़खड़ा गईं ब्रिगिड कोसेगी

महिला वर्ग में विश्व रिकॉर्ड मैराथन रिकॉर्डधारी और हाल में लंदन मैराथन की विजेता ब्रिगिड कोसेगी दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से आठ किलोमीटर के बाद लड़खड़ाते हुए सड़क के किनारे चली गईं और रेस से हट गईं। महिला वर्ग में केन्या की रुथ चेप्नगेटिच को 65 मिनट 06 सेकेंड के साथ दूसरा और इथोपिया की एबाबल येशानेह को 65 मिनट 21 सेकेंड के साथ तीसरा स्थान मिला।

### भारत के अविनाश ने तोड़ा राष्ट्रीय रिकॉर्ड

भारत के 3000 मीटर स्टीपलचेज एथलीट अविनाश साब्ले पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए रविवार को एयरटेल दिल्ली हॉफ मैराथन के 16वें संस्करण में भारतीयों में विजेता बन गए। अविनाश 60 मिनट 30 सेकेंड में दौड़ पूरी कर भारतीयों में विजेता बने और उन्हें ओवरआल 10वां स्थान मिला। इसके साथ ही उन्होंने कालीदास निरावे का 63 मिनट 46 सेकेंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। ईनाम के रुप में उन्हें साढ़े तीन लाख रुपये के अलावा एक लाख रुपये रिकॉर्ड बोनस के तौर पर दिए गए। अविनाश ने कहा कि राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना सुखद है। दिल्ली हॉफ मैराथन से मुझे अगले साल होने वाले टोक्यो ओलंपिक की तैयारी में मदद मिलेगी।

### बेलिहू और किस्सा का सर्वश्रेष्ठ समय

बेलिहू और किस्सा ने अपना निजी सर्वश्रेष्ठ समय निकाला। पुरुष वर्ग में आठ धावकों ने 60 मिनट से कम का समय और तीन धावकों ने 59 मिनट से कम का समय लिया। तीन धावकों ने 20 किलोमीटर की दूरी को लगभग 56 मिनट में पार किया लेकिन इसके बाद वालेलेगन ने गजब का फर्राटा लगाया और बेलिहू को अंतिम क्षणों में पीछे छोड़कर खिताब अपने नाम किया। वालेलेगन ने 58:53 मिनट में फिनिश लाइन पार की जो इस साल का तीसरा सबसे तेज समय है। बेलिहू ने 58:54 मिनट में दूसरा और यूगांडा के स्टीफन किस्सा ने 58:56 मिनट में तीसरा स्थान हासिल किया।

# सिडनी में भारत ने लगाई हार की हैट्रिक

## ऑस्ट्रेलिया ने दिया था 390 रनों का विशाल लक्ष्य, महज 338 रनों पर ढेर हुए भारतीय शेर

- टीम इंडिया के हाथ से फिसली सीरीज

**सिडनी, एजेंसी।** करिश्माई बल्लेबाज स्टीवन स्मिथ (104) के लगातार दूसरे तूफानी शतक और सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (83), आरोन फिंच (60), मार्नस लाबुशेन (70) तथा ग्लेन मैक्सवेल (नाबाद 63) के अर्धशतकों से ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरे वनडे में रविवार को एकतरफा अंदाज में 51 रन से हराकर तीन मैचों में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली।

ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में चार विकेट पर 389 रन का विशाल स्कोर बनाया जो भारत के खिलाफ वनडे में उसका सर्वाधिक स्कोर है। विशाल लक्ष्य के दबाव में भारतीय टीम 50 ओवर में नौ विकेट पर 338 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया ने पहला वनडे 374 रन बनाकर 66 रन से जीता था।

ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 की अपराजेय बढ़त बनाकर भारत से पिछली घरेलू सीरीज में 1-2 की हार का बदला चुका लिया। भारत ने पिछले दौरे में वनडे सीरीज में सिडनी में मैच गंवाया था और इस दौरे में सिडनी में उसने लगातार दो मैच गंवाए जिससे उसे सिडनी में हार की हैट्रिक का सामना करना पड़ा।

### इंग्लैंड को पछाड़ दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया को इस जीत से 10 अंक हासिल हुए और वह आईसीसी वर्ल्ड कप सुपर लीग में पांच मैचों में 40 अंकों के साथ इंग्लैंड को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। इंग्लैंड के खाते में छह मैचों से 30 अंक हैं। भारत का अभी खाता नहीं खुला है।



भारत की तरफ से अपना 250वां वनडे खेल रहे कप्तान विराट कोहली ने 87 गेंदों में सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 89 रन बनाये और अपने 44वें शतक से 11 रन दूर रह गए। हालांकि, अपनी इस पारी से भारतीय कप्तान ने तीनों फॉर्मेट में 22 हजार रन पूरे करने की उपलब्धि हासिल कर ली। विराट यह कारनामा करने वाले दुनिया के आठवें खिलाड़ी बन गए हैं।

लोकेश राहुल ने 66 गेंदों पर 76 रन में चार चौके और पांच छक्के उड़ाए। मयंक अग्रवाल और शिखर ने अच्छी शुरुआत के बाद अपने विकेट गंवाए। मयंक ने 26 गेंदों में चार चौकों की मदद से 28 रन, शिखर ने 23 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 30 रन, श्रेयस अय्यर ने 36 गेंदों में पांच चौकों के सहारे 38 रन, हार्दिक पांड्या ने 31 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से 28 रन तथा रवींद्र जडेजा ने 11 गेंदों में एक चौके और दो छक्कों की मदद से 24 रन बनाये।

# विराट ने पूरे किये तीनों फॉर्मेट में 22 हजार रन

- वनडे क्रिकेट में 250 मैच की उपलब्धि



**सिडनी, एजेंसी।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने एकदिवसीय क्रिकेट में 250 मैच पूरे कर लिए हैं और यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह आठवें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। विराट के इसके साथ ही तीनों फॉर्मेट में 22 हजार रन भी पूरे हो गए हैं।

विराट ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में यह उपलब्धि हासिल की। विराट ने इस मुकाबले में 89 रन बनाये और अब वह वनडे में 12 हजार रन पूरे करने की उपलब्धि हासिल करने से 23 रन दूर रह गए हैं। विराट के 250 मैचों 59.29 के औसत से 11977 रन हो गए हैं जिसमें 43 शतक और 59 अर्धशतक शामिल हैं। इस सीरीज के शुरू होने से पहले विराट के तीनों फॉर्मेट में कुल 416 मैचों से 21901 रन थे। विराट के तीनों फॉर्मेट में रनों की कुल संख्या 418 मैचों में 22011 रन हो गई है। विराट ने टेस्ट में 7240 रन, वनडे में 11977 और टी-20 में 2794 रन बनाये हैं। वह तीनों फॉर्मेट में 22 हजार रन पूरे करने वाले आठवें खिलाड़ी बन गए हैं। विराट वनडे में 250 मैच पूरे करने वाले वह आठवें भारतीय खिलाड़ी बने हैं। भारत में इससे पहले तक सचिन, महेंद्र सिंह धोनी, राहुल द्रविड़, मोहम्मद अजहरुद्दीन, सौरभ गांगुली, युवराज सिंह और अनिल कुंबले ने 250 या उससे अधिक वनडे खेले हैं।

# फिलिप्स के तूफान में उड़ गया विंडीज

- सीरीज में न्यूजीलैंड की 2-0 से अजेय बढ़त

**माउंट मौंगानुई, एजेंसी।** ग्लेन फिलिप्स (108) की विस्फोटक पारी और कॉन्वे (नाबाद 65) रन की पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरे टी-20 मुकाबले में रविवार को 72 रनों से पछाड़कर तीन मैचों की टी-20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली।

न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए फिलिप्स और कॉन्वे की विस्फोटक पारियों और दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 184 रन की विशाल साझेदारी की बदौलत 20 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन का स्कोर बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विंडीज की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 166 रन ही बना सकी। फिलिप्स ने 51 गेंदों में 108 रन की पारी में 10 चौके और आठ छक्के जड़े जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

टॉस हारकर न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसके तीन विकेट 60 रन पर ही गिर गए। कोई भी बड़ी साझेदारी नहीं होने के कारण विंडीज को करारी हार का सामना करना पड़ा। वेस्टइंडीज की तरफ से पोलार्ड ने 15 गेंदों में चार छक्कों की मदद से सर्वाधिक 28 रन, शिमरॉन हेत्मायेर ने 25, आंद्रे फ्लेचर ने 20 और फेबियन एलेन ने 15 रन बनाए।

### सबसे तेज शतकधारी बने ग्लेन फिलिप्स

**माउंट मौंगानुई।** ग्लेन फिलिप्स न्यूजीलैंड के लिए टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक जड़ने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। फिलिप्स ने 51 गेंदों में 108 रन बनाए, जिसकी बदौलत न्यूजीलैंड ने विंडीज को दूसरे मैच में 72 रन से हराकर तीन मैचों की टी-20 सीरीज में 2-0 अजेय बढ़त हासिल की। इससे पहले कॉलिन मुनरो ने विंडीज के खिलाफ 2018 में इसी मैदान में 47 गेंदों में शतक ठोका था।

# मैच के दौरान वार्नर चोटिल, कराया स्कैन

- अंतिम वनडे में वार्नर का खेलना संदिग्ध



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाजी डेविड वार्नर रविवार को भारत के खिलाफ दूसरे वनडे मैच के दौरान फील्डिंग करते हुए चोटिल हो गए और उनका स्कैन कराया गया है।

भारत की पारी के चौथे ओवर के दौरान शिखर धवन ने मिड ऑफ में गेंद को हिट किया, जिसे रोकने के दौरान वार्नर को कमर में चोट लग गई। दर्द में कराहते हुए वह टीम फीजियो और ग्लेन मैक्सवेल के सहारे मैदान से बाहर चले गए।

उनकी चोट कितनी गंभीर है इसका पता स्कैन रिपोर्ट के आने पर पता चलेगा, लेकिन जिस तरह वह मैदान से बाहर गए उसे देखते हुए उनका दो दिसंबर को होने वाले तीसरे और आखिरी वनडे में खेलना संदिग्ध लग रहा है।

ऑस्ट्रेलिया मैथ्यू वेड को सीमित ओवरों की टीम में शामिल कर सकता है लेकिन टीम मैनेजमेंट को उम्मीद है कि वार्नर की चोट 17 दिसंबर से शुरु हो रही चार मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले ठीक हो जाएगी। वार्नर ने इस मैच में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 77 गेंदों में सात चौकों और तीन छक्के की मदद से 83 रन बनाए।

# कम इक्विटी के बावजूद निफ्टी को दी मात

- तीन साल की अवधि में दिये बेहतर रिटर्न

**नई दिल्ली।** एडलवाइज बैलेंस एडवान्टेज फंड ने एक चौथाई एसेट डेट में लगाने के बावजूद एक साल और तीन साल की अवधि में निफ्टी से बेहतर रिटर्न देकर अपना लोहा मनवाया।

शुद्ध इक्विटी फंड की तुलना में तीन-चौथाई जोखिम उठाने के बावजूद बाजार के तमाम दौर में नियमित और बेहतर जोखिम समायोजित रिटर्न की क्षमता इसे मूल इक्विटी पोर्टफोलियो के लिए उपयुक्त दावेदार बनाता है, हालांकि, निफ्टी के साथ तुलना सीधी नहीं बैठती, अपने इक्विटी निवेश का 80 फीसदी से ज्यादा राशि लार्जकैप शेयरों में निवेश करने वाले फंड की तुलना निफ्टी से करना बढ़िया विकल्प है।

बाजार की तेजी के दौरान यह फंड इंडेक्स पर 65-70 फीसदी तक की पकड़ बना सकता है और बाजार में उथल-पुथल के समय यह घाटे को बाजार की गिरावट के 70-75 फीसदी तक समेटने के योग्य है. यह खूबी मध्यम जोखिम उठाने वाले निवेशकों के लिए अच्छा है। एक साल, तीन साल और पांच साल की अवधि में फंड का प्रदर्शन संतोषजनक रहा है। एक साल की अवधि में शानदार प्रदर्शन तीन और पांच साल की अवधि में इसका प्रदर्शन उत्कृष्ट है।

### इक्विटी में हिस्सेदारी कम

तेजी के बाजार में फंड इक्विटी फंडों की तुलना में कमजोर प्रदर्शन करता है, क्योंकि इक्विटी में इसकी हिस्सेदारी कम रहती है। हालांकि, इस तरह के सुस्त प्रदर्शन की भरपाई लंबी अवधि में हो जाती है, क्योंकि फंड अस्थिरता के दौरान बेहतर प्रदर्शन करता है जैसा की पिछले दो सालों में देखा गया है और कोविड-19 के दौरान आई गिरावट को इसी करीब से समझा गया। डेट में हिस्सेदारी से फंड को संकट से बेहतर तरीके से उबरने में मदद मिली।

# नॉटलेस टिशु क्लोज़र डिवाइस 'ट्रूबार्ब' लॉच

- सर्जनों को होगा एक अलग अनुभव

**नई दिल्ली।** हेल्दियम मेडटेक ने रविवार को त्रिकोणीय एंड स्टॉपर के साथ अपना पहला नॉटलेस टिशु क्लोज़र डिवाइस 'ट्रूबार्ब' लॉच करने की घोषणा की, जो सर्जनों के लिए टांके लगाने के अनुभव को पुनः परिभाषित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

हेल्दियम ग्रुप के सीईओ अनिश बाफना ने बताया कि हम एक बड़ी भारतीय कंपनी के तौर पर लगातार नवाचार की कोशिश कर रहे हैं, जिससे न सिर्फ सर्जन के लिए निपुणता, सुरक्षितता और आसानी में वृद्धि हो, बल्कि इसके साथ ही मरीज़ों की सुरक्षा और परिणामों में भी बढ़ोतरी हो। भारत और अमेरिका में हमारे पास 55 पेटेंट हैं और ट्रूशील्ड, देश के पहले एंटी माइक्रोबियल ग्लब्ज़, श्योरस्टिच पहला मेनिस्काल रिपेयर डिवाइस जिसका डिज़ाइन और निर्माण यहां किया गया और अब ट्रूबार्ब, पहली बार त्रिकोणीय एंड स्टॉपर एक पारंपरिक लूप, इन सभी उत्पादों को हमने लॉच किया है। ग्राहकों को सेवा उपलब्ध कराने और एक भारतीय ब्रांड का चयन करने के लिए एक और बड़ी वजह है।



गुवाहाटी में रविवार को असमिया फिल्मों की अभिनेत्री बरशा रानी लं 'ब्रू बोक्स' रेस्तरां का उद्घाटन किया।

आर्थिक और वाहन बिक्री के आंकड़ों का भी बाजार पर रहेगा असर, कोरोना वैक्सीन पर भी निवेशकों की नजर

# आरबीआई की बैठक के नतीजे तय करेंगे बाजार की दिशा

- छोटी व मझौली कंपनियों को हुआ अधिक लाभ

**मुंबई।** बीते सप्ताह निवेशकों का रुझान कमोबेश सकारात्मक रहा, जिससे घरेलू शेयर बाजार में साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई।

निवेशक अगले सप्ताह बाजार में निवेश करने से पहले भारतीय रिजर्व बैंक की बैठक के नतीजे, वाहन बिक्री के आंकड़ों,कोरोना वायरस कोविड-19 संक्रमण के दैनिक मामलों और कोरोना वैक्सीन से जुड़ी खबरों पर नजर बनाये रखेंगे।

बीते सप्ताह शेयर बाजार में साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई और इस दौरान बीएसई का सेंसेक्स 267.47 अंक यानी 0.61 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त के साथ 44,149.72 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 109.90 अंक यानी 0.85 प्रतिशत उछलकर 12,968.95 अंक पर पहुंच गया।

समीक्षाधीन अवधि में दिग्गज कंपनियों की अपेक्षा मंझोली और छोटी कंपनियों को अधिक लाभ हुआ। निवेशकों ने पूरे सप्ताह के दौरान छोटी और मंझोली कंपनियों में जमकर पैसा लगाया। जिससे बीएसई का मिडकैप 478.15 अंक यानी 2.91 प्रतिशत बढ़कर 16,914.65 अंक पर पहुंच गया। स्मॉलकैप भी 692.60 अंक यानी 4.28 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,875.15 अंक पर पहुंच गया।

विषलेषकों के अनुसार अगले सप्ताह आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक होनी है, जिसके परिणाम चार दिसंबर को सामने आएंगे। इसके अलावा 30 नवंबर से एक दिसंबर तक तेल निर्यातक देशों के संगठन ओपेक की बैठक होनी है, जिसका प्रभाव शेयर बाजार पर रहेगा।

### सोमवार को अवकाश मंगलवार से सामान्य होगा कारोबार

बाजार विश्लेषकों का कहना है कि विदेशी संस्थागत निवेशकों के रुझान, कच्चे तेल की कीमतें, रुपये की चाल और शुक्रवार को जारी आर्थिक आंकड़ों का असर भी शेयर बाजार पर दिखेगा। अगले सप्ताह सोमवार को गुरुनानक जयंती के अवसर पर शेयर बाजार में कारोबार बंद रहेगा इसलिए मंगलवार से बाजार में सामान्य कारोबार शुरु होना है।



# विदेशी मुद्रा भंडार आठवें सप्ताह बढ़ा

**मुंबई।** देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार आठवें सप्ताह तेजी दर्ज की गई और 20 नवंबर को समाप्त सप्ताह में यह ढाई अरब डॉलर अधिक बढ़कर 575 अरब डॉलर के पार पहुंच गया।

आरबीआई के अनुसार एक सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.52 अरब डॉलर बढ़कर रिकॉर्ड 575.29 अरब डॉलर हो गया। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार आठवें सप्ताह तेजी दर्ज की गई है। स्वर्ण भंडार हालांकि 33.90 करोड़ डॉलर घटकर 36.01 अरब डॉलर हो गया।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.90 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.68 अरब डॉलर हो गई, जबकि विशेष आहरण अधिकार 40 लाख डॉलर बढ़कर 1.49 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# रोपोसो का वीएलसीसी फेमिना मिस इंडिया-2020 में सहयोग

- सोशल मीडिया पार्टनर बन निभाएगा अहम भूमिका

**नई दिल्ली।** भारत में शॉर्ट वीडियो के सबसे बड़े प्लेटफार्म रोपोसो ने वीएलसीसी फेमिना मिस इंडिया-2020 के आयोजन में सहयोग की घोषणा की है। इस आयोजन के सह-प्रायोजक होने के अलावा, रोपोसो इसके एक्सक्लूसिव सोशल वीडियो पार्टनर के तौर पर ऑडिशन प्रक्रिया में बेहद अहम भूमिका निभाएगा।

रोपोसो के स्वामित्व वाली कंपनी ग्लांस के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर विकास चौधरी ने बताया कि इस साल पहली बार वीएलसीसी फेमिना मिस इंडिया-2020 कार्यक्रम का ऑनलाइन आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के ऑडिशन के लिए आवेदन की प्रक्रिया को रोपोसो पर पूरा किया गया। इस सौंदर्य-स्पर्धा में भाग लेने के लिए, सभी इच्छुक प्रतिभागियों के लिए इस प्लेटफ़ॉर्म पर कम-से-कम तीन वीडियो बनाना आवश्यक था। ऑडिशन प्रक्रिया की मेजबानी कर रोपोसो ने फेमिना मिस इंडिया को टियर-1 और टियर-2 शहरों के दायरे से परे पहुंचा दिया है और इस प्रतिस्पर्धा में पूरे देश की भागीदारी को बढ़ावा दिया है। विकास ने कहा कि फेमिना मिस इंडिया के साथ इस साझेदारी से हम बेहद उत्साहित हैं। हमारा मिशन भारत और वास्तव में पूरी दुनिया की प्रतिभाओं को लोगों के सामने लाने के लिए सबसे भरोसेमंद प्लेटफ़ॉर्म बनना है।

## सारसुर्खियां

### गजनी में आत्मघाती विस्फोट, 27 की मौत

**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान के गजनी शहर में रविवार को सैन्य अड्डे में आत्मघाती कार विस्फोट में मरने वालों संख्या बढ़कर 27 तक पहुंच गई है, जबकि 17 लोग घायल हो गए हैं। इससे पहले गजनी में एक अस्पताल के प्रमुख बाज मोहम्मद हेम्मत ने कहा था कि इस विस्फोट में 21 जवानो की मौत हो गई है। प्रांतीय गवर्नर वाहिदुल्ला जुमज़ादा के एक प्रवक्ता ने बताया है कि एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भी कार में विस्फोट कर उसे उड़ा दिया था।

### लंदन में 60 गिरफ्तार

**लंदन।** वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के प्रकोप के कारण ब्रिटेन की राजधानी लंदन में सरकार की तरफ से लगाए गए लॉकडाउन के खिलाफ प्रदर्शन में पुलिस ने शनिवार को 60 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। कोरोनो महामारी से संबंधित प्रतिबंधों के खिलाफ अपना विरोध जताने के लिए लंदन के मध्य इलाके में सड़कों पर सैकड़ों लोग एकत्रित हो गए थे और इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारी पुलिस अधिकारियों से भिड़ भी गए।


### आंद्रेज आइसोलेट

**ब्रेलग्रेड।** क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेनकोविक ने पत्नी के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि के बाद एक सप्ताह से अधिक समय के लिए 'सेल्फ आइसोलेशन' में रहेंगे। प्रधानमंत्री की पत्नी को बुखार होने के बाद जांच की गई, जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। प्लेनकोविक ने भी अपनी जांच करवाई, हालांकि उनकी रिपोर्ट नेगेटिव है। उन्होंने ऐहतियात के तौर पर अगले 10 दिनों के लिए 'सेल्फ आइसोलेशन' पर रहने का निर्णय लिया है।

### कार्डिनल की नियुक्ति

**रोम।** कैथोलिक चर्च के इतिहास में पहली बार शीर्ष पद पर एक अफ्रीकी अमेरिकी की नियुक्त की गई है। पोप फ्रांसिस ने कैथोलिक चर्च के शीर्ष पदों पर अफ्रीकी अमेरिकी व्यक्ति विल्टन ग्रेगरी समेत 12 अन्य नये कार्डिनलों की नियुक्ति की है। वेटिकन के सेंट पीटर्स बेसिलिका में शनिवार को आयोजित समारोह में पोप फ्रांसिस ने 13 नए कार्डिनलों की नियुक्ति की।

# विश्व में कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 6.22 करोड़ पार



**वाशिंगटन, एजेंसी।** विश्व भर में कोरोना वायरस से संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या 6.22 करोड़ से अधिक हो गई है और इस महामारी से अब तक 14.52 लाख से ज्यादा लोगों की मौत भी हो चुकी है।

अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केंद्र के अनुसार विश्व के 191 देशों में कोरोना वायरस से अब तक 62,246,665 लोग संक्रमित हुए हैं और 1,452,430 लोगों की मौत हुई है। कोरोना से सबसे अधिक प्रभावित अमेरिका में अब तक 1.32 करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं और 266,063 मरीजों की मौत हुई है।

भारत में पिछले 24 घंटों में 41,810 नए मामले सामने आए हैं। जिससे कुल संक्रमितों की संख्या 93.92 लाख के पार पहुंच गई। वहीं, स्वस्थ होने वालों की संख्या 88 लाख से अधिक हो गई है। 984 और मरीजों की मौत के साथ ही मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 1,36,696 हो गया है। ब्राजील में कोरोना संक्रमितों के मामले में तीसरे स्थान पर और इससे मुक्ति पाने और मृतकों के आंकड़े में दूसरे स्थान पर है। इस देश में कोरोना वायरस की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या 62.90 लाख से पार हो गयी है जबकि 172,561 लोगों की मौत हो चुकी हैं। फ्रांस में करीब 22.60 लाख लोग प्रभावित हैं और 52,212 मरीजों की मौत हो चुकी है। रूस में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या 22.23 लाख को पार कर गई है और अब तक 38,676 लोगों की मौत हो गई है। स्पेन में अब तक 16.28 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 44,668 लोगों की मौत हुई है। ब्रिटेन में 16.09 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 58,127 लोगों की मौत हो चुकी है। यूरोपीय देश इटली में करीब 15.64 लाख लोग संक्रमित हुए हैं तथा 54,363 लोगों की मौत हुई है। अर्जेंटीना में 14.13 लाख से अधिक लोग प्रभावित तथा 38,322 की मौत हो चुकी है। कोलंबिया में अब तक 12.99 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 36,401 लोगों ने जान गंवाई है।

### रूस की राजधानी मास्कों में नौ हजार के करीब मौतें

**मास्कों।** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के प्रकोप से रूस की राजधानी मास्कों में पिछले 24 घंटों के दौरान 72 मरीजों की मौत से केवल राजधानी में मरने वालों की संख्या नौ हजार के करीब पहुंच कर 8,828 पर पहुंच हो गई है। शहर के कोरोना वायरस प्रतिक्रिया केंद्र ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस से शहर में और 72 लोगों की मौत हो गई है जो कोरोना वायरस के साथ नमोनिया से भी ग्रसित हो गए थे। इससे एक दिन पहले मास्कों में 76 लोगों की जान गई थी।



### इंडोनेशिया में 180 डॉक्टरों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में कोरोना महामारी से अब तक 180 डॉक्टर अपनी जान गंवा चुके हैं। इंडोनिशियन मेडिकल एसोसिएशन के मुताबिक इनमें 92 जनरल प्रैक्टिशनर, 86 विशेषज्ञ और दो आवासीय डॉक्टर शामिल हैं। सबसे अधिक पूर्वी जावा में 38 और इसके बाद जकार्ता में 27, उत्तरी सुमात्रा में 24, मध्य जावा मे 15 और पश्चिमी जावा में 12 डॉक्टरों की मौत हुई है।

इंडोनेशिया में कोरोना संक्रमण के अब तक 5,27,999 मामले सामने आये हैं और 4,41,983 मरीज स्वस्थ हुए हैं, जबकि 16,646 लोगों की इस बीमारी से मौत हो चुकी है।

# एफबीआई पर 750 लाख डॉलर का मुकदमा

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व विदेश नीति सलाहकार कार्टर पेज ने किया दायर

**• संवैधानिक अधिकारों के उल्लंघन का आरोप**

**वाशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व विदेश नीति सलाहकार कार्टर पेज ने संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के खिलाफ 750 लाख डालर का मुकदमा दायर किया है।

न्याय विभाग की एक्सिओस रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। एक्सिओस ने कहा कि एफबीआई के खिलाफ मुकदमा दायर किया गया है, जिसमें एफबीआई पर पेज के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। यह मुकदमा एफबीआई द्वारा विदेशी खुफिया निगरानी अधिनियम (एफआईएसए) के तहत पेज के इलेक्ट्रॉनिकली सर्वेक्षण में वारंट का उल्लंघन का भी संकेत है। पूर्व ब्रिटिश जासूस क्रिस्टोफर स्टील द्वारा संकलित एक डोजियर का इस्तेमाल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 2016 के अभियान के सहयोगी पेज के वारंट मिलने पर किया गया था। अक्टूबर में ट्रम्प-रूस की जांच कर रहे अमेरिकी सांसदों ने 94 पृष्ठ की विस्तृत स्प्रेडशीट की एक असंशोधित प्रतिलिपि की मांग की थी, जिसमें कथित तौर पर डोजियर में एफबीआई के विफल प्रयासों का विस्तार से वर्णन किया है।

### ट्रंप टीम करेगी चुनाव धोखाधड़ी में अपील

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनकी टीम पेन्सिलवेनिया में राष्ट्रपति चुनाव के दौरान हुई धोखाधड़ी मामले में अदालत के हाल के फैसले के खिलाफ अपील करेगी। ट्रंप ने कहा कि पेन्सिलवेनिया में मतपत्रों की धोखाधड़ी बहुत बड़ी है। धोखाधड़ी और अवैधता इस मामले का एक बड़ा हिस्सा है। दस्तावेज तैयार किये जा रहे हैं। हम अपील करेंगे। शुक्रवार को यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स फॉर द थर्ड सर्किट ने पेन्सिलवेनिया में तीन नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव के दौरान हुई कथित धोखाधड़ी मामले में ट्रंप की टीम की कानूनी चुनौती को खारिज कर दिया।



### संस्मरण लिखने की तैयारी में मेलानिया

**वाशिंगटन।** अमेरिका की पहली महिला मेलानिया ट्रंप व्हाइट हाउस में बिताये गये अपने दिनों के बारे में संस्मरण लिखने की योजना बना रही है। पेज सिक्स ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि मेलानिया अपने व्हाइट हाउस के दिनों का संस्मरण लिखने की तैयारी कर रही है और उनकी यह 'स्टोरी' एक बड़ी धनराशि अर्जित कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप स्वयं मेलानिया को किताब लिखने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

# फ्रांस में नए सुरक्षा कानून के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन

**• 37 से भी अधिक पुलिस कर्मी हमले में घायल**

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस में हाल ही में पारित नए सुरक्षा कानून के खिलाफ देशभर में हुए हिंसक प्रदर्शनों में कम से कम 37 पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं।

देश के गृह मंत्री गेराल्ड दरमानिन ने बताया कि शनिवार को देश में नए सुरक्षा कानून के खिलाफ हुए प्रदर्शनों में 37 पुलिसकर्मी घायल हो गए। शुरूआती आंकड़ों के अनुसार प्रदर्शनों के दौरान 37 पुलिसकर्मी तथा अन्य सुरक्षा बल घायल हो गए है। मैं एक बार फिर कानून प्रवर्तन के खिलाफ अस्वीकार्य हिंसा की निंदा करता हूं। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए और माना जा रहा है कि इस हिंसा के पीछे वामपंथी गुट अंतिफा का हाथ है। अंतिफा के सदस्य आमतौर पर काले रंग के कपड़े पहनते है और प्रदर्शनों के दौरान हल्के हथियार भी ले जाते हैं। माना जाता है कि यह संगठन पुलिस बल जैसे संस्थानों के विरोधी होते हैं और वे पुलिस के खिलाफ इस दंगे में हल्की आग्नेयास्त्रों का इस्तेमाल करते हैं।

इस नए कानून में दरअसल पुलिस अधिकारियों और जेंडरकर्मियों की छवियों को नुकसान पहुंचाने और उनके प्रसार करने के खिलाफ एक साल की सजा और 45,000 यूरो के जुर्माना का प्रावधान है। इस कानून को लेकर पत्रकारों में भी असहमति देखि गई हैं और पूरे देश में इसको लेकर चर्चाएं हो रही है।

# दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता खराब

**• एक्यूआई का स्तर 244 तक पहुंचा**

**नई दिल्ली।** राजधानी और राष्ट्रीय एनसीआर में रविवार को प्रदूषण बढ़ने से वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में पहुंची गई है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार रविवार को राजधानी दिल्ली में 11 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 244 पहुंच गया जो खराब श्रेणी में है। गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद के आसपास के शहरों में भी वायु गुणवत्ता का स्तर औसतन 240 से अधिक रहा। सुबह शहर का न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि सापेक्ष आर्द्रता 85 प्रतिशत के आसपास रही, जो धीमी हवा की गति के साथ प्रदूषण के कणों के फैलाव को रोकती है। वातावरण में इन कणों के एक साथ जमा होने के कारण प्रदूषण अधिक हो जाता है।

मौसम विभाग के अनुसार दिन में आसमान साफ रहने के आसार हैं, जबकि अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। दिल्ली में शनिवार शाम को वायु गुणवत्ता का स्तर औसत एक्यूआई 231 था। जबकि एनसीआर में कुछ स्थानों पर एक ही समय में 200 से भी कम था जो रविवार को बढ़ गया है। शनिवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। सोमवार सुबह कोहरे / धुंध छाए रहने के आसार है।

# स्कूलों और मदरसों के लिये 60 करोड़

**सहारनपुर।** जिले के सरकारी स्कूलों और मदरसों में 60 करोड की लागत से आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

डीएम अखिलेश सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत इन संस्थाओं का आधुनिकरण किया जाएगा। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी भरत लाल गौड के अनुसार जिले में मान्यता प्राप्त 708 मदरसे है। इनमें एक सरकारी है।

# नक्सलियों के हमले में एक जवान शहीद


**• घात लगा किया हमला सात जवान घायल**

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों के हमले में एक जवान शहीद हो गया और सात अन्य घायल हो गए।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि शनिवार देर रात पुलिस के संयुक्त दल पर नक्सलियों ने घात लगाकर हमला किया। घायल जवानों को देर रात ही एयरलिफ्ट कराके बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजा गया। रविवार तड़के नितिन भालेराव नाम का जवान इलाज के दौरान शहीद हो गया। पुलिस महानिरीक्षक के अनुसार शनिवार को चिंतागुफा और चिंतलनार बेसकेंप से कोबरा बटालियन, स्पेशल टास्क फोर्स और जिला रिजर्व पुलिस बल के जवान एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकले थे। रात को लौटते वक्त लभगभ नौ बजे चिंतागुफा थाना क्षेत्र में अरबराज मेट्टा पहाड़ियों के पास जब जवानों का दल पहुंचा। घात लगाए नक्सलियों ने बारुदी सुरंग विस्फोट किया, जिसमें आठ जवान घायल हो गए। जवान नितिन भालेराव की स्थिति गंभीर थी। घायलों को चिंतलनार अस्पताल पहुंचाया गया। उसके बाद सभी जवानों को देर रात एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए रायपुर रवाना किया गया, जहां उपचार के दौरान आज तड़के भालेराव शहीद हो गए। शहीद जवान नितिन भालेराव महाराष्ट्र के नासिक जिले के मूल निवासी हैं।

# 'बच्चन पांडे' में गैंगस्टर बनेंगे अक्षय


**बॉलीवुड हलचल**



**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार आने वाली फिल्म 'बच्चन पांडे' में गैंगस्टर का किरदार निभाते नजर आएंगे।

अक्षय की यह फिल्म साउथ स्टार अजीत की फिल्म 'वीरम' का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा कृति सैनन और अरशद वारसी की भी अहम भूमिका होगी। फिल्म का निर्देशन फरहाद सामजी करेंगे और यह एक एक्शन कॉमेडी फिल्म होगी। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने फिल्म बच्चन पांडे में अक्षय कुमार, कृति सेनन और अरशद वारसी के रोल्स से पर्दा हटा दिया है। तरण ने ट्वीट कर बताया है कि अक्षय इस फिल्म में एक गैंगस्टर बने हैं, जो एक्टर बनना चाहता है। कृति सेनन एक पत्रकार के किरदार में होंगी, जो डायरेक्टर बनना चाहती है। वहीं, अरशद वारसी, अक्षय कुमार के दोस्त का किरदार निभाएंगे। बच्चन पांडे की शूटिंग जनवरी 2021 में शुरू होगी और मार्च 2021 तक चलेगी. फिल्म जैसलमेर में शूट होगी।

### 'शिकारा' गर्ल को सर्वश्रेष्ठ नवोदित अभिनेत्री का पुरस्कार




**जम्मू।** फिल्म 'शिकारा' से बॉलीवुड में एंट्री में करने वाली सादिया खातीब को मुंबई में आयोजित एक समारोह में सर्वश्रेष्ठ नवोदित अभिनेत्री के खिताब से नवाजा गया है। सादिया को 24 नवंबर की रात मुंबई में आयोजित दादा साहेब फाल्के आइकॉन अर्वाड समारोह में सर्वश्रेष्ठ नवोदित अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। सादिया ने विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म शिकारा से बॉलीवुड में कदम रखा है। यह फिल्म 90 के दशक में कश्मीर पंडितों के कश्मीर घाटी से पलायन पर आधारित है। सादिया जम्मू-कश्मीर में डोडा जिला के भदेरवाह की निवासी हैं।

# फिल्म 'अश्वत्थामा' में काम करेंगी सारा अली!



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान आने वाली फिल्म 'अश्वत्थामा' में विक्की कौशल के साथ काम करती नजर आ सकती है। फिल्म उरी दा सर्जिकल स्ट्राइक के निर्देशक आदित्य धर ने फिल्म 'अश्वत्थामा' बनाने का ऐलान किया है। इस फिल्म में विक्की कौशल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे और वही अभिनेत्री के रूप में सारा अली खान को फाइनल करने की बात कही जा रही है।

इस फिल्म की शूटिंग अगले साल अप्रैल में शुरू होने की संभावना है जो पीरियड वॉर फिल्म होगी। यह महाभारत के पौराणिक किरदार अश्वत्थामा पर आधारित रहेगी। सारा अली खान इन दिनों अपनी फिल्म कुली नंबर वन के प्रमोशन में व्यस्त हैं जो 25 दिसंबर को रिलीज होने जा रही है।

# लद्दाख में यौन उत्पीड़न रोकने को समिति गठित

**जम्मू।** लद्दाख में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों की जांच के लिए एक समिति का गठन किया गया है, ताकि महिलाएं खुद को अधिक सुरक्षित महसूस कर सकें।

लद्दाख के सामान्य प्रशासन विभाग के आयुक्त/सचिव अजीत कुमार साहू की तरफ से जारी आदेश के आधार पर कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम 2013 के अंतर्गत शिकायत समिति का गठन किया गया है। आदेश में कहा गया है कि समिति प्रशासन को यौन उत्पीड़न से संबंधित प्राप्त शिकायतों को लेकर रिपोर्ट सामान्य प्रशासन विभाग को सौपेंगी। आदेश के अनुसार लद्दाख में सभी प्रशसनिक सचिव अपने-अपने संबंधित विभागों में इसी तरह की समितियों का गठन करेंगे।

### कर्नाटक में भी लव जिहाद पर विधेयक

**मंगलुरु।** भाजपा के कर्नाटक प्रदेशाध्यक्ष नलीन कुमार कटील ने रविवार को कहा है कि भाजपा अगले विधानसभा सत्र में 'लव जिहाद' विधेयक पेश करने का प्रयास करेगी। सरकार गौ हत्या प्रतिबंध विधेयक को फिर से पेश करेगी।




पटना में रविवार को एनसीसी दिवस समारोह में नेवी शिप की प्रदर्शनी लगाए कैडेट्स। एजेंसी

## भाजपा का आरोप, किसानों की आड़ में आम आदमी पार्टी सेंक रही है सियासी रोटियां, दिल्ली की स्थिति गंभीर

# दिल्ली में 'आप की रसोई' से उठ रहा सियासी धुंआ

**• चरम पर पहुंच रहा किसानों का हटयोग**

अभिमन्यु पाण्डेय

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तीन बॉर्डर और बुराड़ी का निरंकारी मैदान इन दिनों किसान आंदोलन का मैदान बने हुए हैं। जहां किसान और पुलिस के जवान लगातार एक दूसरे के आमने सामने हैं। किसानों का हठयोग पूरी तरह चरम पर है, दिल्ली की स्थिति गम्भीर होती जा रही है। धीरे-धीरे दिल्ली रोज़मर्रा की आवश्यक वस्तुओं की अल्पता और जाम की भेंट चढ़ती जा रही है।

किसान आंदोलन को लेकर भाजपा और आप आमने-सामने हैं। बुराड़ी के निरंकारी मैदान में आंदोलनकारी किसानों के लिए आप नेताओं द्वारा चलाई जा रही 'आप की रसोई' पर निशाना साधते हुए भाजपा विधायक ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि महामारी के दौरान केजरीवाल सरकार जिस तरह खुद को किसान हितैषी दिखाकर राजनीति कर रही है,वह इस सरकार की दोहरी मानसिकता और मौकापरस्ती को दर्शाता है। जो सरकार चंद दिनों पहले छट पूजा पर रोक लगाए और शादियों में मेहमानों की संख्या 200 से घटा कर 50 कर दे। अंधाधुंध पैसा विज्ञापनों पर खर्च करके दिल्ली में कोरोना कंट्रोल पर अपनी नाकामी छुपाने की कोशिश में लगी हो, उसी केजरीवाल सरकार ने किसानों को समझाने की बजाय उन्हें निरंकारी मैदान में तमाम व्यवस्थाएं देकर अपने फायदे के लिए उन्हें खतरे में डाल दिया है। इतनी भीड़ में न सोशल डिस्टनसिंग का पालन हो पा रहा है और न ही लोगों ने मास्क पहने हैं। इतना ही नहीं किसानों के ज़रिए अपनी राजनीति चमकाने के लिए आप नेताओं ने अपने अपने समर्थकों संग वहां और भी भीड़ बढ़ा दी है। वहीं, आप नेता व ईडीएमसी नेता प्रतिपक्ष मनोज त्यागी ने इसे भाजपा की खिसियाहट बताते हुए कहा कि केजरीवाल सरकार किसानों के साथ है। हम लोग भोजन पानी की तमाम व्यवस्था लगातार मुहैय्या कराएंगे।

### किसानों की आड़ में राजनीति की खोज

केंद्र की मोदी सरकार ने किसानों के हित के लिए जो किया वो पिछले 70 सालों में कभी नहीं हुआ है, लेकिन कांग्रेस और आप ने अपनी राजनीति के लिए किसानों को वर्गला कर ये छलावा किया है। केंद्र सरकार लगातार किसानों से शांति की अपील करते हुए बातचीत को तैयार भी है, फिर समस्या कहां है? किसानों की आड़ में ये लोग राजनीति के जो रास्ते खोज रहे हैं,वो आने वाले समय में इनके लिए ही दुखदाई साबित होंगे। दिल्ली को लंदन बनाने का वादा करने वाले केजरीवाल दिल्ली को जिस प्रकार जाम, मंहगाई ,प्रदर्शन और संक्रमण की भेंट चढ़ा रहे हैं, उसका हिसाब दिल्ली भविष्य में करेगी।



उत्तराखंड लाइव



आज ही के दिन 1731 में बीजिंग में भूकंप से लगभग एक लाख लोग मरे थे।

# पाखंडों और अंधविश्वास के सख्त विरोधी थे गुरू नानक




योगेश कुमार गोयल

गुरू नानक जयंती प्रतिवर्ष कार्तिक मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है, लेकिन यह कारण अभी तक ज्ञात नहीं है कि उनकी जयंती किसी एक निर्धारित तिथि को न मनाकर कार्तिक मास की पूर्णिमा को ही क्यों मनाई जाती है? गुरू नानक जयंती को 'प्रकाश पर्व' भी कहा जाता है और इस बार प्रकाश पर्व की विशेषता यह है कि गुरू नानक का यह 550वां प्रकाश पर्व है और गुरू नानक जयंती मनाने के लिए देशभर के गुरुद्वारों में विशेष तैयारियां की गई हैं।

सिख धर्म के आदि संस्थापक गुरू नानक देव का जन्म तलवंडी (जो भारत-पाक बंटवारे के समय पाकिस्तान में चला गया) में सन 1469 में हुआ था। गुरू नानक देव सिखों के पहले गुरू हुए हैं, जो न केवल सिखों में, बल्कि अन्य धर्मों के लोगों में भी उतने ही सम्माननीय रहे हैं। गुरू नानक जब मात्र पांच वर्ष के थे, तभी धार्मिक और आध्यात्मिक वार्ताओं में गहन रूचि लेने लगे थे। अपने साथियों के साथ बैठकर वे परमात्मा का कीर्तन करते और जब अकेले होते तो घंटों कीर्तन में मग्न रहते। वे दिखावे से कोसों दूर रहते हुए यथार्थ में जीते थे। जिस कार्य में उन्हें दिखावे अथवा प्रदर्शन का अहसास होता, वे उसकी वास्तविकता जानकर विभिन्न सारगर्भित तर्कों द्वारा उसका खंडन करने की कोशिश करते। नानक जब 9 वर्ष के हुए तो उनके पिता कालूचंद खत्री, जो पटवारी थे और खेती-बाड़ी का कार्य भी करते थे, ने उनका यज्ञोपवीत संस्कार कराने के लिए पुरोहित को बुलाया। जब पुरोहित ने यज्ञोपवीत पहनाने के लिए नानक के गले की ओर हाथ बढ़ाया तो नानक ने पुरोहित का हाथ पकड़ लिया और पूछने लगे कि आप यह क्या कर रहे हैं और इससे क्या लाभ होगा?

पुरोहित ने कहा- बेटे, यह जनेऊ है। इसे पहनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसे पहने बिना मनुष्य शूद्र की श्रेणी में रहता है। तब नानक ने पुरोहित से पूछा कि यह सूत का बना जनेऊ मनुष्य को मोक्ष कैसे दिला सकता है? मनुष्य का अंत होने पर जनेऊ तो उसके साथ परलोक में नहीं जाता। नानक के इन शब्दों से वहां उपस्थित सभी व्यक्ति बेहद प्रभावित हुए। अंततः पुरोहित को कहना ही पड़ा कि तुम सत्य कह रहे हो, वास्तव में हम अंधविश्वासों में डूबे हुए हैं।



19 वर्ष की आयु में नानक का विवाह गुरदासपुर के मूलचंद खत्री की पुत्री सुलखनी के साथ हुआ, किंतु धार्मिक प्रवृत्ति के नानक को गृहस्थाश्रम रास न आया और वे सांसारिक मायाजाल से दूर रहने का प्रयास करने लगे। यह देखकर इनके पिता ने इन्हें व्यवसाय में लगाना चाहा, किंतु इसमें भी नानक का मन न लगा। एक बार नानक के पिता ने इन्हें कोई काम-धंधा शुरू करने के लिए कुछ धन दिया, लेकिन नानक ने सारा धन साधु-संतों और जरूरतमंदों में बांट दिया और एक दिन घर का त्याग कर परमात्मा की खोज में निकल पड़े।

गुरू नानक पाखंडों के घोर विरोधी थे और उनकी यात्राओं का वास्तविक उद्देश्य लोगों को परमात्मा का ज्ञान कराना, किंतु बाह्य आडंबरों एवं पाखंडों से दूर रखना ही था।

एक बार ऐसी ही यात्रा करते हुए जब गुरू नानक हरिद्वार पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बहुत से लोग गंगा में स्नान करते समय अपनी अंजुली में पानी भर-भरकर पूर्व दिशा की ओर उलट रहे हैं। उन्होंने विचार किया कि ये लोग किसी अंधविश्वास के कारण ही यह सब कर रहे हैं।

**551वीं गुरू नानक जयंती (30 नवंबर) पर विशेष**

तब उन्होंने लोगों को वास्तविकता का बोध कराने के उद्देश्य से अपनी अंजुली में पानी भर-भरकर पश्चिम दिशा की ओर उलटना शुरू कर दिया।

कुछ लोगों ने उन्हें काफी देर तक इसी प्रकार पश्चिम दिशा की ओर पानी उलटते देखा तो उन्होंने गुरू नानक से पूछ ही लिया कि भाई तुम कौन हो और किस जाति के हो तथा पश्चिम दिशा में जल देने का तुम्हारा क्या अभिप्राय है?

**नानक बोले कि पहले आप लोग बताएं कि आप पूर्व दिशा में पानी क्यों दे रहे हैं?**

लोगों ने कहा कि हम अपने पूर्वजों को जल अर्पित कर रहे हैं, ताकि उनकी प्यासी आत्मा को तृप्ति मिल सके।

तुम्हारे पूर्वज हैं कहां?''

''वे परलोक में हैं, लेकिन तुम पश्चिम दिशा में किसे पानी दे रहे हो?''

''यहां से थोड़ी दूर मेरे खेत हैं। मैं यहां से अपने उन खेतों में ही पानी दे रहा हूं।'' गुरू नानक बोले।

''खेतों में पानी ...!'' लोग आश्चर्य में पड़ गए और पूछने लगे कि पानी खेतों में कहां जा रहा है? यह तो वापस गंगा में ही जा रहा है और यहां पानी देने से आपके खेतों में पानी जा भी कैसे सकता है?

''अगर यह पानी नजदीक में ही मेरे खेतों तक नहीं पहुंच सकता तो इस तरह आप द्वारा दिया जा रहा जल इतनी दूर आपके पूर्वजों तक कैसे पहुंच सकता है?'' गुरू नानक ने उनसे पूछा।

लोगों को अपनी गलती का अहसास हो गया और वे गुरू नानक के चरणों में गिरकर उनसे प्रार्थना करने लगे कि उन्हें सही मार्ग दिखलाएं, जिससे उन्हें परमात्मा की प्राप्ति हो सके।

'एक पिता एकस के हम बारिक' नामक उनका सिद्धांत समाज में ऊंच-नीच और अमीर-गरीब के भेद को मिटाता है। गुरू नानक छोटे-बड़े का भेद मिटाना चाहते थे। उन्होंने निम्न कुल के समझे जाने वाले लोगों को सदैव उच्च स्थान दिलाने के लिए प्रयास किया। गुरू नानक सदैव मानवता के लिए जिए और जीवनपर्यंत शोषितों व पीड़ितों के लिए संघर्षरत रहे। उनकी वाणी को लोगों ने परमात्मा की वाणी माना और इसीलिए उनकी यही वाणी उनके उपदेश एवं शिक्षाएं बन गई। ये उपदेश किसी व्यक्ति विशेष, समाज, संप्रदाय अथवा राष्ट्र के लिए ही नहीं, बल्कि चराचर जगत एवं समस्त मानव जाति के लिए उपयोगी हैं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार तथा कई पुस्तकों के लेखक हैं। इनकी इसी वर्ष 'जीव जंतुओं का अनोखा संसार' तथा 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं।)**

## सिखों का गुरु पर्व और हिंदुओं की कार्तिक पूर्णिमा

ओमप्रकाश उनियाल

सामाजिक समरसता व एकता बनाए रखने, सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास, आडंबरों का विरोध करने, निस्वार्थ भाव से परोपकार करने, नियमित ईश्वर स्मरण करने, अहंकार, क्रोध, लालच से दूर रहने, नारी का सम्मान करने जैसी विचारधारा उसी की होती है, जिसके हृदय में आध्यात्मिकता जागृत होती है। ऐसे ही भाव सिख पंथ की नींव रखने वाले आध्यात्मिक गुरु श्री गुरुनानक देव के समाज के प्रति थे। वे केवल धर्म और समाज सुधारक ही नहीं, अपितु एक दार्शनिक भी थे। इसकी झलक उनके द्वारा गुरुग्रंथ साहिब में लिखी गुरुवाणी में साफ झलकती है।

गुरु नानक जी का जन्म 15 अप्रैल 1469 को वर्तमान पाकिस्तान के पंजाब प्रांत तलवंडी गांव में हुआ था और मृत्यु 22 सितंबर 1539 में करतारपुर में हुई थी। उसके बाद से उनकी स्मृति में प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा को सिख समुदाय द्वारा प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। इसे मनाने का मूल उद्देश्य उनके उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाना है। इस अवसर पर कुछ दिन पहले से रोज प्रातः (अमृत बेला) में अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभात-फेरी निकाली जाती है, गुरुद्वारे सजाए जाते हैं। गुरु पर्व वाले दिन गुरुद्वारों में गुरुवाणी का पाठ, शबद कीर्तन व लंगर का आयोजन किया जाता है। हर तरफ हर्षोल्लास का माहौल होता है। बेशक आज समाज का विषैला वातावरण जनमानस को हानि पहुंचा रहा है, लेकिन नानक देव जी के संदेश व उपदेश समाज के पथ-प्रदर्शक बने हुए हैं। हिंदू धर्म के हिसाब से कार्तिक पूर्णिमा दीपावली के पंद्रह दिन बाद आती है। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष में होती है। इसे देव दीपावली के नाम से भी जाता है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन गंगा स्नान, पूजा-पाठ, हवन व दान करना पुण्य माना जाता है।

## कविता



### प्यारा उत्तराखंड

सुंदर, प्यारा, सबसे न्यारा
उत्तराखंड आंखों का तारा
साफ हवा स्वच्छ पानी इसमें
महके चिड़िया, खिले फूल
खुशबू बिखरे आंगन सारा
चहुंओर फैली हरियाली
ऊंचे-ऊंचे पर्वतों की माला
कलकल झरझर करती नदिया
मधुबनी जंगल, नयनाभिराम बन
सूरज लुका -छिपी कर
दिखाए लाली
जीवन सरिता संगीत कव्वाली
मुकुट हिमालय शीष धर
जल संचय कर पाती
अपने अद्भुत दृश्यों से
देश-दुनिया को लुभाती
चारों धाम, पवित्र नदियां इधर
यूं देवभूमि कहलाती
आध्यत्म, योग, दर्शन जिधर
वो उत्तराखंड जानी जाती।

**प्रेम प्रकाश उपाध्याय 'नेचुरल'**

# न्याय की देवी हैं कोटगाड़ी कोकिला माता

भास्कर समाचार सेवा

देवभूमि उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में पाखू नामक स्थान पर प्राचीन कोकिला माता का मंदिर स्थित है। इसे कोटगाड़ी के नाम से भी पुकारा जाता है। यह स्थान थल से 12 किलोमीटर दूर है। घने जंगलों के बीच में यह सुंदर प्राचीन मंदिर सैकड़ों घंटियों से सुसज्जित है। कहते है कि यहां कभी चोरी नहीं होती है।

कोकिला माता न्याय की देवी मानी जाती हैं। इनकी विशेषता यह है कि फरियादी अगर सच्चा है तो उसकी न्याय पाने की गुहार पर देवी मां तुरंत फैसला ले लेती है। अन्यायी को अवश्य प्राकृतिक रूप से दंडित कर देती हैं। जिन असहाय लोगों के पास अदालती सबूत व गवाह अथवा खर्चा नहीं होता है, वे देवी की शरण में आकर मौखिक या लिखित अपनी बात पेश करते हैं। इस मंदिर की देवी के प्रताप की महिमा पूरे कुमाऊं प्रखंड में विश्वसनीयता के साथ मानी जाती है। इसलिए कोटगाड़ी का नाम लेते ही अन्यायी पक्ष भयभीत हो जाता है। ये मंदिर अनोखी सौगात है उनके भक्तो के लिए। यहां आने वाले भक्तों की हर मनोकामना इस दरबार से पूर्ण होती है। जो लोग साक्षात मंदिर में नहीं आ पाते हैं, वे पत्रों के माध्यम से भी अपनी प्रार्थना माता तक पहुंचाते हैं।

इसके बाद जब मन्नत पूरी हो जाती है तो अटूट भक्ति भाव से यहां सिर झुकाने आते हैं। कोकिला कोटगाड़ी देवी न्याय की देवी के रूप में विख्यात है। जब न्याय की उम्मीद नही रह जाती है, तो कोटगाड़ी देवी की शरण में न्याय मिलता है। जिस प्रकार अंतिम न्याय सुप्रीम कोर्ट में मिलता है, उसी प्रकार जब सभी देवता कुछ विशेष परिस्थितियों में स्वयं को न्याय देने व फल प्रदान करने में असमर्थ मानते हैं तो ऐसी स्थिति में कोकिला कोटगाड़ी देवी न्याय देती है।




## शस्त्र के हमले से निकली खून की धारा

**लोक मान्यताओं के अनुसार किसी ग्वाले की सुंदर गाय इस शक्ति पर आकर अपना दूध स्वयं दुहाकर चली जाती थी। ग्वाले का परिवार बेहद अचंभे में रहता था कि आखिर इसका दूध कहां जाता है। इस प्रकार एक दिन ग्वाले की पत्नी ने चुपचाप गाय का पीछा किया। जब उसने यह दृश्य देखा तो धारदार शस्त्र से उस शक्ति पर वार कर डाला। इस प्रहार से तीन धाराएं खून की बह निकलीं, जो क्रमशः पाताल, स्वर्ग व पृथ्वी पर पहुंची। पृथ्वी पर खून की धारा प्रतीक स्वरूप यहां देखी जा सकती है। वार वाले स्थान पर आज भी कितना ही दूध अर्पित किया जाए, दूध शोषित हो जाता है। कालिया नाग मंदिर के दर्शन स्त्रियों के लिए अनिष्टकारी माने जाते हैं, जिसे श्राप का प्रभाव कहा जाता है। मंदिर के पास ही माता गंगा का एक पावन जल कुंड है। मान्यता है कि ब्रहम मुहूर्त में माता कोकिला इस जल से स्नान करती है। सच्चे श्रद्धालुओं को इस पहर में यहां पर माता के वाहन शेर के दर्शन होते हैं। इस प्रकार की एक नहीं, सैकड़ों दंत कथाएं इस शक्तिमयी देवी के बारे प्रचलित है, जो माता कोकिला के विशेष महात्मय को दर्शाती है। इस दरबार में माता कोकिला के साथ बाण मसूरिया, उडर, घशाण आदि अनेकों देवताओं की पूजा की जाती है।**

## जज को भी देनी पड़ी थी माता के दरबार में हाजिरी

आप यह समझने की भूल न करें कि किसी देवी मंदिर को सुप्रीम कोर्ट की मान्यता नहीं मिल सकती है। यह संभव है। एक ऐसी घटना इस दरबार में हुई थी, जब सुप्रीम कोर्ट के एक जज को मां के दरबार में सिर झुकाने आना पड़ा था।

बताते हैं कि आजादी के पहले अंग्रेजों के शासन काल में एक जज को मां के दरबार में एक कठिन यात्रा पूरी कर हाजिरी देने आना पड़ा था। बताया जाता है कि क्षेत्र के एक निर्दोष व्यक्ति को जब अदालतों से न्याय नहीं मिल सका तो बेहद आहत होकर वह व्यक्ति भगवती कोटगाड़ी मां कोकिला देवी के दरबार में न्याय की आस लिए आया।

मां का यह चमत्कार ही कहना पड़ेगा कि मां की शरण लेने के बाद संबंधित जज को अपना फैसला लेकर मां कोकिला देवी के दरबार में हाजिरी लगानी पड़ी थी एवं सबके सामने मां की शरण में आकर जज ने उस व्यक्ति के निर्दोष होने का फैसला सुनाया। मां भगवती कोटगाड़ी कोकिला देवी के चमत्कारों के ऐसे अनेको किस्से यहां प्रसिद्ध हैं। हिमालय के शक्ति पीठों में कोकिला माता का सिद्ध स्थान अनोखा है। कोटगाडी कोकिला देवी के भक्त उन्हें कोटवी, विश्वेश्वरी, सुगंधा, चंद्रिका, चंडिका, परमेश्वरी, सरस्वती वंदनीया, देवमाता, अभया प्रचंडा, प्रभा एवं नागमाता आदि नामों से पुकारते हैं। मां कोकिला देवी के शरण में जो आ जाता है, उसे संसार की कोई भी ताकत न्याय पाने से वंचित नहीं कर सकती है। ऐसा मनुष्यों के ही नहीं, देवताओ के साथ भी होता है। जब किन्हीं परिस्थितियों में देवी देवता भी दुविधा में होते हैं तो उन्हें भी मां कोकिला देवी की शरण में आना ही पड़ता है और मां उनका न्याय करती है।

एक प्राचीन कथा के अनुसार जब योगेश्वर भगवान कृष्ण ने बालपन में कालिया नाग का मर्दन किया और उसे जलाशय छोड़ने को कहा तो कालिया नाग व उसकी पत्नियों ने भगवान कृष्ण से क्षमा याचना कर प्रार्थना की कि हे प्रभु हमें ऐसा सुगन स्थान बताएं, जहां हम पूर्णतः सुरक्षित रह सकें। तब भगवान कृष्ण ने इसी कष्ट निवारिणी माता की शरण में कालिया नाग को भेजकर अभयदान प्रदान किया था।

कालिया नाग का प्राचीन मंदिर कोटगाड़ी से थोड़ी ही दूरी पर पर्वत की चोटी पर स्थित है, जिसे स्थानीय भाषा में काली नाग को डान कहते हैं। बताते हैं कि पर्वत की चोटी पर स्थित इस मंदिर को कभी भी गरुड़ आर-पार नहीं कर सकते। कोटगाड़ी माता की कालिया नाग पर इस मंदिर की शक्ति पर किसी शस्त्र के वार का गहरा निशान स्पष्ट रूप में दिखाई देता है।

# बोनपो मठों ने आज भी कायम रखा है करुणा और संवेदना का अर्थ

**कैलास पर्वत से बहुत दूर कोंग नामक स्थान पर तोंपा शेनरब से एकमात्र विपरीत एक दृष्ट राजा था जिसका नाम छापबा लक्रिंग था। उसने अपने क्षेत्र में रहने वाले लोगों के जीवन को नियंत्रित करके उन पर शासन किया हुआ था। जो लोग उसकी पूजा नहीं करते थे, वह उन्हें कष्ट व पीड़ा देता था और जो लोग उसके आगे अपने पशुओं की बलि देते थे एवं स्वर्ण व रत्न अर्पित करते थे, उन्हें पुरस्कृत करता था। केवल वही राक्षस उन लोगों को अनाज, औषधि एवं कपड़े प्रदान कर सकता था अतः किसी भी व्यक्ति के पास इतना अधिकार नहीं था कि वे इस बात का निर्णय ले सकें कि वे उस राक्षस का अनुगमन करना चाहते भी है या नहीं। जब छापबा लाक्रिंग ने यह जाना कि तोंपा शेनरब सच्चाई, उदारता एवं सौम्यता के मार्ग पर चलते हुए उसका प्रचार प्रसार कर रहा है तो उसे बहुत बुरा लगा, क्योंकि यदि लोग करुणा एवं उदारता को समझते हैं और सौम्यता पूर्वक एक दूसरे का आदर करते हैं उसकी वजह से समाज में डर व भय घटता जाता है, परंतु एक राक्षस राजा के लिए उसकी सबसे बड़ी शक्ति ही लोगों में व्याप्त डर व भय होता है। इसलिए छापबा लाक्रिंग को लगा कि कहीं वह अपना बल ना खो बैठे।**

भास्कर समाचार सेवा

हजारों वर्षों पहले तिब्बत में पर्वत के चारों ओर, जिसे कुछ तिब्बती लोग कांग तिसे और दूसरे कैलास या कांग रिपोचे के नाम से जानते थे, एक प्राचीन धर्म तेजी से फैल रहा था। इसका उद्देश्य अच्छे कर्मों व करुणा का विस्तार करना एवं लोगों के मस्तिष्क से अभिज्ञानता को पूर्ण रूप से मिटा देना था। प्राचीन समय में झांग झुंग ने अपने राज्य में सिल्क-रूट के विस्तृत मार्ग के ऊपर राज किया एवं उस राज्य में इस धर्म को 'बोन' के नाम से जाना गया। झांग झुंग के साम्राज्य में तोंपा शेरनब नामक एक अत्यंत करुणामयी राजकुमार का जन्म हुआ। उसके जन्म के समय से ही यह निर्धारित था कि वह बोनापो का अधिनायक बनेगा और उसने अपने आगमन के साथ ही लोगों के कष्ट दूर कर दिया। उसे यह ज्ञात था कि लोग अच्छी एवं दुष्ट आत्माओं के समक्ष जानवरों की बलि देते हैं और मरने से पहले की पशुओं की मिमियाने की ध्वनि के कारण उसका हृदय अत्यंत दुख से भर जाता था। अतः उसने लोगों को अपनी करुणा व संवेदनशीलता प्रदान करने का निश्चय किया। उसने कहा कि किसी जीवित भेड़ की बलि देने की बजाय एक आटे की बनी हुई भेड़ को अर्पित किया जाए, पशुओं का रक्त अर्पित करने की बजाय दूध अर्पित किया जाए। लोगों को इस बात के लिए तैयार करने के लिए उसे अत्यधिक धैर्य व समय लगा, परंतु थोड़े समय पश्चात लोगों को संवेदना व करुणा का महत्व समझ आया और वे उस राजकुमार के निर्णय का पालन करने के लिए राजी हो गए। इस प्रकार हिंसा व अनभिज्ञता के अंधकार से भरी हुई भूमि में राजकुमार तोंपा शेनरब एक प्रकाश स्तम्भ बन गये। दूसरी ओर अंधकार रूपी नकारात्मकता की उपासना करने वाले लोग भी उपस्थित थे। देवताओं, राक्षसों एवं राजाओं को लोगों की प्रशंसा की आवश्यकता होी है और वे लोगों के भीतर भय फैलाकर रखते हैं नहीं तो उनकी शक्ति क्षीण हो जाएगी। जो देवता करुणा व उदारता का प्रसार करते हैं और यदि लोग उनके उपदेशों पर विश्वास करते हैं तो वे देवता शक्तिशाली हो जाते हैं और इसी प्रकार जो दुष्ट आत्माएं डर व आक्रामकता का प्रसार करती है और लोग उनसे भयभीत रहते हैं तो व शक्तियां बलशाली हो जाती हैं।

कैलास पर्वत से बहुत दूर कोंग नामक स्थान पर तोंपा शेनरब से एकमात्र विपरीत एक दृष्ट राजा था जिसका नाम छापबा लक्रिंग था। उसने अपने क्षेत्र में रहने वाले लोगों के जीवन को नियंत्रित करके उन पर शासन किया हुआ था। जो लोग उसकी पूजा नहीं करते थे, वह उन्हें कष्ट व पीड़ा देता था और जो लोग उसके आगे अपने पशुओं की बलि देते थे एवं स्वर्ण व रत्न अर्पित करते थे, उन्हें पुरस्कृत करता था। केवल वही राक्षस उन लोगों को अनाज, औषधि एवं कपड़े प्रदान कर सकता था अतः किसी भी व्यक्ति के पास इतना अधिकार नहीं था कि वे इस बात का निर्णय ले सकें कि वे उस राक्षस का अनुगमन करना चाहते भी है या नहीं। जब छापबा लाक्रिंग ने यह जाना कि तोंपा शेनरब सच्चाई, उदारता एवं सौम्यता के मार्ग पर चलते हुए उसका प्रचार प्रसार कर रहा है तो उसे बहुत बुरा लगा, क्योंकि यदि लोग करुणा एवं उदारता को समझते हैं और सौम्यता पूर्वक एक दूसरे का आदर करते हैं उसकी वजह से समाज में डर व भय घटता जाता है, परंतु एक राक्षस राजा के लिए उसकी सबसे बड़ी शक्ति ही लोगों में व्याप्त डर व भय होता है। इसलिए छापबा लाक्रिंग को लगा कि कहीं वह अपना बल ना खो बैठे। अतः पह तोंपा शेरनब पर आक्रमण करने के उद्देश्य से कैलास पर्वत आया। तोंपा शेनरब के दिखाए हुए करुणामयी प्रकाश के मार्ग चलने से रोकने के लिए छापबा लाक्रिंग ने लोगों में अविश्वास, लालच, जलन, क्रोध, झूठ, हठ, अहंकार एवं आलस्य को फैलाया परंतु अब तक लोग तोंपा शेनरब की शिक्षा को समझ चुके थे अतः छापबा लाक्रिंग की एक भी चाल ना चल सकी।

तोंपा शेनरब का विनाश करने के लिए उसने राक्षसों की सेना तैयार की ओर उनका प्रभुत्व किया। वे राक्षस सदा ही बल व शक्ति के नशे में धुत्त रहते थे। जब उन राक्षसों ने तोंपा शेनरब पर आक्रमण किया तो उसने अपनी करुणा दर्शाते हुए उन्हें अपने ज्ञान से प्रभावित किया। जो राक्षस अब तक अहंकार ओर अनभिज्ञता में जीते थे, अपनी हार मानते हुए उन्होंने अपने हथियार भूमि पर रख दिये और गड़रिए और शांतिपूर्वक व्यापार करने वाले लोगों में बदल गए एवं तोंपा शेनरब के दिखाए हुए करुणामयी प्रकाश के मार्ग पर उसके साथ चलने के लिए उसके सहभागी बन गए। राक्षस राजा का क्रोध अभी भी समाप्त नहीं हुआ था एवं जिस प्रकार किसी सड़ी हुई मछली के इर्द-गिर्द मक्खियां भिनभिनाती रहती हैं, उसी प्रकार दुष्ट विचारों ने उसे चारों तरफ से घेरा हुआ था। जब तोंपा शनेरब लोगों में अधिक से अधिक करुणा व ज्ञान का प्रसार करने के उद्देश्य से छा प्रदेश में आया तो छापबा लाक्रिंग एक थके हुए यात्री के रूप में तोंपा शेनरब के तंबू घुसा और किसी महिला द्वारा एक कटोरा पानी पीने के लिए आग्रह करने लगा। इसी प्रकार एक माता-पुत्री में विरोध उत्पन्न करने के लिए माता के हृदय में संदेह उत्पन्न किया एवं पुत्री के दिमाग को क्रोध से भर दिया। चालाकी भरे शब्दों के बने जादुई धागे में उसने महिलाओं को फांसा और चालाकी से उन्हें अपने साथ ले गया।

जैसे ही तोंपा शेनरब अपने तंबू में वापस लौटा तो वहां सब कुछ खाली था। न ही कोई अग्नि प्रज्वलित थी, न ही पर्वूजों को अर्पण करने के लिए किसी प्रकार की अगरबत्ती जली हुई थी। तभी अचानक उसकी अनुमति के बिना एक हवा का झोंका उसे छूकर चला गया। तोंपा शेनरब का समझते देर ना लगी और वह छापबा लाक्रिंग के राज्य की ओर उड़ चला। उसके न्यायपूर्ण शब्द एवं करुणामयी प्रकाश ने उन दुष्ट विचारों एवं बुरे कर्मों को दूर कर दिया और उस राक्षस राजा के चुंगल में फंसी महिलाओं को छुड़ा लिया। जब वे सब वापस लौट रहे थे तो तोंपा शेनरब व वे महिलाएं रास्ते भर ये प्रार्थना करते जा रही थी कि छापबा लाक्रिंग अपनी दुष्टता छोड़ दे।

अनभिज्ञता हमेशा हठीली होती है। छापबा लाक्रिंग इस प्रकार का मनुष्य था, जो अपनी आंखों की अपनी ही हथेलियों से बंद करके पर्वत के चारों और दौड़ लगाना चाहता था। युद्ध व लड़ाई उसे सुख प्रदान करती थी, जिससे उसे शक्ति मिलती थी और उसी शक्ति के बल पर वह जीता था। अतः वह तोंपा शेनरब के क्षेत्र के घोड़ों के अस्तबल में घुस आया और सात सुंदर घोड़ों को चुराकर गोंगबु नामक स्थान की ओर उड़ गया।

अब तक तोंपा शेनरब को यह ज्ञात हो चुका था कि जब तक वह छापबा लाक्रिंग का पाठ नहीं पढ़ाएगा तब तक यह लड़ाई समाप्त नहीं हो सकती। अतः उसने छापबा लाक्रिंग के छुपने वाले स्थान की ओर प्रस्थान किया। छापबा लाक्रिंग को गोंगबु की ओर आते हुए राजकुमार का प्रकाशमयी आगमन दिखायी पड़ा। तभी उसने उन घोड़ों को विशाल पेड़ों में बदल डाला और स्वयं उन विशाल पेड़ों के जंगलों में छुप गया। जैसे ही छापबा लाक्रिंग के झूठ का पर्दाफाश हुआ सभी लोगों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया और ये सोच सोच के आश्चर्यचकित हो रहे थे कि कैसे उन पेड़ों की शक्ल में उन्हें घोड़े दिखाई दे रहे थे। हमेशा की तरह अंत में छापबा लाक्रिंग की पराजय हुई वह रोष के कारण गुर्राने लगा, जिसकी वजह से पूरा आकाश काला पड़ गया था। पूरी की पूरी घाटी इस प्रकार प्रतीत होने लगी, जैसे कुहासे के समंदर में मंथन हो रहा हो। दोबारा छापबा लाक्रिंग ने चालाकी से घोड़ों को चुरा लिया और उन्हें लाल रंग की विशाल चट्टानों के भीतर छुपा दिया और उसके ऊपर गहरा अंधेरा बिखेर दिया, ताकि किसी को कुछ भी दिखाई न पड़े।


तब तोंपा शेनरब ने ध्यानमग्न होकर स्वंय से प्रश्न किया, 'आखिर कब तक कोई धैर्य संचित रख सकता है? यद्यपि तोंपा शेनरब के चमकीले प्रकाश ने छापबा लाक्रिंग को अंधा कर दिया था, परंतु फिर भी उसने स्वयं को एक काले पर्वत में बदल दिया और तोंपा शेनरब के ऊपर छलांग लगा दी। तभी तोंपा शेनरब ने एक विशाल पर्वत का रूप धारण कर लिया जो कि शरीर व मस्तिष्क को आरोग्य कर देने की क्षमता रखता था और उस पर्वत को धीरे से ढक लिया, जो कि असल में छापबा लाक्रिंग था।जब छापबा लाक्रिंग को तोंपा शेनरब की उदारता एवं करुणा ने पूरी तरह से अपने भीतर ढक लिया तब छापबा लाक्रिंग ने बारिश की विशाल चट्ठानों का रूप धारण कर लिया जिसे तोंपा शेनरब ने अपने चमकीली तलवार से तितर बितर कर दिया। इस प्रकार एक-एक करके तोंपा शेनरब की करुणा केक आगे छापबा लाक्रिंग की पराजय होती रही और अंततः उसका संहार हो गया और वह बोनरी चिंबु नामक पवित्र पर्वत में बदल गया।

तिब्बत के लोगों ने देखा कि करुणा की शक्ति हाथियों की शक्ति से भी अधिक प्रबल होती है और सहिष्णुता व उदारता के आगे भय व अन्याय ज्यादा समय तक नहीं टिका रह सकता है। जबसे छापबा लाक्रिंग और तोपा शेनरब के बीच युद्ध हुआ है, तब से बहुत सारी दुष्ट ताकतों ने करुणा को पराजित करने का प्रयास किया है। आज भी तिब्बत में कई बोनपो मठ बनाए गए हैं, जिससे पूरे संसार में करुणा एवं उदारता व्याप्त है।

अन्तर्राष्ट्रीय सहज योग स्वर्ण जयंती वर्ष
स्वर्ण जयंती
१९७० - २०२०
आध्यात्मिक उत्थान के 50 वर्ष
परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी

# गुरु नानक और सहज योग
## प्रकाश दिवस के सुअवसर पर

सहज योग अंतर्राष्ट्रीय विश्व निर्मल धर्म





## परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी
### सहज योग संस्थापिका एवं
### कुण्डलिनी जागरण द्वारा आत्म–साक्षात्कार दात्री

### गुरु नानक – एक महान सतगुरु

सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी को गुरु नानक, गुरु नानक देव जी, बाबा नानक और नानकशाह के नाम से भी जाना जाता है और इन्ही ने सिख धर्म की स्थापना की थी । वे अपने अंदर दार्शनिक, समाजसुधारक, धर्मसुधारक, कवि, देशभक्त, योगी, गृहस्थ और विश्वबंधुत्व सभी के गुणों को समेटे हुए थे। इसीलिए इनके विचार न केवल सिख धर्म के लिए अपितु सभी धर्म के लोगों के लिए प्रेरणादायक हैं ।

गुरु नानक जी का जन्म १४६९ पंजाब के तलवंडी नामक स्थान पर एक किसान के घर हुआ था। वह बचपन से ही गंभीर प्रवृत्ति के थे। बाल्यकाल में जब उनके अन्य साथी खेल कूद में व्यस्त होते थे तो वह अपने नेत्र बंद कर चिंतन मनन में खो जाते थे। गुरु नानक जी का विवाह सन १४८५ में बटाला निवासी कन्या सुलक्खनी से हुआ। उनके दो पुत्र श्रीचन्द्र और लक्ष्मीचन्द थे। गुरु नानक के पिता ने उन्हें कृषि, व्यापार आदि में लगाना चाहा किन्तु यह सारे प्रयास नाकाम साबित हुए। यह देख उनके पिता कालू एवं माता तृप्ता चिंतित रहते थे। उनके पिता ने पंडित हरदयाल के पास उन्हें शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेजा लेकिन पंडितजी बालक नानक के प्रश्नों पर निरुत्तर हो जाते थे और उनके ज्ञान को देखकर समझ गए कि नानक को स्वयं ईश्वर ने पढ़ाकर संसार में भेजा है। नानक को मौलवी कुतुबुद्दीन के पास पढ़ने के लिए भेजा गया लेकिन वह भी नानक के प्रश्नों से निरुत्तर हो गए। नानक जी ने घर बार छोड़ दिया और दूर दूर के देशों में भ्रमण किया जिससे उपासना का सामान्य स्वरूप स्थिर करने में उन्हें बड़ी सहायता मिली। अंत में कबीरदास की 'निर्गुण उपासना' का प्रचार उन्होंने पंजाब में आरंभ किया और वे सिख संप्रदाय के आदिगुरु हुए।

उस जमाने में हिन्दुओं तथा मुसलमानों में काफी दूरियाँ थी। इस दूरी को दूर करने के लिए गुरु नानक ने हिन्दू तथा मुस्लिम धर्मों के युगानुकूल तथा सार्वभौमिक विचारों को लेकर उन्हें एकता का संदेश दिया। सर्वधर्म समभाव के समर्थक नानक जी ने वर्ष १४९९ से वर्ष १५२४ तक २५ वर्षों तक कई लम्बी तथा कष्टदायी यात्राएं कीं। अपनी इन यात्राओ के दौरान उन्होंने हिन्दू और मुस्लिम दोनों के धार्मिक स्थलों पर श्रद्धापूर्वक जाकर उस परम शक्ति को नमन किया, जिसे हम ईश्वर, अल्लाह, खुदा, वाहे गुरु, गॉड आदि अनेक नामों से पुकारते हैं।

इसीलिए गुरुग्रन्थ साहिब में मात्र सिख गुरुओं के ही उपदेश नहीं है, वरन ३० अन्य हिन्दू संत और मुस्लिम भक्तों की वाणी भी सम्मिलित है। इसमें जहां जयदेवजी और परमानंदजी जैसे ब्राह्मण भक्तों की वाणी है, वहीं जाति–पाति के आत्महंता भेदभाव से ग्रस्त तत्कालीन हिंदू समाज में हेय समझे जाने वाली जातियों के महापुरुषों जेसे कबीर, रविदास, नामदेव, धन्ना आदि की वाणी भी सम्मिलित है। पांचों वक्त नमाज पढ़ने में विश्वास रखने वाले शेख फरीद के श्लोक भी गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज हैं।

गुरु नानक देव जी ने जात–पात को समाप्त करने और सभी को समान दृष्टि से देखने की दिशा में कदम उठाते हुए 'लंगर' की प्रथा शुरू की थी। लंगर में सब छोटे–बड़े, अमीर–गरीब एक ही पंक्ति में बैठकर भोजन करते हैं। आज भी गुरुद्वारों में उसी लंगर की व्यवस्था चल रही है, जहां हर समय हर किसी को भोजन उपलब्ध होता है। इस में सेवा और भक्ति का भाव मुख्य होता है।

**उनकी शिक्षाओं में मुख्यत: तीन बातें हैं:**

१. नाम जपो यानी प्रभु का स्मरण करो।
२. कीरत करो यानी गृहस्थ बन कर रोजगार में लगे रहो और ईमानदारी से कमाओ।
३. वंड छको अर्थात मिल बांट कर खाओ, जरूरतमंदों की मदद करो और अपनी आय का कुछ हिस्सा गरीब लोगों में बांटो।

वहीं उन्होंने अहंकार, क्रोध, लालच, भौतिक वस्तुओं से अत्यधिक लगाव और वासना से बचने की सलाह दी।

### गुरु नानक और सहज योग

सिख के मायने जीवन पर्यन्त एक छात्र की भांति सदैव अच्छी बातों को सीखने वाला व्यक्ति होता है। आइए, सच्चे सिख बनकर हम, अंधविश्वास और आडंबरों के कट्टर विरोधी, सिख धर्म के संस्थापक श्री गुरु नानक देव जी के ५५१ वें प्रकाश उत्सव के अवसर पर उनके विचारों को एक अलग इदृषिकोण से समझने का प्रयास करें।

मानव जीवन में अत्यधिक भौतिकता का प्रभाव बढ़ जाने के कारण मानव जीवन में दु:ख बढ़ते जा रहे हैं। आज जब लोग धर्म के असली तत्व एवं आध्यात्मिक जीवन को बहुत कम महत्व देते हैं, गुरु नानक जी की शिक्षा हमको वापिस अपनी आत्मा की ओर ले जा सकती है।

गुरुग्रंथसाहिब में बहुत से सूक्ष्म संकेतों के द्वारा सहज योग के बारे में बताया गया है। परंतु सिद्ध गोष्टी एवं प्राण सांगली में खुलकर सहज का वर्णन है। सिद्ध गोष्टी अर्थात सिद्धों के साथ वार्ता, गुरु नानक की हिन्दू नाथ पंथियों के साथ बातचीत है, जो हिमालय की गुफाओं में रहते थे। जबकि प्राण सांगली में लंका के राजा शिवनाभ के साथ वार्ता है।

'सहज' की अवधारणा में गुरु नानक की आध्यात्मिक सोच प्रमुख और महत्वपूर्ण है। लेकिन यह 'सहज' केवल कहने या मौखिक अभिव्यक्ति के साथ नहीं हो जाता है। यह एक वास्तविकता है, एक वास्तविक मानव स्थिति है, एक ठोस, व्यावहारिक मानव उपलब्धि है। गुरु नानक के विचार में सिख धर्म के लिए 'सहज' एक मुख्य सिद्धांत है जिस का तात्पर्य हुकम को स्वीकृत करना है। इस अर्थ में 'सहज' एक ऐसे व्यक्ति की आध्यात्मिक स्थिति होगी, जिसने ईश्वरीय इच्छा (हुकम, भाना, रज़ा) को स्वीकार किया है। इस प्रकार 'सहज' सिख धर्म में प्राप्प सर्वोच्च आध्यात्मिक स्थिति है। यह सर्वोच्च आनंद है।

गुरु नानक के साथ साथ 'सहज समाधि' शब्द का प्रयोग आमतौर पर सभी निर्गुण–सम्प्रदाय संत, कबीर, नामदेव, दादू और अन्य करते थे। गुरु नानक के कालखंड में महा सुख या जीवन मुक्ति 'सहज' अवस्था के रूप में प्राप्त करना ही सर्वश्रेष्ठ लक्ष्य समझा जाता था और इसी को बाबा नानक आंतरिक अनुशासन और दिव्य वास्तविकता से सीधे संपर्क की अनुभूति कहते हैं। जो साधक 'सहज' को प्राप्त होता है उस की दिव्य स्थिति कैसी होती है वह निम्नलिखित दोहों में स्पष्ट है–

**सहलजे ग्रिह महि सहजि उदासी।। सहजे दुबिधा तन की नासी ।।**
**जा के सहजि मनि भइआ अनंदु।। ता कउ भेटिआ परमानंदु ।।**
*(गुरबानी २३६–२३७ ।।५।।)*

**सहजे अम्रितु पीओ नामु।। सहजे कीनो जीअ को दानु ।।**
**सहज कथा महि आतमु रसिआ।। ता के संगि अबिनासी वसिआ।।**
*(गुरबानी २३७ ।।६।।)*

**सहजे आसणु असथिरु भाइआ।। सहजे अनहत सबदु वजाइआ ।।**
**सहजे रुण झुणकारु सुहाइआ।। ता कै घरि पारब्रहमु समाइआ।।**
*(गुरबानी २३७ ।।६।।)*

**सहजे जा कउ परिओ करमा।। सहजे गुरु भेटिओ सचु धरमा।।**
**जा के सहजु भइआ सो जाणै।। नानक दास ता कै कुरबाणै।।**
*(गुरबानी २३७ ।।६।।)*

**भावार्थ**

*जिस मनुष्य में आत्मा का प्रकाश या सहज अवस्था प्राप्त हो जातीहै, वह सभी कार्यों को सहज तरीके से करता है। उसके हृदय से मेरे तेरे का भेद नष्ट हो जाता है। वह हमेशा सहज ध्यान और आत्मा के आनंद में रहता है। ईश्वर प्रेम का अमृत पीता है, और दूसरों को भी सहज ध्यान का दान देता है । उसका सच्चा धर्म जागृत होता है। वह निर्विचार होकर, परमात्मा के साथ एक हो जाता है। नानक कहते हैं, ऐसी सहज अवस्था प्राप्त किए हुए व्यक्ति के लिए वे अपने प्राणों की आहुति देने को भी तैयार हैं।*

### गुरु नानक एवं मानव सूक्ष्म तंत्र

गुरु नानक ने धूप, कमल, शिव–शक्ती, त्रिकुटी, अनहद, बज्र–कपाट, इड़ा–पिंगला–सुषुम्ना शब्दों का प्रयोग किया है। निम्नलिखित कुछ दोहे हैं, जिनमें उन्होंने मानव के सूक्ष्म तंत्र का उल्लेख किया है और सुषुम्ना नाड़ी का जो मध्यम मार्ग है उसके बारे में तो कई बार लिखा है ।

**१. सुन निरंतर सहज समाधि तिह घर जाए तो मिटे उपाधि।**

सहज समाधि का तात्पर्य निरंतर शून्य में रहने से है, जो प्राणी वहां तक पहुंच जाता है उसके सारे कष्ट दूर हो जाते हैं।

**२. सुखमन महल करें जो डेरा। ताको भवजल बहर ना फेरा।।**

जो प्राणी सुषुम्ना नाड़ी में चला जाता है, वह अमर हो जाता है। उसे जन्म मरण में नहीं आना पड़ता। अर्थात मुक्ति का मार्ग सुषुम्ना से होकर ही जाता है।

**३. मेर दंड की विखमी बाट, गुरु बिन कौन बनावे बाट।**
**इसी घाटी जो उतरे कोय, ताको जन्म मरण ना होय।।**

सुषुम्ना का मार्ग बहुत दुर्गम है, इसे केवल गुरु ही बता सकता है और जो इस दुर्गम घाटी को पार कर लेता है उसका जन्म मरण का फेर समाप्त हो जाता है।

**४. गगन सरोवर कवल विगास। भंवरा उरझ रहीयो तिह वास।।**

सहस्रार खुलने पर कमल खिल जाता है तो प्राण रूपी भ्रमर उस में निवास करता है।

### सहज योग की प्राप्ति व अनुभव

गुरु ग्रन्थ साहिब में लिखा है:

**काहे रे बन खोजन जाई ।।**
**सरब निवासी सदा अलेपा तोही संगि समाई ।।१ ।।रहाउ ।।**
**पुहप मधि जिउ बासु बसतु है मुकर माहि जैसे छाई ।।**
**तैसे ही हरि बसे निरंतरि घट ही खोजहु भाई ।।**
**बाहरि भीतरि एको जानहु इह गुर गिआनु बताई ।।।।२।।१।।**
*(गुरबानी – ६८४)*

**अर्थात**

*हे मानव! तुझे प्रभु की खोज के लिए जंगलों में भटकने की क्या आवश्कता है पी तो सभी में निवास करता हुआ भी, सदा निर्लिप्त है । जिस तरह फूलों में सुगन्ध एवं दर्पण में हमारी परछाई छिपी है । उसी प्रकार वह परमात्मा भी तुम्हारे संग, तुम्हारे ही अंतर में छिपा हुआ है । उस परमात्मा की खोज भी अपने अंतर में ही करो । जो कुछ भी बाहरी जगत में कि हैं,जो आनंद हमें भौतिक जगत में प्राप्त होता है, उसका वास्तविक रूप तो हमारे ही आंतरिक जगत में छिपा हुआ है।*


अब प्रश्न उठता है यदि ईश्वर हमारे भीतर भी और बाहर भी विद्यमान है तो क्या उस से सम्बन्ध जोड़ा जा सकता है। हमने ईश्वर को कभी देखा नहीं है, केवल उसके बारे में सुना है। इस गहन एवं सूक्ष्म प्रश्न को सुलझाने के लिए परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी ने ५ मई १९७० को सहज योग की स्थापना की, जिस के माध्यम से विश्व के आध्यात्मिक इतिहास में यह पहली बार संभव हुआ है कि हम अपनी शुद्ध इच्छा से परमात्मा से एकाकारिता प्राप्त कर सकते हैं।

जब सुषुम्ना मार्ग के द्वारा कुंडलिनी जागृत होती है, तो वह चक्रों को पोषित करती हुई, हमें परमात्मा के दिव्य प्रेम की सर्वव्यापी शक्ति से जोड़ देती है और हमें सहज समाधी की स्थिति प्राप्त होती है, जिसका उल्लेख बार बार श्री गुरु ग्रन्थ साहिब में किया गया है । कुंडलिनी जागरण और चक्रों के पोषण का एक महत्वपूर्ण लाभ यह होगा कि व्यक्ति में एक आंतरिक संतुलन आएगा और वह स्वस्थ हो जाएगा। जब कुंडलिनी का जागरण होता है तो आप निर्विचार समाधि में चले जाते हैं तब आप अंदर से एकदम शांत हो जाते हैं।

सिख धर्म के उपदेशों का अंतिम उद्देश्य मन की सहज अवस्था को प्राप्त करना है। एक स्थिति जो पूर्ण संतुलन है, प्राकृतिक और सहज है। एक ऐसी स्थिति जिसमें ईश्वरीय इच्छा और हमारे कर्म एक–दूसरे के पूर्ण सामंजस्य में होते हैं। । हर धर्म के शास्त्नों में इस सत्य को अलग अलग तरह से परिभाषित कर, स्पष्ट किया गया है कि सुगम जीवन, अंतस की शांति और विश्व शांति के लिए मानव को आत्मसाक्षात्कार अथवा योग प्राप्त कर ही यह संभव है।

सिख धर्म की एक अनूठी विशेषता है, पवित्र शास्त्र गुरू ग्रन्थ साहिब का पालन और पूजा करना। लेकिन जैसा की ऊपर लिखे दोहों से स्पष्ट है कि परमात्मा को अपने अंदर ही खोजना है और सहज योग अपने अंतर को ईश्वर की सर्वव्यापी शक्ति से जोड़ने का एकमेव मार्ग है।

### सहज योग आज का महायोग



मानव का सूक्ष्म तंत्र

sahajayoga.org.in | sahajayogamumbai.org | nirmaldham.org | Toll Free 1800-2-700-800 | mbratan@gmail.com | Jhansi-98891 58145 | Dehradun-9412047547